संसेक्स 72,038.43 ▲ +701.63
डॉलर 83.314 ▲ +0.095

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 11.0 | 23.0 |
| धनबाद | 26.0 | 13.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 13.0 | 27.0 |
| पलामू | 26.0 | 12.0 | 25.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, पौष कृष्ण पक्ष 02, विक्रम संवत 2080 | रांची, गुरुवार, 28 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 321, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | घाटी में सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता ... 8 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | दो करोड़ दीदीयों को लखपति बनाने का ... 12 | देश/विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 60,000

चांदी (1 किलो) 81,000

## एक नजर

### एस चंद्रशेखर होंगे झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के उपरांत हाई कोर्ट के सीनियर जस्टिस एस. चंद्रशेखर को चीफ जस्टिस के कार्यालय का दायित्व सौंपा गया है। यह दायित्व 29 दिसंबर से प्रभावित होगा। इससे संबंधित नोटिफिकेशन मिनिस्ट्री आफ लॉ एंड जस्टिस, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के डिप्टी सेक्रेटरी नारायण प्रसाद की ओर से बुधवार को जारी किया गया है।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों पर गिरी गाज

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अफसरों पर गाज गिरी है। नीमडीह के तत्कालीन डेविड बलिहार पर मनरेगा में मानव दिवस जन की धीमी प्रगति, खर्च के प्रतिशत में कमी के साथ एमआईएस एंट्री व जॉब कार्डधारियों को रोजगार उपलब्ध कराने में भी कमी का आरोप है। इन आरोपों के कारण डेविड बलिहार को निंदन की सजा दी गई। जांच में यह बात सामने आयी कि लक्ष्य के विरुद्ध सिर्फ 31.31 प्रतिशत योजनाओं को पूर्ण किया गया है। इनके अलावा गोला के तत्कालीन बीडीओ पवन कुमार महतो पर सोलर लाइट, एलईडी स्ट्रीट लाइट व पानी टैंकर की खरीदारी में अनियमितता बरतने का आरोप है।

### पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**रांची।** गोंदा थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 130 पुडिया ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने बुधवार को बताया कि युवक की गिरफ्तारी सीसीएल गांधी नगर स्थित जूनियर डीएवी स्कूल के पास से हुई। युवक का नाम प्रशांत है।

### इजरायली दूतावास के समीप धमाका, सीसीटीवी में दो संदिग्ध दिखे

**नई दिल्ली।** चाणक्यपुरी में इजरायली दूतावास के समीप हुए धमाके की जांच कर रही एजेंसियों को सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध दिखे हैं। साथ ही इजरायली राजदूत के नाम धमकी भरा पत्र भी मिला है। इसके बाद दूतावास के आसपास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मंगलवार को शाम पांच बजे इजरायली दूतावास के पीछे विस्फोट हुआ था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने घटना की जानकारी दिल्ली पुलिस को दी। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था।

### सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत

# माइनिंग लीज अलॉटमेंट मामले में पीआईएल खारिज






**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके रिश्तेदारों के नाम पर माइनिंग लीज अलॉट करने के मामले की जांच की मांग को लेकर दायर पीआईएल खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आरटीआई कार्यकर्ता और एडवोकेट सुनील कुमार महतो की ओर से दायर की इस पीआईएल पर पिछले महीने के 29 नवंबर को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को इस मामले में आया कोर्ट का फैसला सीएम सोरेन के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। सनद रहे कि इस याचिका पर हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं हेमंत सोरेन के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने दलील दी थी कि इसी तरह के समान मामले में शिव शंकर शर्मा एवं अन्य की जनहित याचिका में सीएम हेमंत सोरेन एवं अन्य के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट के खंडपीठ द्वारा पारित आदेश को पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। इस याचिका में पुनः उसी बात को उठाया जाना उचित नहीं है। इसे निरस्त कर दिया जाना चाहिए।

इस पर प्रार्थी सुनील कुमार महतो की ओर से दलील पेश करते हुए अधिवक्ता राजीव कुमार और विशाल कुमार ने कहा था कि यह केस शिव शंकर शर्मा की निरस्त हुई याचिका से अलग है। शिव शंकर शर्मा की याचिका में केवल सीएम के नाम पर खनन लीज आवंटन का विषय था, जबकि इस याचिका में सीएम की पत्नी और साली को इंडस्ट्रियल एरिया में जमीन देने से जुड़े विषय उठाए गए हैं।

बता दें कि सुनील महतो की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खान विभाग का मंत्री रहते हुए संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है। उन्होंने स्वयं के लिए रांची के अनगड़ा में माइनिंग लीज तो आवंटित कराया ही, पत्नी कल्पना मुर्मू और साली सरला मुर्मू की फर्म को भी लीज आवंटित कराया। उन्होंने इस मामले में संबंधित प्राधिकार से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके रिश्तेदारों की जांच कर कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया था लेकिन किसी संबंधित प्राधिकार ने कार्रवाई नहीं की।

# अयोध्या में पीएम का रोड शो 30 को मठ-मंदिरों ने कर रखी है खास तैयारी



**एजेंसी। अयोध्या**

22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले अयोध्या उल्लासमय हो चुकी है। लेकिन उसके पहले 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या को हजारों करोड़ों की परियोजनाओं का उपहार देंगे। वर्षों तक विकास का अभाव झेलने वाली अयोध्या को अब विकास के इस नए सोपान का साक्षी बनने के लिए 30 दिसंबर 2023 की पावन तिथि का इंतजार है। त्रेतायुगीन वैभव से सजी रामनगरी में पीएम मोदी के आगमन को लेकर अयोध्या व आसपास के जनपदों में भी गजब का उल्लास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत को लेकर मठ-मंदिरों ने भी खास तैयारी कर रखी है।

पीएम के स्वागत को लेकर आसपास के जनपद के लोग भी अयोध्या आएंगे। मोदी-योगी के मार्गदर्शन में अयोध्या दिव्य-भव्य के साथ नव्य भी हो चुकी है। 30 को भी विकास योजनाओं का उपहार अयोध्या को मिलेगा। लिहाजा हम सभी मोदी-योगी के स्वागत को बेताब हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित रोड शो को लेकर अयोध्या के प्रमुख मठ मंदिरों ने भी खास तैयारी कर रखी है। अयोध्या के प्रमुख संत राजकुमार दास ने बताया कि साधु-संत भी पीएम पर पुष्पवर्षा करेंगे। पुष्पवर्षा के लिए गुलाब, गेंदा के फूल आसपास के जिलों से भी आ रहे हैं। रोड शो के प्रस्तावित मार्ग पर घरों की साज-सज्जा में भी पुष्पों की विशेष व्यवस्था की जा रही है। वहीं यहां के बच्चों में भी कौतूहल है। बाल स्वरूप में नजर आने वाले बच्चे भी अपनी अलग तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे भी पीएम मोदी का अलग अंदाज में स्वागत करने की तैयारी करने को बेताब हैं।

# राहुल मणिपुर से मुंबई तक निकालेंगे 'भारत न्याय यात्रा-02

**6200 किमी की यात्रा, 14 राज्यों, 85 जिलों से होती हुई 20 मार्च को समाप्त होगी**

**इससे पहले राहुल ने कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक 12 राज्यों से होकर 4,500 किमी की यात्रा की थी**




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब कांग्रेस 'भारत न्याय यात्रा-02' निकालने जा रही है। यात्रा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जाएगी। राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से यह यात्रा शुरू करेंगे और 20 मार्च को मुंबई में यात्रा पूरी करेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह जानकारी दी। रमेश ने कहा कि यह यात्रा 6,200 किलोमीटर की होगी। इसमें 14 राज्यों के 85 जिलों से होते हुए 20 मार्च को इस यात्रा का समापन मुंबई में होगा। पूर्व से पश्चिम तक निकाली जाने वाली यह भारत न्याय यात्रा-02 देश के लोगों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए होगी।

यही यात्रा का मुख्य मुद्दा भी होगा। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि 21 दिसंबर को कांग्रेस कार्यसमिति ने राय दी थी कि राहुल गांधी को पूर्व से पश्चिम तक यात्रा शुरू करनी चाहिए। 14 जनवरी को इंफाल से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भारत न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि पहले चरण में राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्यों में लगभग 4,500 किलोमीटर की यात्रा की थी। इस बार वह 14 राज्यों को कवर करते हुए 6,200 किलोमीटर की यात्रा करेंगे।

### यहां से गुजरेगी भारत न्याय यात्रा

जयराम रमेश ने कहा कि भारत न्याय यात्रा-02 मणिपुर, नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगी। भारत न्याय यात्रा ज्यादातर बस से की जाएगी, हालांकि यात्रा के दौरान हर दिन पदयात्रा भी निकाली जाएगी।

# पंजाब से एमपी तक घना कोहरा, 7 घंटे तक विलंब से चल रहीं 25 ट्रेनें

### नए वर्ष में राजधानी रांची में अच्छा रहेगा मौसम, 2-3 को बारिश के आसार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पहाड़ों में बर्फवारी का असर मैदानों में पसर गया है। पंजाब से मध्य प्रदेश और गुजरात से बंगाल-ओडिशा तक कोहरे की चादर और मोटी हो गई है। क्षेत्र विस्तार के साथ धुंध की अवधि भी बढ़ी है। कई राज्यों में धीमी हवा और वातावरण में नमी की अधिकता के चलते सुबह दस बजे तक सूर्य नहीं दिख रहा है। इधर झारखंड में नए वर्ष में मौसम अच्छा रहने का अनुमान जताया गया है। राजधानी रांची में तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने व आसमान में हल्का बादल छाये रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार दो से तीन जनवरी तक के बीच झारखंड में बारिश होने का आसार है। इधर उत्तर भारत से होकर गुजरने वाली ट्रेनें लगभग पांच से सात घंटे तक विलंब से चल रही हैं, इसका असर रांची में भी देखा जा रहा है। भारत मौसम विभाग का मानना है कि यह स्थिति अभी दो-तीन दिनों तक रहने वाली है। हालांकि, कोहरे की सघनता में धीरे-धीरे कमी आती जाएगी। दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई स्थानों में मंगलवार की रात से ही घना कोहरा छाया हुआ था। पूरा इलाका कोहरे से ढक गया। कई जगहों पर दृश्यता शून्य पर पहुंच गई है।

# 24 घंटे के अंदर अर्धसैन्य बल के 2 जवानों ने खुद को गोलियों से उड़ाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड में अर्धसैनिक बलों के जवानों की खुदकुशी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान अर्धसैनिक बल के दो जवानों ने खुद को गोली मारकर जान ले ली। इस साल अब तक ऐसी सात घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जबकि पिछले तीन सालों में कम से कम 17 जवानों ने खुद की जिंदगियां खत्म कर ली हैं। बुधवार दोपहर रांची जिले के खलारी थाना क्षेत्र के एनके एरिया स्थित सीआईएसएफ कैंप में एक जवान ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। उसके साथी उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जवान की पहचान बीएन वर्मा के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के फरुखाबाद के रहने वाले थे। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके पहले मंगलवार को बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत रहावन स्थित सीआरपीएफ के कैंप में 26वीं बटालियन के जवान रामबाबू राय ने अपनी ही रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। रामबाबू झारखंड के रामगढ़ जिले के भदानी नगर के रहने वाले थे। मालूम हो कि इसके पहले भी लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

(संबंधित खबर पेज 4 पर)

### लातेहार में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम, बोले सीएम

# दिल्ली के रिमोट से नहीं, जनता की राय से चल रही हमारी सरकार

**■ 400 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन, परिसंपत्तियों का भी हुआ वितरण**

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य के तूफानी दौरे पर हैं। मंगलवार को चतरा के बाद वह बुधवार को लातेहार में थे। यहां सदर प्रखंड के कुंदरी गांव में बुधवार को राज्य सरकार की नीतियों व विकास कार्यों की चर्चा की साथ ही केंद्र सरकार औश्र विपक्ष की भूमिका पर सवाल खड़े किए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने इस दौरान लातेहार जिले में लगभग 400 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जबकि लाभुकों के बीच बड़ी संख्या में परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। सीएम ने कहा कि उन्होंने आम जनता से चुनाव के दौरान जो वादे किए थे, उन वादों को पूरा कर रहे हैं। हत्मारी सरकार दिल्ली के रिमोट कंट्रोल से नहीं बल्कि गांव की जनता के राय से चलती है। कहा, झारखंड सरकार ने पिछले चार वर्षों में राज्य के विकास के लिए कई ऐसे कार्य किए हैं जो दूसरे राज्यों के लिए भी उदाहरण बन गए हैं। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में एक भी ऐसा बुजुर्ग और विधवा नहीं है, जिन्हें पेंशन से वंचित रखा गया है। बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। झारखंड के गरीब और मेघावी बच्चे आज सरकार की मदद से विदेश में जाकर पढ़ाई पूरी कर रहे हैं और अच्छी नौकरी पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने आम जनता की सुविधा के लिए ग्राम गाड़ी योजना की शुरूआत की है, जिसके तहत ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

### सरकार कर रही मदद, लाभ लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वरोजगार के लिए सरकार मदद कर रही है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत विभिन्न तरह के छोटे व्यापार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके जरिए युवा अपने पसंद का व्यापार कर सकते हैं। हजारों युवाओं ने इस योजना का लाभ लिया और स्वरोजगार की ओर अग्रसर हुए हैं। कहा कि स्थानीय युवकों को स्थानीय उपक्रमों में 75 प्रतिशत से अधिक रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सभी जिला अधिकारियों को आदेश दिया गया है।

### बेहतर शिक्षा के लिए सरकार कर रही प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास कर रही है। बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर बनें, इसके लिए उन्हें प्रतियोगिता-परीक्षा की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेस को करने के लिए गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके तहत उन्हें 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें कोई गारंटी नहीं देनी होगी। सरकार इसके लिए गारंटर बनेगी। झारखंड के 50 बच्चे विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप सरकार दे रही है।

## इंडिया

# बजट पर्यटन का अछूता अनोखा स्थल झारखंड



सुनील बादल

***सदियों*** से झारखंड आकर्षण का केंद्र रहा है भीषण गर्मी, सीमित जगह या अपार्टमेंट संस्कृति में रचे बसे लोग जब पहली बार झारखंड आते हैं तो मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। अधिकांश तो यहां की सादगी, प्राकृतिक सौंदर्य और सुहावने मौसम से इतने प्रभावित होते हैं कि यहां बस जाना पसंद करते हैं। यही हाल यहां आने वाले पर्यटकों का होता है जो यहां से बहुत ही सुखद स्मृतियां लेकर लौटते हैं और दस गुने लोगों को प्रेरित कर भेजते हैं। झरनों के शहर के नाम से प्रसिद्ध रांची समुद्र तल से लगभग 700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हैं। रांची शहर को अविभाजित बिहार राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनने का भी गौरव हासिल था। रांची के प्रमुख आकर्षण में टैगोर हिल, हुंडरू फॉल, दशम फॉल, रांची हिल स्टेशन, कांके डैम, भारी अभियंत्रण निगम हटिया, जनजातीय अनुसंधान संस्थान मोरहाबादी और रामदयाल मुंडा खेलगांव का संग्रहालय शामिल हैं। दशम जलप्रपात रांची जमशेदपुर मुख्य मार्ग के किनारे है जहां स्वर्णरेखा नदी की सहायक नदी 144 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरती है। चट्टानी ढलानों के साथ दशम वॉटरफॉल एक शानदार पिकनिक डेस्टिनेशन के रूप में जाना जाता हैं। झारखंड राज्य के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में देवघर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक के लिए जाना जाता है। हवाई अड्डे से जुड़े देवघर के प्रमुख आकर्षण में शामिल बैद्यनाथ धाम, नंदन पहाड़, सत्संग आश्रम आदि हैं।



झारखंड में घूमने वाली जगहों में शामिल हैं जमशेदपुर झारखंड का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। जमशेदपुर सिटी में दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी इस्पात निर्माण कंपनी स्थित है। जमशेदपुर के प्रमुख आकर्षण में जुबली पार्क, दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी और टाटा स्टील जूलोजिकल पार्क आदि हैं। झारखंड राज्य का मशहूर पर्यटन स्थल हजारीबाग झारखंड राज्य की राजधानी रांची से लगभग 95 किलोमीटर की दूरी पर है। हजारीबाग पर्यटन स्थल घने जंगलों, रॉक संरचनाओं, सुन्दर सुन्दर झीलों और प्राकृतिक आकर्षण का खूबसूरत दृश्य प्रस्तुत करता हैं। हजारीबाग के प्रमुख आकर्षण में कैनरी हिल, रजरप्पा मंदिर और वाइल्ड लाइफ सेंचुरी आदि शामिल हैं। झारखंड में छुट्टी मनाने वाली जगहों में शामिल बोकारो स्टील सिटी एक खूबसूरत प्राकृतिक स्थान है। अद्भुत सूर्योदय और सूर्यास्त के लिए प्रसिद्ध नेतरहाट झारखंड के लातेहार जिले में स्थित है झारखंड का पर्यटन स्थल धनबाद भारत की कोयला राजधानी के रूप में भी जाना हैं। धनबाद में 112 कोयले की खान हैं जो कि पूरे देश में कोयले आपूर्ति करती हैं। वर्ष 1956 में झारखंड के सबसे अधिक आबादी वाले शहरो में धनबाद दूसरे था। इसके अलावा धनबाद अपने प्रमुख आकर्षित और धार्मिक स्थलों के लिए भी पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हैं। यहां के प्रमुख आकर्षण में डेमी, शक्ति मंदिर, मैथन डैम या पंचेत डैम, पहाड़ियों, घने जंगलों और झीले आदि शामिल हैं। झारखंड पर्यटन में बेतला राष्ट्रीय उद्यान एक खूबसूरत राष्ट्रीय उद्यान है जोकि जंगली हाथियों के लिए सबसे अधिक जाना जाता है। बेतला नेशनल पार्क में ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

### बोकारो में पुलिस मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने की युवक की हत्या

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिला में नक्सलियों ने मंगलवार रात पुलिस मुखबिरी के शक में एक युवक की हत्या कर दी। चतरोचटी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने कहा है कि सुबह इस घटना की सूचना मिली। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि यह हत्याकांड चतरोचटी थाना क्षेत्र में चुटे पंचायत के अमन पहाड़ के तलहटी पर बसे दंडरा गांव में हुआ है। नक्सलियों ने सुखराम मांझी (45) की हत्या कर दी। दंडरा नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। नक्सली उसके घर के पास शव फेंक गए हैं। सुखराम मांझी पूर्व वार्ड सदस्य था। वह गांव में मुर्गे की दुकान चलाता था। नक्सलियों ने मौके पर छोड़े गए पोस्टर में घटना का जिम्मेदारी ली है।

# डीएसपीएमयू के असिस्टेंट प्रोफेसर अशोक नाग सस्पेंड

**घूस लेकर क्लास देने का लगा है आरोप**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अशोक नाग को सस्पेंड कर दिया गया है। राजभवन के आदेश के बाद उन्हें सस्पेंड किया गया है। एक सप्ताह पहले अशोक नाग को यूके मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के डायरेक्टर पद से हटाया गया था। डॉ. अशोक नाग पर चार शिक्षकों ने घूस लेकर क्लास देने का आरोप लगाया था। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग (राजभवन) से भी इसकी शिकायत की थी, जिसके बाद डीएसपीएमयू ने एक जांच कमेटी का गठन किया था लेकिन उस कमेटी ने जांच करने से इनकार कर दिया। इसके बाद फिर से एक कमेटी गठित की गयी, जिसने जांच के बाद रिपोर्ट जमा कर दी है। इधर, अशोक नाग पर आरोप लगाने वाले शिक्षकों को भी अब झारखंड के किसी भी विश्वविद्यालय में पढ़ाने नहीं दिया जायेगा। अशोक नाग दो बार कांके विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं। हाल के दिनों में वह आजसू पार्टी में भी शामिल हुए हैं।

## एक नजर

### वर्षा खालको ने स्वर्ण पदक जीता

**सिल्ली :** नॉर्थ ईस्ट जोन आर्चरी चैंपियनशिप पटियाला में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में रांची विश्वविद्यालय की ओर से खेलते हुए सिल्ली कॉलेज सिल्ली की वर्षा खालको ने फाइनल में नम्रता चौहान को 7-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक जीतने पर बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो एवं अध्यक्ष नेहा महतो सहित रांची विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर मुकुंद चंद्र मेहता के साथ सभी विश्वविद्यालय के शिक्षाविद ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रिम्स रेफर

**मांडर।** मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़मू रोड चटवल मोड़ में सड़क दुर्घटना में टाँगर बिजुपाड़ा निवासी 24 वर्षीय विजय उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि बुधवार शाम 6 बजे करगे से मांडर की ओर जाने के क्रम में स्कूटी तेज गति होने से अनियंत्रित होकर चटवल मोड़ में बने दीवाल को जा मारा। जिससे स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं सड़क में गुजर रहे जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने प्राथमिक उपचार के लिए मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया।

### महिला की संदेहास्पद मौत

**गिरिडीह :** तिसरी थाना क्षेत्र के सिंघो में बुधवार को एक महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मृतका सिंघो के राजकुमार यादव की 33 वर्षीय पत्नी मंजू देवी है। मृतिका के तीन बच्चे भी हैं।
हालांकि महिला के मायका वालों ने महिला के पति राजकुमार यादव पर हत्या का आरोप लगाया है।
घटना की जानकारी मिलते ही तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने पुलिस को शव ले जाने से रोक दिया। इसकी सूचना मिलते ही धनवार के पूर्व विधायक सह माले नेता राजकुमार यादव,जिला परिषद सदस्य रामकुमार रावत, जय नारायण यादव आदि मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से घटना के बाबत जानकारी ली।

# केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें : सांसद



कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते भाजपा नेता व ग्रामीण।

**नवीनमेल संवाददाता**

**मांडर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत बुधवार को मांडर प्रखंड के लोयो स्कूल भवन में कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजन के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए राज्य सभा सासंद अदित्य साहु ने कहा केंद्र सरकार समाज के दुर्गम क्षेत्रों में भी योजनाओं को पहुंचा रही है।
केंद्र सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते हुए योजनाओं को बनाती है। उन योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार हो सके और वंचितों को उन योजनाओं से जोड़ा जा सके, उसके लिए पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। इस दौरान उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया। साथ ही ग्रामीणों का मनोबल बढ़ाया और सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।
उन्होंने आयुष्मान भारत, गरीब कल्याण अन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना,गांवों का सर्वेक्षण और गांव क्षेत्र में उन्नत प्रौद्योगिकी योजना,पोषण अभियान योजना,हर घर जल जीवन मिशन योजना,जन धन योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना,सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि के बारे मे भी बतलाया।
मौके पर मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कूजूर , भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो, मांडर के बीडीओ मनोरंजन कुमार, मांडर सीओ विजय हेमराज खलखो,अनिल टाइगर, नरेन्द्र जी, मंगरा उरांव, शुकरा उरांव, अशोक साह, रामबालक ठाकुर समेत अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचायतों के ग्रामसभा से अबुआ आवास सूची पारित

**खलारीः** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मंगलवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। खलारी पंचायत के ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान छोटू पाहन तथा बुकबुका पंचायत ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया पारसनाथ उरांव ने किया। ग्राम सभा में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के लिए सत्यापित लाभुकों की सूची को सर्वसम्मति से पारित किया गया। खलारी पंचायत में 156 व बुकबुका पंचायत में 12 अबुआ आवास पारित किया गया। खलारी पंचायत में ग्रामीणों ने दावा प्रस्ताव भी दिया। इसके अलावा स्वच्छता विभाग से पंचायत भवन के समीप शेड बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं बुकबुका में ग्राम जल स्वच्छता समिति को भंग किया गया। समिति का पुनर्गठन आगामी 26 जनवरी की ग्रामसभा में किया जाएगा। इसके अलावा बिजली, शौचालय आदि समस्याओं पर चर्चा किया गया।

### एकता कमेटी ने होटलकर्मियों को बांटा कंबल



**रांचीः** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी के तत्वधान में आज बुधवार को सुरेन होटल चर्च रोड में काम करने वाले लोगों को इस ठंड में संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा और सचिव रामेश्वर राम ने कंबल बाटें इस अवसर पर सचिव रामेश्वर राम ने कहा के बिना सरकारी मदद के भारतीय एकता कमेटी का सामाजिक कार्य सराहनीय है झारखंड सरकार को चाहिए के भारतीय एकता कमेटी को आगे आकर बढ़-चढ़कर हर संभव मदद करें 32 वर्षों में सरकार का मदद कुछ भी नहीं रहा है जो के बहुत अफसोस की बात है इस शुभ अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा के जो लोग भी शुभ कार्य में मदद करते हैं उसको अल्लाह ईश्वर ज्यादा से ज्यादा मदद करेगा और इसका पुण्य नेकी जरूर से जरूर मिलेगा आज लोग करोड़ों अरबो रूपया रखते हैं लेकिन नेक काम शुभ कार्य में बहुत पीछे रहते हैं भारतीय एकता कमेटी को शुभ कार्य नेक काम मे ज्यादा से ज्यादा सहयोग मदद करनी चाहिए क्योंकि मानवता की सेवा ही ईश्वरीय सेवा है मानवता इंसानियत सबसे बड़ा सबसे ऊंचा होता है।

### डीआरयूसीसी की बैठक हटिया स्टेशन में संपन्न

**रांची :** रांची रेलमंडल के डीआरयूसीसी की बैठक आज हटिया स्टेशन में संपन्न इुई जिसमें झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के डीआरयूसीसी प्रतिनिधि नवजोत अलंग ने शामिल होकर, अपने सुझावों पर प्रमुखता से रखा और विचार का आग्रह किया। सुझावों में मुख्यतः रांची से अयोध्या के बीच नई सुपरफास्ट ट्रेन की शुरूआत करने, धरती आबा एसी सुपरफास्ट ट्रेन की कोच संरचना में किये जा रहे बदलाव पर पुनर्विचार करने, रांची बनारस एक्सप्रेस का विस्तार लखनउ तक करना शामिल है। श्री अलंग ने कहा कि रांची रेल मंडल द्वारा भी इस ट्रेन को लखनउ तक विस्तारित करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को निर्गत किया गया है जो अब तक विचाराधीन है। यात्री हित में चैंबर द्वारा कुछ अन्य सुझाव भी दिये गये जिनमें मुख्य रूप से रांची से वाराणसी, अयोध्या, लखनउ होते हुए ऋषिकेष तक साप्ताहिक ट्रेन का परिचालन शुरू करने, संपर्कक्रांति का विस्तार जयपुर तक करने, रांची वाराणसी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोडने के साथ ही इसका परिचालन वाया लोहरदगा टोरी होकर चलाने के साथ ही रांची रेलमंडल में चलनेवाली कुछ प्रमुख ट्रेनों (राजधानी, तपस्विनी, क्रिया योगा, हावडा रांची इंटरसिटी) में साफ-सफाई की समस्या पर संज्ञान लेने की बात कही गई।

### स्व.शिवराम साधु स्मृति मेला का हुआ आयोजन

**सिल्ली/मुरीः** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रांची गोला मुख्य मार्ग के समीप उरांगड़ा नदी के किनारे मंगलवार के दिन स्वर्गीय शिवराम साधु स्मृति मेला का आयोजन मेले के संरक्षक सिल्ली राजा भूपेंद्रनाथ सिंह देव के नेतृत्व में कमेटी के द्वारा किया गया। मेले में सिल्ली एवं सोनहातू के कलाकारों द्वारा पाता नाच का आयोजन किया गया था। बड़े, बुजुर्ग, बच्चों और महिलाओं ने पता नाच का आनंद लिया। मेले को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मेले में विभिन्न तरह के दुकान लगाए गए थे। मेले में मुर्गा लड़ाई लोगों के लिए आकर्षक बना हुआ था। मेले को सफल बनाने के लिए पंच परगना संगठन के ठाकुरदास कोई री, बजरंग पातर, हरिराम लोहार, देवेंद्र नाथ महतो, रणदीप महतो, लालमोहन बडाईक, गणेश चंद्र करमाली, परशुराम महतो, मंगल महतो का सराहनीय योगदान रहा।

### दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**सिल्लीः** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 एवं 26 दिसंबर को शहीद निर्मल महत्व की जयंती के शुभ अवसर पर दो दिवसीय फुटबाल खेल का आयोजन मिलन फुटबॉल क्लब लोटा की ओर से किया गया जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया उपस्थित रहे। फाइनल मैच वाईएससी सालहन एवं गोराडीह एफसी के बीच खेला गया। जिसमें वाईएससी सालहन के खिलाड़ियों ने खेल का उम्दा प्रदर्शन करते हुए एक गोल लगाकर गोराडीह एफसी को हराया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार के रूप में एक बड़ा खस्सी और शील्ड देकर सम्मानित किया।

## सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन



**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को राज भवन में सेवानिवृत्त होने जा रहे माननीय मुख्य न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय संजय कुमार मिश्रा के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माननीय मुख्य न्यायाधीश के कार्यों से हम सभी गौरवान्वित हुए हैं और भविष्य में भी लोग इससे प्रेरित होते रहेंगे। हम कई योजना बनाते हैं लेकिन उसे धरातल पर उतारने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। माननीय मुख्य न्यायाधीश ने शपथ ग्रहण के पश्चात बहुत ही अल्प समय में नवनिर्मित झारखण्ड उच्च न्यायालय में कार्यों को प्रारंभ किया, जिसे हमेशा याद किया जाता रहेगा। किसी के द्वारा किए गए अच्छे कार्यों की सरहाना निश्चित रूप से होनी चाहिए। इससे समाज भी अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित होता है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि झारखण्ड में ऐसे लोगों की संख्या काफी अधिक है, जो बहुत मुश्किल से न्यायालय पहुंच पाते हैं। विशेषकर ऐसे लोगों को शीघ्र न्याय मिल सके, इसके लिए हमें सचेत रहना होगा। मृदुभाषी संजय कुमार मिश्रा न्याय, निष्पक्षता और समानता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सदैव स्मरण किये जायेंगे। राज्यपाल महोदय ने उनके स्वस्थ व सुखमय जीवन की कामना की। उक्त अवसर पर झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, महाधिवक्ता, अपर महाधिवक्ता समेत कई वरीय अधिवक्तागण भी उपस्थित थे।

### ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार रेलवेकर्मी की मौत

**सिल्ली।** मुरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत विसिरिया निवासी दिनेश चंद्र महतो उम्र 45 वर्ष अपने मोटरसाइकिल से ड्यूटी करने के पश्चात घर जाने के क्रम में ट्रक के चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दिनेश चंद्र महतो रेलवे में इंजीनियरिंग विभाग मुरी में कार्यरत थे। वह रोज के भांति अपने ड्यूटी करने के बाद मंगलवार की रात 8 बजे घर जा रहे थे तभी जामनीटाड गांव के समीप तेज रफ्तार से आ रही रामगढ़ से ट्रक नम्बर जेएच 05 एए 7025 की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने शव के साथ गोला मुख्य पथ को जाम कर दिया जिससे बड़ी गाड़ियों का लंबी जाम लग गया। इसकी सूचना मुरी ओपी को मिलते ही अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची एवं ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करते रही मगर ग्रामीण कहते रहे की जब तक मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक रोड जाम नहीं हटेगा। समाचार लिखे जाने तक रात 8 बजे से 10 बजे तक 2 घंटे से जाम लगा हुआ है।

## एकता महारैली में होगी आदिवासी मुद्दों की बात



**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मंत्री, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि चार फरवरी 2024 को राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित आदिवासी एकता महारैली में केवल और केवल आदिवासी मुद्दों की बात होगी और उनसे जुड़े ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए स्पष्ट रास्ता तैयार किया जायेगा। श्री तिर्की ने कहा कि तीन-चार महीने के बाद लोकसभा चुनाव है और उसके बाद 2024 में ही विधानसभा चुनाव है और इसे देखते हुए भारतीय जनता पार्टी और उसके मुखौटे संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, वनवासी कल्याण केन्द्र, जनजाति सुरक्षा मंच जैसे संगठन सामने आ गये हैं। उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले आयोजित डीलिस्टिंग रैली केवल चुनाव के मद्देनजर आदिवासियों के ध्रुवीकरण का प्रयास है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है और वे विस्थापन, शोषण और पलायन का शिकार हो रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है जबकि उन्हीं आदिवासियों के नाम पर झारखण्ड का गठन किया गया था। श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की शैक्षणिक और रोजगार की स्थिति पर भी डीलिस्टिंग रैली में खामोशी रही और उन नेताओं ने यह भी नहीं बताया कि अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद द्वारा संचालित 72 विद्यालयों का अनुदान भाजपा सरकार ने क्यों बन्द किया।

## वंचितों और गरीबों को मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ : संजय सेठ

**सिल्ली :** प्रखंड के लोटा पंचायत एवं लोवादाग पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।यात्रा में सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए एवं योजनाओं की जानकारी दी गई एवं वंचित लाभुकों से आवेदन भरा कर जमा कराया जा रहा है।यात्रा के दौरान सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री मोदी का एल ?ईडी के माध्यम से लाईव प्रसारण देखा उसके बाद संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई। इस दौरान सांसद सेठ ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में वंचितों और गरीबों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई है, जिसमें सभी वंचित व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।प्रधानमंत्री के दूरदर्शी सोच का नतीजा है कि आज गांवों में समूह के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर जरूरतमंद को लाभ दिलाना है।अब ड्रोन के माध्यम से खेती पर दवाई छिड़काव का कार्य होगा। वहीं भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इस दौरान भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज,प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक, मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, बीडीओ रेणुबाला मुखिया लाल सिंह मुंडा,मुखिया नीलमणि देवी, रघुवीर महतो , पंकज कुमार महतो समेत प्रखंड के अधिकारी, कर्मचारी ग्रामीण उपस्थित थे।

## डॉ. भूपेश मडुआ मैन ऑफ झारखंड अवार्ड से सम्मानित



**मांडरः** ईस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट राँची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार को हेलो कुमार को यह अवार्ड झारखंड की स्थानीय मिलेटस मडुआ आधारित विभिन्न प्रकार के व्यंजनोंलाइफ मैगजीन द्वारा आयोजित स्टार अवार्ड 2023 में मडुआ मैन के रूप में स्टार ऑफ झारखंड 2023 अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. को बनाने के साथ साथ विश्वस्तरीय पहचान दिलाने के क्रम में प्रदान की गयी। ज्ञात हो आईएचएम राँची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार के नेतृत्व में विश्व पर्यटन दिवस, 2023 के अवसर पर मडुआ को अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाने हेतु 52 मिनट्स में 54 प्रकार की मडुआ आधारित कुकीज बनाकर एक अनोखा कीर्तिमान स्थापित किया।
झारखंड के स्थानीय मिलेट मडुआ जो झारखंड राज्य के लोगों और जनजातियों के बीच प्रसिद्ध है तथा इसके न केवल अपार स्वास्थ्य लाभ हैं बल्कि यह अपने उच्च पोषण के लिए जाना जाता है।

## बेड़ो के बारीडीह मैदान में 30 जनवरी को लगेगा रामकृष्ण किसान मेला

**बेड़ोः** बेड़ो प्रखंड के बारीडीह गांव में बुधवार को विवेकानंद सेवा संघ की बैठक ग्राम प्रधान विनोद उरांव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक शोध संस्थान रांची सह प्रखंड के समस्त विवेकानंद सेवा संघ व विवेकानंद समाज कल्याण संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड के बारीडीह गांव के पड़हा जतरा मैदान में आगामी 30 जनवरी को रामकृष्ण किसान मेला का आयोजन किया जाएगा।
जिसमें कृषि व पशु पक्षी प्रदर्शनी के साथ कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ साथ विभिन्न आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में जागरूक करने के लिए स्टॉल भी लगाया जाएगा। वही विभिन्न प्राइवेट कंपनियों द्वारा अपना स्टॉल लगाकर किसानों को अपने उत्पादों के बारे में जानकारी दी जाएगी। मेला को सफल बनाने के लिए एक कमिटि का गठन किया गया।जिसमें अध्यक्ष महेश टाना भगत उपाध्यक्ष विजय महतो व भारसलय भगत सचिव ईश्वर गोप सहसचिव शंकर गोप व सोमरा तिर्की कोषाध्यक्ष विनोद उरांव संरक्षक नीलमणि भगत,धनंजय कुमार राय,सुशांति भगत,राखी भगत,विजय भगत व राजकिशोर राय सदस्यों में शिवा उरांव,गणेश लोहरा,एतवा भगत,मनोज उरांव, फगुवा उरांव,जुरा उरांव, डोभा उरांव,अमर उरांव,शिवचरण गोप, अंगनु उरांव,मोहन उरांव,संतु गोप,चारो उरांव,पुनई उरांव, करमा उरांव सोमरा उरांव को बनाया गया है।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

प्रेस–विज्ञप्ति

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–13/2023-24/RWD/RAMGARH जिसका PR No. 313772 (Rural Work Department) के द्वारा प्रकाशित निविदा के क्रमांक संख्या 5 में वर्णित पथ ग्राम पंचायत पतरातू मेन रोड शहीद भगत सिंह चौक से दक्षिण नागेश्वर मुण्डा आवास प्रस्तावित रेलवे लाईन से नलकारी नदी तक 10 फिट गहरा नाला, स्लैप सहीत निर्माण। (450 मी0) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़।

PR 314403 Rural Work Department (23-24)D

## नववर्ष के स्वागत को लेकर तैयार हैं लापुंग के पर्यटन स्थल

### लतरातु डैम, साईं मंदिर, घघारी जलप्रपात एवं बाबा वनखंडी धाम में उमड़ेगी भीड़

**नवीनमेल संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध लतरातु डैम, घघारी जलप्रपात, साईं मंदिर, बाबा वनखंडी धाम सहित अन्य पर्यटन स्थल तथा पिकनिक स्पॉट नववर्ष के स्वागत एवं पुराने साल 2023 की विदाई को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं।



लापुंग प्रखंड के लतरातु डैम, सरसा साईं मंदिर, बाबा वनखंडी धाम सहित घघारी जलप्रपात प्रकृति की नैसर्गिक छटा, खूबसूरत वादियों के बीच पहाड़ और जंगलों से भरे मन लुभाते मनोरम दृश्य सहज ही सैलानियों को आकर्षित करते हैं। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी यहां सैलानियों की भीड़ उमड़ने की संभावनाएं हैं। लतरातु डैम के ऊपर नए सड़क का निर्माण कर रांची जिला पर्यटन समिति ने डैम की खूबसूरती बढा. दी है। पर्यटकों की सुविधाओं के लिए पर्यटन विभाग से कई बोर्ड भी लगाए गए हैं। साईं मंदिर में बोर्ड लगाया गया है। नव वर्ष 2024 के आगमन में अब महज चार दिन शेष रह गए हैं। नववर्ष के मौके पर पिकनिक मनाने को लेकर सभी आयु वर्ग के लोगों में उत्साह का माहौल होता है। लापुंग प्रखंड क्षेत्र में पिकनिक मनाने के लिए कई पिकनिक स्पॉट हैं जिनमें घघारी जलप्रपात, साई मंदिर सरसा, लतरातु डैम एवं बाबा वनखंडी धाम सहित कई छोटे एवं बड़े पिकनिक स्पॉट है। जो प्रकृति के मनमोहक दृश्य से भरा है। यहा तक आने के लिए लोग निजी वाहन से आ सकते हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं यहां के लोकल गाइड नए वर्ष के स्वागत में सैलानियों के सहायतार्थ लोग जुट गए हैं। पर्यटन स्थलों में जाकर नए वर्ष का स्वागत लोग पिकनिक मनाकर करना चाहते हैं। यहां के पिकनिक स्पॉट साल के जंगलों के बीच प्राकृतिक सौंदर्य एवं प्राचीन अवशेषों से भरा पड़ा है। एक ओर घने जंगलों एवं उसकी गोद में प्राचीनकाल से स्थापित मंदिर प्रकृति की सुंदरता में चार चांद लगाता है। प्राचीन शिव मंदिर घघारी जिसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस स्थल की सुंदरता देखते ही बनती है। बेड़ो से करीब 12 किमी की दूरी पर स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर के साथ मां दुर्गा , बजरंगी, मां पार्वती का मंदिर स्थापित है। लोग यहा पूजा-अर्चना करने आते हैं और वन भोज का भी आनंद उठाते हैं।

### कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस कल

**सिल्ली :** 27 दिसम्बर 2023 को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान मे कल दिनांक 28 दिसम्बर 2023 को सिल्ली प्रखंड के प्रेम वाटिका लॉज सिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने गौरवशाली इतिहास का 138 वर्ष पूरे करने जा रही है, और 28 दिसम्बर 2023 को 139 वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है ,सिल्ली में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस धूम धाम से मानाया जायेगा! इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, सिल्ली विधानसभा प्रभारी परितोष सिंह, सिल्ली प्रखंड प्रभारी महताब आलम, जिला उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो,सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक साथ ही सिल्ली प्रखंड, सोनाहातु प्रखंड एवं राहे प्रखंड के कांग्रेस पदाधिकारीगण एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहेगें! उक्त जानकारी सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति को दी है!

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, खूँटी

रोजगार मेला–2023

राज्य के बेरोजगार युवक/यवुतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उदेश्य से जिला नियोजनालय, खूँटी के द्वारा दिनांकः–29 दिसम्बर 2023 दिन शुक्रवार को पूर्वाहन् 10:30 बजे से 3:00 बजे अपराहन् तक जिला नियोजनालय, खूँटी परिसर में रोजगार मेला 2023 आयोजित किया जा रहा है।
इस रोजगार मेला में निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की हैः–

| SN | EMLOYER'S NAME/ADDRESS | POST/VACANCIES | GENDER | AGE | QUALIFICATION | SALARY | JOB LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Maruti Mod Moblie, Khunti | Mechanical/helper/telecaller/Denter/Painter-09 | M | 18-30 | 10th & Above | 10K-20K | Khunti |
| 2 | KS Ganga Hospital, Khunti | ANM/GNM/Comp Operator-03 | M/F | 18-40 | Diploma/BCA/ADCA | Depends on Interview | Khunti |
| 3 | Dev Auto Mobile, Khunti | Helper/Comp.Operator-03 | M/F | 18-30 | Non matric to Graduation | Depends on Interview | Khunti |
| 4 | Mohan Medical, Khunti | Sales Execxutive/Accountant-03 | M/F | 18-35 | 12th & above | 4K-12K | Khunti |
| 5 | Raj Honda, Khunti | Sales & Services Executive others-02 | M/F | 18-35 | 10th & Above | 9K-12K | Khunti |
| 6 | Nirmal Mart, Khunti | Sales Executive others-05 | M/F | 18-30 | 10th & Above | 8K-10K | Khunti |
| 7 | National Hospital, Khunti | ANM-01 | M/F | 18-30 | Diploma | 10K-20K | Khunti |
| 8 | Seva Sahyog Security Pvt. Ltd, Ranchi | Guard/Supervisor/Office staff-50 | M | 18-50 | Non matric to Graduation | 8K-20K | Entire JH |
| 9 | Credit Access Gramin Ltd, Ranchi | Field Officer/Trainee kendra manager-40 | M/F | 18-32 | 12th/ITI & above | 12250/- | Entire JH |
| 10 | LIC ,Khunti | Advisor-20 | M/F | 18-40 | 12th & above | 5K +Incentives | Entire JH |
| 11 | Innov Source Services Pvt.Ltd | Sales/billing/pickers/packers/steward-50 | M/F | 18-30 | 10th,12th,graduation | 9k-17k | Entire JH |
| 12 | Someshwarnath educational trust,Rania | Mobilizers-02 | M/F | 18-29 | 10th & Above | 13K-15K | khunti |
| 13 | Spandana sphoortry finacial limited | Loan officer/credit assistant/ branch manager-30 | M | 18-35 | 12th & above | 13K+ incentives | Entire JH |
| 14 | Hip hop media house Pvt. Ltd (Paytm,CMS), Ranchi | Telecaller/BDE/Custodian/Sales executive/RSE-30 | M/F | 18-30 | 10th & Above | 10200+/15500+/12K/ 12+Incentive/10K | Entire JH |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, अंक प्रमाण पत्र की छाया प्रति, आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, बायोडाटा दो प्रतियों में तथा दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
खूँटी

PR 314446 Labour Employment and Traning(23-24)#D

# बिरसा मुंडा एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए है तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची का भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए तैयार है। वर्तमान में पांच विमानन कंपनियां अपनी सेवाएं दे रही हैं। इसके अलावा हज के लिए यहां पिछले दस सालों से जेद्दा के लिए सीधी विमन सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। रांची एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) लगाया जा चुका है, जिसकी मदद से कुहासे के बावजूद रात में भी विमानों की लैंडिंग और टेकऑफ में परेशानी नहीं होगी। रांची एयरपोर्ट पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नया टर्मिनल बिल्डिंग और एटीसी टावर संचालित हो रहा है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल अंतरराष्ट्रीय स्तर का है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के डेवल्पमेंट और संचालन से संतुष्ट है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को लेकर विचार-विमर्श भी चल रहा है लेकिन एयरपोर्ट के आसपास के 72 ऊंचे इमारत अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्लानिंग में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के आसपास 55 ऊंची इमारतों को रेड जोन में रखा गया है। ऊंचे भवन अंतरराष्ट्रीय उड़ान में हर्डल्स (बाधा) का काम कर रहे हैं।

**72** ऊंचे इमारत अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्लानिंग में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं

**370** घरेलू उड़ानें प्रति सप्ताह संचालित कर रहा है रांची एयरपोर्ट

**35** भवनों विमान के उड़ान भरने और उतरने के दौरान दुर्घटना का खतरा

**02** लाख 20 हजार यात्री हर महीने रांची से विभिन्न शहरों के लिए भर रहे हैं उड़ान

**55** ऊंची इमारतों को रेड जोन में रखा गया है, इन भवनों के नक्शे की हो रही है जांच

## नक्शा स्वीकृत कराए बिना बनाया ऊंचा भवन

इस क्षेत्र में जिन भवनों का नक्शा नहीं है, ऐसे भवनों पर अवैध निर्माण का केस दर्ज करते हुए तोड़ने का आदेश दिया जा चुका है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को लेकर प्राधिकरण ने एयरपोर्ट के आसपास सर्वे कराया था, जिसमें पाया था कि 35 ऊंचे भवनों की वजह से उड़ान भरने और विमान के उतरने के दौरान दुर्घटना का खतरा हो सकता है। प्राधिकरण ने राज्य सरकार से कार्रवाई का आग्रह किया है। प्राधिकरण द्वारा चिन्हित ऊंचे भवनों को तोड़ा नहीं गया, तो बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा मिलने के बाद भी उड़ान शुरू करने में परेशानी होगी। प्राधिकरण ने रांची एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ान को लेकर प्रपोजल भेजा था। उस प्रपोजल पर मंत्रालय ने विचार करने के बाद रांची एयरपोर्ट में कई बदलाव करने का निर्देश दिया है, जिसके बाद से पार्किंग, टर्मिनल बिल्डिंग, बोर्डिंग एरिया, इंटरनेशनल टर्मिनल बिल्डिंग आदि में बदलाव किए जा रहे हैं।



## ईएमएस का मिल चुका है प्रमाण पत्र

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को आईएसओ ईएमएस (एनवायर्नमेंट क्लीयरेंस सिस्टम) का प्रमाण पत्र मिल चुका है।भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने पर्यावरण प्रबंधन के लिए प्रमाण पत्र दिया था। इस प्रमाण पत्र के बाद ही रांची एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए प्रयास शुरू हुआ। रांची एयरपोर्ट को सुरक्षित और स्मूथ एयर ट्रैफिक सुविधा वाला बताया गया। रांची एयरपोर्ट से सप्ताह में 370 घरेलू उड़ाने संचालित हैं। हर महीने करीब 2 लाख 20 हजार यात्री उड़ान भर रहे हैं। यह पिछले साल की तुलना में करीब 45 हजार से अधिक है। रांची से वर्तमान में अहमदाबाद, बेंगलुरू, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, पटना और पुणे के लिए विमान सेवा उपलब्ध है। जल्द ही जेट एयरवेज की भी उड़न शुरू हो सकती है। प्रक्रिया अंतिम चरण में है। रांची से दरभंगा, बनारस, जयपुर, भोपाल, गोवा, देवघर और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए सीधी विमान सेवा के लिए डिमांड बढ़ रहे हैं।

## एक नजर

### 16वें आईएसडीएसआई वैश्विक सम्मेलन 2023 का उद्घाटन

**रांची।** आईआईएम रांची ने अकादमिक उत्कृष्टता प्रदान करने के अपने दृष्टिकोण का विस्तार करते हुए, 27 दिसंबर 2023 को आईएसडीएसआई (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर डेटा साइंसेज एंड इनोवेशन) ग्लोबल कॉन्फ्रेंस 2023 के 16 वें संस्करण का अनावरण और उद्घाटन किया, जिसका विषय था - रीइमेजिनिंग ग्लोबलाइजेशनः द विवैश्वीकरण की दुनिया में डिजिटल इंटरकनेक्शन की शक्ति। बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और उभरती संरक्षणवादी नीतियों के सामने वैश्वीकरण और वैश्वीकरण की बदलती गतिशीलता को संबोधित करने के लिए तैयार, यह प्रतिष्ठित सम्मेलन दुनिया भर के विद्वानों, शोधकताओं, चिकित्सकों और नीति निमार्ताओं को एक विद्वान संवाद में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है।

### मैथिली पंचांग का विमोचन सात जनवरी को

**रांची।** मिथिला पंचांग सह कैलेंडर 2024 का विमोचन सात जनवरी को किया जायेगा। इस संबंध में विद्यापति स्मारक समिति के लेखानंद झा ने बुधवार को बताया कि पंचांग विमोचन के बाद समिति के जरिये वनभोज का भी आयोजन किया जायेगा। साथ ही मैथिल कलाकारों की ओर से रंगारंग प्रस्तुति दी जायेगी।

### दोषियों को बचाने का प्रयास : राजेन्द्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि आरोप की जॉच के बाद गृह विभाग ने भी स्वीकार किया है कि बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार जेल में बंद अपराधी व प्रभावशाली लोग अपने इशारे पर काम करा रहे हैं। इस पर राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि दोषियों के ऊपर सीधे कार्रवाई करने के बजाय गृह विभाग न्यायिक आयोग बनाने की बात कर रहा है। प्रसाद ने कहा कि यह दोषियों को बचाने का प्रयास है।

29 को आयोजित कार्यक्रम के लिए अधिकारियों को दिये कई निर्देश

# राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का सीएम के प्रधान सचिव ने लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सरकार का 29 दिसंबर को चार वर्ष पूरा हो रहा है। इस अवसर पर मोरहाबादी मैदान में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें भारी संख्या में लाभुक तथा अन्य लोग शामिल होंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां जोरों पर है। बुधवार को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे ने मोरहाबादी मैदान में तमाम तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समहर्ता केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर एवं इस आयोजन से जुड़े तमाम अधिकारी उपस्थित थे। सीएम के प्रधान सचिव विनय कुमार ने जायजा लेने के क्रम में कार्यक्रम को लेकर अब तक की गई तमाम तैयारियों की सारी जानकारी लेते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। संबंधित अधिकारियों से विशेष रूप से कहा कि यह आयोजन भव्य तरीके से बिना किसी परेशानी से संपन्न हो। इसको लेकर हर एक तैयारी का बारीकी से निरीक्षण करें ताकि यह कार्यक्रम भव्य तरीके से सम्पादित हो सके। श्री चौबे ने कहा कि यह राज्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस भव्य कार्यक्रम में भारी भीड़ होगी। जिसके लिए तमाम व्यवस्था चाक-चौबंद रखने की आवश्यकता है। लोग इस भव्य कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। उन्हें कार्यक्रम देखने में कोई असुविधा ना हो इसके लिए कार्यक्रम स्थल पर जगह-जगह कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट के लिए अतिरिक्त एलईडी की व्यवस्था रखनी होगी। इसके लिए संबंधित अधिकारी को उनके द्वारा दिशा-निर्देश दिया गया।



# रांची से अयोध्या के बीच नई सुपरफास्ट ट्रेन की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रेलमंडल के डीआरयूसीसी की बैठक आज हटिया स्टेशन में हुई। जिसमें झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के डीआरयूसीसी प्रतिनिधि नवजोत अलंग ने कई सुझाव रखा। सुझावों में रांची से अयोध्या के बीच नई सुपरफास्ट ट्रेन की शुरूआत करने। धरती आबा एसी सुपरफास्ट ट्रेन की कोच संरचना में किये जा रहे बदलाव पर पुनर्विचार करने। रांची-बनारस एक्सप्रेस का विस्तार लखनउ तक करना शामिल है। श्री अलंग ने कहा कि रांची रेल मंडल द्वारा भी इस ट्रेन को लखनउ तक विस्तारित करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को निर्गत किया गया है जो अब तक विचाराधीन है। यात्री हित में चैंबर द्वारा कुछ अन्य सुझाव भी दिये गये। जिनमें मुख्य रूप से रांची से वाराणसी, अयोध्या, लखनउ होते हुए ऋषिकेश तक साप्ताहिक ट्रेन का परिचालन शुरू करने, संपर्कक्रांति का विस्तार जयपुर तक करने, रांची वाराणसी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़ने के साथ ही इसका परिचालन वाया लोहरदगा टोरी होकर चलाने। रांची रेलमंडल में चलने वाली कुछ प्रमुख ट्रेनों जैसे राजधानी, तपस्विनी, क्रिया योगा और हावड़ा रांची इंटरसिटी में साफ-सफाई की समस्या पर संज्ञान लेने की बात कही गई। यह भी अवगत कराया गया कि रांची रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर अधिष्ठापित एस्केलेटर प्रायः बंद रहता है। जिस कारण यात्रियों को कठिनाई हो रही है। गंगा सतलज एक्सप्रेस का विस्तार रांची तक करने की वर्षों पुरानी मांग पर पुनः चर्चा की गई। कहा गया कि सुबह 4.55 बजे धनबाद आगमन के बाद लगभग 17 घंटे धनबाद में रूकने के बाद यह ट्रेन फिरोजपुर के लिए प्रस्थान करती है।



# मतदाता सूची के प्रकाशन की अंतिम तिथि 22 जनवरी तक बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से की ऑनलाइन बैठक**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सूची प्रकाशन की अंतिम तिथि 22 जनवरी तक बढ़ा दी है। पहले यह आखिरी तिथि 5 जनवरी निर्धारित थी। बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के उपायुक्तों/जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मतदाता पंजीकरण कार्य में लगे राज्य के अन्य सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों, राजनीतिक दलों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि पात्र मतदाता का पंजीकरण जरूर कराये। पंजीकरण या शिफ्टिंग से जुड़े आवेदन शीघ्र समर्पित करें। ताकि संबंधित बदलाव मतदाता सूची में दर्ज कराये जा सकें। उन्होंने कहा कि इस के लिए अपने बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है। लोग चाहें तो वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर पोर्टल जैसे ऑनलाइन माध्यम भी अपने मतदाता पंजीकरण के लिए अपना सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का ध्येय है कि कोई भी मतदाता न छूटे, इसका अक्षरशः अनुपालन करवाने के लिए सभी बूथ लेवल अधिकारियों से इस बात का प्रमाण पत्र भी लिया जा रहा है। कि उनके मतदान क्षेत्र अंतर्गत कोई भी मतदाता नहीं छूटा है। फिर भी आम लोगों से भी इस बात की अपेक्षा की जा रही है कि यदि उनका नाम किसी कारण छूटा है। तो वे भी एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर पहल करते हुए अपने बीएलओ से अविलंब संपर्क करें या ऑनलाइन तरीके से आवेदन करें।

# पिछड़ा वर्ग महासभा की बैठक में एकजुटता बनाने पर जोर

## संगठन का जल्द होगा विस्तार, बनी 11 सदस्यीय संयोजक मंडली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पिछड़ा वर्ग महासभा की बैठक रवींद्र वर्मा की अध्यक्षता में होटल सिटी पैलेस लालपुर में हुई। जिसमें पिछड़े वर्ग की एकजुटता पर बल दिया गया। संचालन करते हुए बजरंग वर्मा ने कहा कि 20 पिछड़ी जातियों के प्रतिनिधियों ने बैठक में हिस्सा लिया। निर्णय लिया गया कि 14 जनवरी को महासभा की एक और बैठक में विस्तार किया जाएगा। कामकाज के संचालन के लिए 11 सदस्यीय संयोजक मंडली का गठन किया गया। जिसमें रवींद्र वर्मा, उमेश रंजन साहू, बजरंग वर्मा, उदय साहू, दिनेश प्रजापति, अजय प्रसाद गुप्ता, विक्रांत विश्वकर्मा, लालू मालाकार, वीरेंद्र साहू, दिलीप सोनी, राजू ठाकुर और राजेश महतो को रखा गया है। बैठक में रवींद्र वर्मा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग को राजनीतिक दलों द्वारा झारखंड में लगातार ठगने का काम किया जा रहा है। जिसके चलते पिछड़ा वर्ग महासभा केंद्रीय समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया है। बजरंग वर्मा ने कहा कि अगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हम मजबूती के साथ अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे। जरूरत पड़ी तो चुनाव मैदान में अपने प्रत्याशी भी उतारेंगे। उमेश रंजन साहू ने कहा कि झारखंड में पिछड़ा वर्ग को एकजुट होना होगा। एकजुट होने से ही लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पिछड़ा वर्ग को फायदा मिलेगा। उदय साहू ने कहा कि झारखंड में पिछड़ा वर्ग का कोई सर्वमान्य नेता नहीं है। जिस कारण हम लोग नेता विहीन हो गए हैं। बैठक में दिनेश प्रजापति, त्रिवेणी कुमार काशी, लालू मालाकार, राजू ठाकुर, अजय गुप्ता, राजा प्रजापति, संजीव महतो, मुन्ना सोनी सहित अन्य ने अपने विचार रखें।




## फुल मैराथन में प्रथम आने वाले प्रतिभागी को मिलेगा तीन लाख

# कोल इंडिया मैराथन 11 फरवरी को, रजिस्ट्रेशन शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोल इंडिया की ओर से 11 फरवरी को रांची में द्वितीय कोल इंडिया मैराथन 2024 का आयोजन किया जाएगा। मैराथन को लेकर बुधवार को दरभंगा हाउस में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने वेबसाइट को वर्चुअल रूप से लॉन्च किया। मौके पर सीसीएल सीएमडी डॉ. बी वीरा रेड्डी सहित सभी निदेशक एवं सीवीओ उपस्थित थे। कोल इंडिया अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने कहा कि पिछले वर्ष काफी अच्छा आयोजन हुआ था। मैराथन की विशेषता है कि इसमें अपनापन झलकता है। सीसीएल सीएमडी डॉ. बी वीरा रेड्डी और हर्ष नाथ मिश्र ने बताया कि पिछले बार पहली बार फुल मैराथन का आयोजन झारखंड में आयोजित किया गया था। इसी क्रम को बढ़ाते हुए द्वितीय कोल इंडिया मैराथन का आयोजन किया जा रहा। इस आयोजन में झारखंड सरकार, खेल विभाग, झारखंड ओलंपिक संघ का सहयोग रहता है।




### हाफ मैराथन

**हाफ मैराथन में पहला 2 लाख, दूसरा 1 लाख, तीसरा 50 हजार, चौथा 40 हजार, पांचवा 30 हजार, छठा 20 हजार और सातवां स्थान पाने वाले को मिलेगा 10 हजार।**

### पुरस्कार राशि का विवरण

फुल मैराथन के लिए ईनाम की राशि में पहला 3 लाख, दूसरा 2 लाख, तीसरा 1 लाख, चौथा 60 हजार, पांचवा 40 हजार, छठा 30 हजार व सातवें स्थान वाले को 20 हजार दी जायेगी।

### दस किमी मैराथन

10 किमी मैराथन के लिए पहला 1 लाख, दूसरा 70 हजार, तीसरा 50 हजार, चौथा 25 हजार, पांचवा 20 हजार, छठा 10 हजार और सातवें को 10 हजार दिया जायेगा।

### 4 श्रेणियों में होगी दौड़ प्रतियोगिता

इस वर्ष पुरुषों और महिलाओं के लिए दौड़ की 4 श्रेणियां तय की गई हैं। इसमें पूर्ण मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किमी और 5 किमी की दौड़ शामिल हैं। पूर्ण मैराथन 42.195 किमी का होगा, जबकि हाफ मैराथन 21.098 किमी का होगा।

### शुल्क के साथ करा सकते है रजिस्ट्रेशन

रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 26 जनवरी निर्धारित की गयी। इसके लिए शुल्क भी तय किया गया है। फुल मैराथन के लिए 1000 रुपये, हाफ मैराथन के लिए 750 रुपये, 10 किमी के लिए 300 रुपये और 05 किमी के लिए 100 रुपये देने होंगे।

# मिशन 2024 सेव अर्थ का आयोजन ऑक्सीजन पार्क में 30 दिसंबर को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मोरहाबादी में वन प्रमंडल पदाधिकारी, रांची द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। रांची। वन विभाग की ओर से 30 दिसंबर को मोरहाबादी स्थित नीलांबर-पीतांबर उद्यान में मिशन-2024 सेव अर्थ का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम वनों की सुरक्षा एवं पर्यावरण मामलों के ज्वलंत मुद्दों पर शहरी नागरिकों के घ्यानाकर्षण के लिए किया जा रहा है। मिशन 2024 सेव अर्थ का आयोजन ऑक्सीजन पार्क/नीलांबर-पीतांबर उद्यान में 30 को संध्या 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ संजय श्रीवास्तव होंगे। इस कार्यक्रम में आर्ट के माध्यम से इन सभी विषयों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। आर्ट के रुप में वृक्ष के थीम पर एक संगीत और ड्रामा का मिश्रण प्रस्तुत किया जाएगा। वैश्विक पर्यावरण समस्या जैसे ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन पर कठपुतली प्रस्तुति के माध्यम से चलचित्र बताए जाएंगे। ताकि लोग इसके सार को समझें एवं इन विषयों पर विशेष ध्यान दें। प्लास्टिक अवशिष्ट एवं वनाग्नि के बारे में भी सैंड आर्ट प्रस्तुति से उन्हें जागरुक किया जाएगा। कार्यक्रम में जनसाधारण के लिए भी बैठने की व्यवस्था रहेगी। सस्टेंबल जीवनशैली की ओर सभी को जागरुक करना इस कार्यक्रम का एक मात्र उद्देश्य है।



## बिरसा चौक में गरीब व असहाय के बीच कंबल का वितरण

**रांची।** बिरसा चौक स्थित होटल द पार्क रीट्रीट व पूजा रेस्टोरेंट की ओर से गरीबों व असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल का वितरण रामाशंकर प्रसाद ने किया। कहा कि पिछलें 15 वर्षों से हर वर्ष दिसंबर महीने में अपनी माता अशर्फी देवी की स्मृति में गरीबों के बीच कंबल का वितरण करते है। कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए आशा देवी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से सुखद अनुभूति होती है। मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इस मौके पर हटिया, बिरसा चौक, जगन्नाथपुर व आसपास के झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लगभग 200 वृद्ध महिलाएं व पुरुषों के बीच कंबल बांटे गए। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण झा, सुधीर कुमार, शिवम कलवार, आदित्य कलवार, अभिषेक कलवार, खुशबू, सान्या, पूजा, ज्योति, उमाशंकर प्रसाद और वीर नारायण प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।



## छात्रों को शिक्षा के साथ छात्रवृत्ति की सुविधा देगा जेएनआईओटी समूह

**रांची।** झारखंड में बच्चों के बेहतर भविष्य से संवारने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में जेएनआईओटी समूह ने बेहतर पहल की है। इसके तहत नर्सरी से लेकर सीबीएसई स्कूलों सहित विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों के साथ शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आगे आए हैं। संस्थान के अध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता ने बताया कि झारखंड के मेधावी विद्यार्थियों के विकास के लिए हमारे समूह कई स्वरूप में काम कर रही है। जहां उन्हें बेहतर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान किया जा सकेगा। इस समूह से जुड़कर साधारण परिवार के लोग भी छात्रवृत्ति के साथ अपनी पूरी पढ़ाई कर सकते हैं। समूह के द्वारा इंजीनियरिंग प्रबंधन बैचलर्स का बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, बैचलर्स ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, मास्टर्स ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस, मास्टर एंड टेक्नोलॉजी, एएनएम बीएससी नर्सिंग, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बैचलर कॉमर्स फार्मेसी, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट जैसे उच्च शिक्षा के कोर्स को समूह के द्वारा संचालन हो रहा है।



## मानव तस्करी के प्रति चलाया गया जागरूकता अभियान

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड व डीएलएड इकाई द्वारा हुलहुंडू गांव में मानव तस्करी के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। प्रशिक्षु शिक्षकों ने जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को बताया कि नेशनल क्राइम ब्यूरो रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में झारखंड में 100 मामले मानव तस्करी के दर्ज किए गए। इसमें नाबालिग लड़के लड़कियों की संख्या अधिक है। ये मामले जबरन मजदूरी कराने, यौन शोषण, घरेलू गुलामी और जबरन शादी से संबंधित थे। संस्थान की निदेशिका डॉ रश्मि ने कहा कि मानव तस्करी के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता है। ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर उन्हें इन अपराधों के प्रति सावधान किया जा सके।



## रांची विश्वविद्यालय ने जारी किया पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय ने पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट जारी कर दिया है। मालूम हो कि पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम 2023 की परीक्षा 24 दिसंबर को हुई थी। इसके तीन दिन बाद ही परीक्षा परिणाम को जारी कर दिया है। रांची यूनिवर्सिटी के पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम में कुल 188 छात्र सफल हुए हैं। एन्थ्रोंपोलॉजी में 12, बॉटनी में 13, केमेस्ट्री में 2, कॉमर्स में 18, इकोनॉमिक्स में 14, इंग्लिश में 17, जियोग्राफी में 8, हिंदी में 17, हिस्ट्री में 16, होम साइंस में 20, मैथ में 3, फिलॉसफी में 11, फिजिक्स में 4, साइकोलॉजी में 12, संस्कृत में 6, सोसोलॉजी में 1, टीआरएल में 1, उर्दू में 1 और जूलॉजी में 1 छात्र पास हुए हैं।




## एपवा राज्यभर में महिला हिंसा पर चलायेगी जागरूकता

**रांची।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के राज्य कमेटी की बैठक महेंद्र सिंह भवन में हुई। जिसमें महिला हिंसा पर जागरूकता चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक दिवंगत नेता मीना राय को श्रद्धांजलि देकर शुरू की गई। बैठक में दिल्ली में हुए एपवा के राष्ट्रीय सम्मेलन की समीक्षा की गई। आगमी 3 जनवरी को सावित्री बाई फुले के जन्म दिवस से 9 जनवरी को फातिमा शेख बेगम के जन्म दिवस तक बहनापा सप्ताह के तहत झारखंड की महिलाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में कहा गया कि मणिपुर में महिला खिलाड़ियों से लेकर साधारण महिलाओं पर शोषण और अत्याचार किया जा रहा है। जिसके खिलाफ पूरे राज्य की महिलाओं को एकजुट किया जायेगा। बैठक में कहा गया कि एपवा के स्थापना दिवस 12 फरवरी पर राज्यवापी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



## मेकॉन को मिला आईईआई इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड

**रांची।** मेकॉन को जबलपुर में रीइमेजिनिंग टूमारोः शेपिंग द फ्यूचर थ्रू डिसरप्टिवएंड इंटरडिसिप्लिनरी टेक्नोलॉजीस विषय पर अवार्ड मिला। 38वीं भारतीय कांग्रेस में प्रतिष्ठित आईईआई इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड से मेकॉन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 27 से 29 दिसंबर तक इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, जबलपुर चैप्टर द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। आईईआई इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और भारत सरकार के पूर्व सचिव यूपी सिंह द्वारा मेकॉन के सीएमडी अजीत कुमार सक्सेना, और निदेशक वाणिज्यिक, संजय कुमार वर्मा को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार मेकॉन के कई दशकों की उत्कृष्ट इंजीनियरिंग क्षमताओं और समृद्ध एवं विविध उद्योग अनुभव का प्रतीक है।



## राजधानीवासियों को वर्षों से अपने बेहतरीन स्वाद का रस दे रहा है कावेरी रेस्टोरेंट

**रांची।** कावेरी रेस्टोरेंट राजधानी का जाना माना नाम जहॉ स्वादिष्ट के साथ गुणवत्ता उक्त व्यंजन मिलता है। शहर के लोगों को यदि घर से बाहर खाना खाने की इच्छा हो, तो मन सबसे पहला नाम आता है कावेरी रेस्टोरेंट का। कावेरी के संचालक कुंवर भाटिया ने बताया कि लोग कावेरी इसलिए आना पसंद करते हैं। क्योंकि रेस्टोरेंट वर्षो से लोगों को अपनी बेहतरीन सेवा व उत्पाद का आनंद दे रहा है। यहॉ के स्वादिष्ट खाना लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। उन्होंने बताया कि कुछ ही दिनों में नया साल आने वाला है। सभी लोग नये साल की तैयारियों में जुट गये है। कुछ लोग पिकनिक स्पॉट पर जाकर मस्ती करते है। वहीं कुछ लोग फैमिली के साथ रेस्टोरेंट जाकर एंजॉय करते हैं। भाटिया ने बताया कि हमारे लिए अच्छी बात है कि नये साल के स्वागत के दौरान यहॉ ग्राहकों की अच्छी उपस्थिति रहती है। कुंवर भाटिया से नये साल के लिए विशेष तैयारी पर पूछने पर बताया कि हम सालों भर अपने कस्टमर के लिए तैयार रहते हैं।



## एक नजर

### राज्य के विभागीय सचिवों को 30 तक मुख्यालय ना छोड़ने का आदेश



**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव एल खयांग्ते ने बुधवार को सभी विभागों के सचिवों को 30 दिसंबर तक मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया है। क्योंकि, 29 दिसंबर को झारखंड सरकार का स्थापना दिवस है। इसके मद्देनजर मुख्य सचिव ने यह आदेश दिया है। दूसरी तरफ 27 से 29 दिसंबर तक दिल्ली में मुख्य सचिवों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन होने वाला है, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस सम्मेलन में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि, मुख्य सचिव और सभी राज्यों के 200 से ज्यादा अधिकारी शामिल होंगे।

### पुलिस ने साइबर आरोपी को किया गिरफ्तार

**रांची।** रांची के पुदांग ओपी क्षेत्र से पुलिस ने एक साइबर आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम असलम अंसारी बताया जा रहा है। आरोपित को पुंदाग ओपी क्षेत्र के आलम हाता से पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपित से उससे संबंधित बैंक खातों में रुपये के लेन-देन से संबंधित पूछताछ कि तो वह रुपये का सही स्त्रोत के बारे में जानकारी नहीं दे पाया। आरोपित ने पुलिस को बताया कि सभी सिम और बैंक खाता उसके साथी सतीश कुमार, बिट्टू, बादल सिंह, अमित कुमार और गोलू के जरिये साइबर ठगी करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। इसके एवज में उसे प्रति खाता कमीशन दिया जाता है।

### मोरहाबादी परिसर में आज और कल रहेगा निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान से चलकर 28 दिसम्बर को झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का मुख्यमंत्री आवास घेरा डालो डेरा डालो रैली की सूचना के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू की गयी है। यह निषेधाज्ञा मोरहाबादी मैदान और मुख्यमंत्री आवास के 200 मीटर तक लागू की गयी है। यह निषेधाज्ञा 28 दिसम्बर से सुबह छह बजे से 29 दिसम्बर रात 11 बजे तक के लिए लागू रहेगा। एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार ने इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार बिना सक्षम प्राधिकार के पुवार्नुमति के किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली करने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। साथ ही किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने, लाउडस्पीकर का प्रयोग करना वर्जित रहेगा।

### घाटशिला में दो ट्रकों के बीच टक्कर में 3 की मौत, एक घायल

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला थाना क्षेत्र में दो ट्रकों के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह मनोहर कॉलोनी के पास हुआ। हादसे में एक व्यक्ति घायल भी है, जिसे इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। बताया गया कि दोनों ट्रकों से बालू की ट्रांसपोर्टिंग की जा रही थी। इनमें से एक ट्रक में खराबी आ गई थी और वह रोड पर खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे दूसरे ट्रक ने सड़क पर खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। इस हादसे में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें राजनगर बटुझोरा के रहने वाले सनोज और घाटशिला मनोहर कॉलोनी के पवित्र कर्मकार उर्फ पिंटू शामिल हैं। एक अन्य मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर जारी किए गए निर्देश

### कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश

### विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक ऑनलाइन करा सकते हैं पंजीकरण




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए हर वर्ष की भांति आगामी जनवरी या फरवरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सातवां संस्करण राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम के टाउनहॉल में आयोजित होगा। इसे देखते हुए झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को पत्र भेजा है।

पत्र में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारियों एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारियों को इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम को देखते हुए सभी स्तरों पर तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार या जिला स्तर पर एक्शन प्लान तैयार करने के साथ कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### क्या है परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम?

इस कार्यक्रम में छात्रों के मन से परीक्षा का तनाव कम करने के लिए प्रधानमंत्री छात्रों के साथ सीधा संवाद कर रहे है। प्रधानमंत्री छात्रों के प्रश्न सुनते हैं और उसका सरलतापूर्वक जवाब देते हैं, जिससे छात्र के मन में उपजे परीक्षा के तनाव को कम किया जा सके। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन विगत 6 वर्षो से करवाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों का पंजीकरण 12 जनवरी, 2024 तक माईगॉव इनोवेट प्लेटफार्म -2024 पर किया जा सकता है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाले छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक भाग ले सकते हैं। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को सबसे पहले माईगॉव इनोवेट प्लेटफार्म-2024 पर होस्ट की गई परीक्षा पे चर्चा प्रतियोगिता में हिस्सा लेना होगा। इसमें कक्षा 6 से 12 तक के स्कूली बच्चे ही शामिल हो सकते है। ऑनलाइन बहु विकल्पीय प्रश्न पर आधारित प्रतियोगिता पूरी करने के बाद छात्र अपना प्रश्न माननीय प्रधानमंत्री को अधिकतम 500 शब्दों में सबमिट कर सकते हैं। इन विशेष विजेताओं में से प्रत्येक को प्रधानमंत्री के साथ उनकी ऑटोग्राफ की गई तस्वीर की एक डिजिटल स्मारिका भी इनाम स्वरूप मिलेगी। साथ ही हर विजेता को एक स्पेशल परीक्षा पे चर्चा किट भी मिलेगी।

## कोर्ट की खबरें

# पूजा सिंघल की भूमिका से जुड़ी पीआईएल की हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड हाईकोर्ट में मनरेगा घोटाले में खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच को लेकर दायर अरुण कुमार दुबे की जनहित याचिका पर बुधवार को वर्चुअली सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में याचिकाकर्ता अरुण कुमार दुबे एवं उसके अधिवक्ता राजीव कुमार के क्रेडेंशियल को सही नहीं मानते हुए दोनों को मामले से हटाने का आदेश दिया। साथ ही कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए एमिकस क्यूरी की नियुक्ति करने का निर्देश देते हुए मामले को किसी सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले में सुनवाई जारी रखने का निर्देश दिया। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल एवं महाधिवक्ता राजीव रंजन ने राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट में पक्ष रखते हुए रूल्स के खिलाफ याचिका दाखिल किए जाने के आधार पर इसे खारिज करने की मांग की थी। पूर्व में कोर्ट ने सरकार का पक्ष जानने के बाद मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रखा था।

पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से अदालत को बताया गया था कि खूंटी में मनरेगा योजनाओं में अभी 200 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी मिली है। उस दौरान पूजा सिंघल खूंटी के डीसी थी। इस मामले में खूंटी जिला के विभिन्न पुलिस थानों में 16 प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

# सरकार के कार्यक्रम और नए साल पर दो हजार फोर्स की रहेगी तैनाती

### सीसीटीवी कैमरा से होगी समारोह की निगरानी

### हुड़दंगियों और छेड़खानी करने वालों से निपटेगी शक्ति कमांडो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार के चार साल पूरा होने पर 29 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यूं तो झारखंड में पिकनिक का दौर शुरू हो गया है लेकिन एक जनवरी के विशेष सेलिब्रेशन के मद्देनजर सुरक्षा के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। रांची आसपास के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की सुरक्षा और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए रांची पुलिस के तरफ से बड़ी तैयारी की गई है। मोरहाबादी मैदान और उसके आसपास के इलाकों में जहां एक हजार फोर्स की तैयारी की जाएगी। वहीं नए साल में सुरक्षा के मद्देनजर अलग से एक हजार फोर्स की तैनात किए जाएंगे। इसमें रैफ, झारखंड पुलिस, आईआरबी के जवान शामिल है। समारोह की सुरक्षा में डीएसपी, इंस्पेक्टर के अलावा सभी थानेदारों को भी लगाया जाएगा। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मोरहाबादी मैदान में अलग से सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। इसके अलावा शहरभर में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी दुरुस्त कर दिया गया है। समारोह स्थल और शहरभर की निगरानी कंट्रोल रूम से किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति समारोह स्थल और उसके आसपास में उत्पात मचाता है या फिर समारोह में बाधा उत्पन्न करता है तो ऐसे लोगों को तुरंत गिरफ्तार किया जाएगा।

### पिकनिक स्पॉट पर कार्यरत रहेगा पुलिस सहायता केंद्र



एसएसपी ने बताया कि रांची के आस पास स्थित दसम ,जोन्हा फॉल जैसे सभी पिकनिक स्पॉट्स पर पुलिस सहायता केंद्र केंद्र खोले जा रहे है। पर्यटन मित्रों के साथ भी इस कार्य मे मिलेगा। वही पुलिस के द्वारा नशे में वाहन चलाने वालों की जांच करने के लिए कुछ स्थान को चिन्हित किया गया है, जहां पर रात में चेकिंग की जायेगी। नशे में वाहन चलाते पकड़े जाने पर पुलिस उनसे सख्ती से निबटेगी। एसएसपी ने कहा कि पिकनिक स्पॉट की सुरक्षा में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जिले के थानेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। आम लोगों से भी सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की गई है। जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर एक सूचना बोर्ड और फ्लेक्स लगाकर सावधानी बरतने की अपील की गई है। उसमें स्थानीय थाना प्रभारी और डीएसपी का नंबर भी अंकित किया गया है। साथ ही इमरजेंसी की स्थिति में डायल 100 और 112 पर सूचना देने की अपील भी की गई है।

### आधा दर्जन जगहों पर पार्किंग की रहेगी व्यवस्था

एसएसपी ने बताया कि राज्यभर से बड़ी संख्या में लोगों के समारोह में शामिल होने की सूचना है। उनके लिए पार्किंग स्थल का चयन किया गया है। जितनी भी गाड़ियां आएगी, उनके लिए हरमू मैदान, रांची कॉलेज मैदान, मोरहाबादी के आसपास में आधा दर्जन जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### शक्ति कमांडो सहित 700 जवान तैनात रहेंगे

नव वर्ष की सुरक्षा सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस ने पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। पूरे रांची भर में 700 से अधिक अतिरिक्त बल लगाए जा रहे है। महिलाओं के साथ होने वाली छेड़खानी की घटनाओं को लेकर रोकने के लिए राजधानी में 50 शक्ति कमांडो भी तैनात की गई हैं। 15 जनवरी तक शक्ति कमांडो शहर में स्थित सभी पार्कों पर नजर रखेंगी।

### एनडीआरएफ और गोताखोर अलर्ट पर

एसएसपी ने बताया कि वैसे फॉल और झरनें जहां डूबने का खतरा बना रहता है। उन जगहों पर एनडीआरएफ टीम और गोताखोरों को अलर्ट पर रखा गया है। सैलानियो से अपील की गयी है कि खतरनाक स्थानों पर जाकर सेल्फी ना लें, डूबने वाले इलाके में स्नान के लिए न उतरे।

### डोरंडा में महिला से दुष्कर्म, पत्थर से कूचकर हत्या

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के बड़ा घाघरा में रहने वाली एक महिला का दुष्कर्म कर अपराधियों ने पत्थर से कूचकर उनकी हत्या कर दी। बुधवार की सुबह महिला का शव उसके घाघरा स्थित मकान से मिला है। मृतक महिला का नाम सुकरो उराइन(54) है। मूलरूप से चुटिया की रहने वाली सुकरो वर्तमान में बड़ा घाघरा में किराए का मकान लेकर रह रही थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल की जांच की। इस दौरान पुलिस को खून से सना एक पत्थर भी मिला है। वहीं महिला के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोट के निशान मिले हैं। पुलिस को प्रारंभिक जांच में मामले में करीबी के शामिल होने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। इस मामले में पुलिस की टीम दुष्कर्म के बिंदु पर ही जांच में जुट गई है। घटना स्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाल रही है। हालांकि अब तक पुलिस को अपराधियों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस को सुबह साढ़े आठ बजे सूचना मिली कि एक महिला की हत्या कर दी गई है। पुलिस पहुंचकर मृतक के पति दहरू उरांव को मामले की जानकारी दी।

# उपराजधानी दुमका में हाईकोर्ट बेंच को लेकर राजनीति हुई तेज



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

दुमका में खंडपीठ स्थापना को लेकर एक बार फिर राजनीति तेज हो गई है। पहले तो हाई कोर्ट बेंच का वर्चुअल प्लेटफार्म का ओपनिंग होने के साथ ही बंद हो जाने के कारण जिला अधिवक्ता संघ में नाराजगी होना और उसके बाद भाजपा के देवघर विधायक नारायण दास का बयान की दुमका में हाईकोर्ट बेंच के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है, बेंच की स्थापना देवघर में होना चाहिए।

विधायक का बयान आग में घी डालने का काम किया। विरोध में अधिवक्ता संघ ने भाजपा विधायक का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। बुधवार को वर्षों से लंबित हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ ने एक बार पुनः मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कियाए जिसकी अगुवाई संघ अध्यक्ष निशिकांत प्रसाद एवं सचिव राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अधिवक्ताओं को समर्थन सत्ताधारी दल के महेशपुर विधायक डॉ स्टेफन मरांडी का मिला। अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम एक सूत्री मांग पत्र सौंपा।

# बैंक से पैसा निकालकर घर जा रही शिक्षिका से तीन लाख लूटकर अपराधी हुए फरार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में बेखौफ अपराधी लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मगर पुलिस अपराधियों पर लगाम कसने में नाकाम साबित हो रही है। ताजा मामला डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह का है। यहां पर बाइक सवार अपराधियों ने एक सेवानिवृत शिक्षिका से तीन लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। घटना बुधवार दोपहर अपराधियों ने डिबडीह में उस समय अंजाम दिया जब शिक्षिका बैंक से पैसा निकालकर घर जा रही थी। पीड़ित शिक्षिका एरेन बाड़ा ने इस संबंध में डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। वहीं उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज खंगाला। हालांकि अब तक पुलिस को अपराधियों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

### बेटे की शादी के लिए बैंक से पैसा निकाल घर जा रही थी शिक्षिका

केंद्रीय विद्यालय से सेवानिवृत हुए शिक्षिका एरेन बाड़ा ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को डोरंडा एसबीआई बैंक पैसा निकासी के लिए गई थी। दिन एक बजे पैसा निकालकर उसे एक थैला में रखा। थैला में निकासी के तीन लाख रुपए थे। राशि बेटे की शादी को लेकर निकाला था। जैसे ही वह डिबडीह पहुंची। एक बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे और उनके हाथ से रुपयों से भरा थैला छीनकर भाग निकले। हालांकि वह शोर भी मचायी, मगर अपराधी तेजी से बाइक से भाग निकले। इसके बाद शिक्षिका सीधे डोरंडा थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया।

# स्कूली बच्चों के पोशाक खरीद में घोटाले की आशंका : बाबूलाल

### मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जांच की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते को बुधवार को पत्र लिखा है। पत्र में बाबूलाल ने हजारीबाग में सरकारी स्कूली बच्चों के पोशाक खरीद में घोटाले की आशंका जाहिर की है। साथ ही इसकी जांच कराने एवं दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को राज्य के मुख्य सचिव को लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने जिले के सरकारी स्कूलों में घटिया पोशाक वितरण में गड़बड़ी का मसला उठाया था। राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड (शिक्षा विभाग) ने बच्चों के पोशाक वितरण से संबंधित दिशा निर्देश सभी जिलों के संबंधित अधिकारियों को आठ अगस्त को जारी किया था। तय मापदंड के बाहर जाकर हजारीबाग के जिला शिक्षा अधीक्षक ने बगैर टेंडर और इसे स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किए बिना दूसरे जिले के एनजीओ को पोशाक आपूर्ति का आदेश दे दिया। यह नियम विरुद्ध है। साथ ही इसकी क्वालिटी इतनी खराब निकली कि सप्ताह भर में ही स्वेटर और पोशाक फटने शुरू हो गए। बाबूलाल ने लिखा है कि राज्य परियोजना निदेशक की ओर से जारी दिशा निर्देश में कहा था कि यदि जिले में संचालित एसएचजी स्वेटर, पोशाक के कार्य को निर्धारित समय में कर सकते हैं तो उनके माध्यम से इस कार्य को कराना है अन्यथा डीबीटी के जरिये बच्चों को उनके बैंक खाते में राशि उपलब्ध करायी जानी है लेकिन कमीशनखोरी के लिए हजारीबाग डीएसई द्वारा नियम कानून को किनारे कर दिया गया। चहेते एसएचजी को पोशाक आपूर्ति का आदेश देकर 12 करोड़ रुपये की निकासी कर ली गयी।

### आजसू की केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह रामगढ़ में छह जनवरी को

**रांची।** आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में छह जनवरी, 2024 को पतरातु, रामगढ़ में केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित की गई है। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख एवं उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे। साथ ही सभी अनुषांगिक इकाई (अखिल झारखंड महिला संघ, अखिल झारखंड छात्र संघ, आजसू बुद्धिजीवी मंच, अखिल झारखंड श्रमिक संघ, अखिल झारखंड किसान संघ, अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ, अखिल झारखंड उद्योग एवं व्यापार संघ, अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा, अखिल झारखंड अल्पसंख्यक महासभा, अखिल झारखंड अनुसूचित जनजाति महासभा, अखिल झारखंड अनुसूचित जाति महासभा एवं आजसू पार्टी कला-संस्कृति प्रकोष्ठ) के केंद्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित रहेंगे।




प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को रांची के खेलगांव में आयोजित हमारा संकल्प विकसित भारत (मोदी की गारंटी) कार्यक्रम में शामिल हुए।

### राज्य सरकार ने ग्राम पंचायतों के चयन के लिए सांसदों को लिखा पत्र

**रांची।** राज्य सरकार ने सांसद आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत सांसदों से ग्राम पंचायतों का चयन करने की अपील की है। इस संबंध में मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग ने सभी सांसदों को पत्र लिखकर इस संबंध में अनुरोध किया है। सांसद आदर्श ग्राम से अभी अधिकांश जिलों में ग्राम पंचायतों का चयन नहीं हो सका है। विभाग ने पाकुड़ व जामताड़ा जिला को छोड़कर अन्य जिलों के उपायुक्तों को भी पत्र लिखा है और सांसदों से समन्वय करते हुए ग्राम पंचायत का चयन कराने का अनुरोध किया है। साथ ही जल्द से जल्द लंबित कार्य को पूरा करने को कहा गया है। ग्रामीण विकास विभाग ने 31 दिसंबर तक आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत सभी योजनाओं के डीपीआर से संबंधित बैठक का आयोजन किए जाने के लिए सभी उपविकास आयुक्तों को अलग से निर्देशित किया है। सांसदों द्वारा ग्राम पंचायत के चयन के बाद पंचायत विकास से जुड़ी योजनाएं चलायी जायेंगे। एक ग्राम पंचायत का चयन सभी सांसदों को करना है। राज्य में 14 लोकसभा और छह राज्यसभा सदस्य हैं।

### दैनिक पंचांग

**28 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.58 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | कुंभ | 09.44 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 11.17 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.47 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 14.27 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 16.26 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.39 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 20.55 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 23.07 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | तुला | 01.18 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.32 ब.से |
| | | धनु | 05.48 बजे से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 362 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 06.47 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु 01.05 बजे रात्र को समाप्त। **योग** इन्द्र 02.23 बजे रात्र को समाप्त। **करण** कौलव 06.47 बजे तदनन्तर तैतिल 19.20 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 15.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 18' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871841 **जूलियन दिन** 2460306.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 14

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आत्महत्या के पीछे घरेलू समस्या, बीमारी, वित्तीय समस्या और मानसिक तनाव

# बीते 3 वर्षों में 18 जवानों ने की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की आत्महत्या करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बीते तीन वर्षों में कुल 18 जवानों ने खुद को गोली मारकर या फंदे से लटक कर जान दे दी है। जवानों की आत्महत्या के पीछे घरेलू समस्या, बीमारी, वित्तीय समस्या और मानसिक तनाव की बातें सामने आई हैं। बुधवार को खलारी थाना के एनके एरिया स्थित सीआईएसएफ कैंप में एक जवान बीएन वर्मा ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

- 26 दिसंबर को बोकारो जिले के रहावन कैंप में सीआरपीएफ 26 बटालियन के एक जवान ने सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।
- 27 नवंबर को गुमला के सिलम में 218 सीआरपीएफ बटालियन कैंप में तैनात सीआरपीएफ के हवलदार संजय कुमार ने एके 47 से खुद को गोली मारकर जान दे दी थी।
- 07 अक्टूबर को पलामू जिले में सीआरपीएफ के जवान प्रांजल नाथ ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।
- 19 अगस्त को लोहरदगा जिले में सीआरपीएफ 158 बटालियन के जवान ने खुदकुशी कर ली है। घटना लोहरदगा जिले के सुदूरवर्ती पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग सीआरपीएफ कैंप में हुई थी।
- 10 जुलाई को पलामू के चियांकी 112 बटालियन में तैनात सीआरपीएफ के एक जवान ने गोली मारकर आत्महत्या की थी।
- 06 जनवरी को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के गोईलकेरा में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की थी।
- 08 अक्टूबर, 2022 को लातेहार में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मार ली थी, जिसमें उसकी जान चली गई।
- 19 सितंबर, 2022 को धनबाद में सीआरपीएफ जवान ने छत से कूदकर जान दे दी थी।-27 अगस्त, 2022 को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के चक्रधरपुर में सीआरपीएफ के जवान अजीत पाठक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।
- 26 मई, 2022 को गिरिडीह पंचायत चुनाव की ड्यूटी में बगोदर आये एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) के जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।
- 08 फरवरी, 2022 को धनबाद के चासनाला निवासी सीआईएसएफ के जवान सारथी नंदन झा ने खुदकुशी की थी।
- 31 दिसंबर, 2021 को लोहरदगा के चैनपुर पिकेट में तैनात सीआरपीएफ के जवान दिलीप कुमार ने खुद को गोली मारकर जान दे दी थी।
- 27 जुलाई, 2021 को हजारीबाग जिले में मेरु में सीमा सुरक्षा बल के जवान कमलेश सिंह ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी।
- 9 जुलाई, 2021 को गिरिडीह के मधुबन में सीआरपीएफ के जवान रतन दास ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।
- 08 जून, 2021 को चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के बेलगडा कोरोना आइसोलेशन सेंटर में सीआरपीएफ 190वीं बटालियन के एक जवान ने पहले साथी को और फिर खुद को गोली मार ली थी।
- 31 मई, 2021 को हजारीबाग में बीएसएफ के एक जवान ने खुदकुशी की थी।
- 26 फरवरी, 2021 को गुमला में सीआरपीएफ जवान ने अपनी ही रायफल से खुद को गोली मारकर की आत्महत्या कर ली थी।

## एक नजर

### शास्त्री नगर नईसराय में अहिवरन जयंती मनायी गयी

रामगढ़। शास्त्री नगर नईसराय में अहिवरन जयंती धूमधाम से मनायी गयी। जिसके उदघाटन झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंद किशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू एवं झारखंड वैश्य समाज के संस्थापक सह युवा एवं जुझारू नेता राजीव जयसवाल ने किया। इस दौरान उनकां शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर भव्य स्वागत किया गया। अहिवरन जयंती के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मोदी वर्णवाल विकास संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार रंजन एवं विशिष्ट अतिथि शिवशंकर मोदी मौजूद थे। मंच संचालन शिवशंकर साहू एवं अध्यक्षता सुनील कुमार वर्णवाल ने किया। केंद्रीय अध्यक्ष नंदू गुप्ता ने कहा कि मोदी वर्णवाल समाज के आदिपुरुष आहिवरण महाराज थे। जिनका इतिहास के पन्नों में सफल राज्य चलाने और जनता के दिलों में राज करने वाले महाराजा के रूप में जिक्र है ।

### खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन पौधारोपण कर मनाया गया

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के जन्मदिवस पर संगठन के सदस्यों ने 27 दिसम्बर को पतरातू प्रखंड अंतर्गत पलानी वाटर पार्क में पौधारोपण एवम मिठाई वितरण के साथ एक अनोखे एवं कुछ अलग तरीके से उनका जन्मदिन मनाया । कार्यक्रम जेबीकेएसएस पतरातू प्रखंड के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। सभी ने जयराम महतो के उत्तम स्वास्थ्य एवम लंबी उम्र की कामना की। संगठन के सदस्यों ने कहा की झारखंड को ऐसे युवा कर्मठ एवम पढ़े लिखे व्यक्ति की जरूरत है। मौके पर मुख्य रूप से गिरिशंकर महतो, राजेंद्र बेदिया, आर . के महतो, राजकिशोर चौधरी, श्यामसुंदर महतो, धनंजय यादव, उमेश महतो, सुरेंद्र महतो, मनोरंजन महतो, अंजन कुमार महतो, नौशाद अंसारी, नसीरुद्दीन अंसारी, गोपाल महतो, तैयब अंसारी, सुभान अंसारी, रविन्द्र महतो, द्वारिका महतो, परशुराम दांगी, पवन कुमार महतो, टिकेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

### खस्सी चुरा कर भाग रहे दो चोर को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के सुतरी गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को दो खस्सी की चोरी कर भाग रहे दो चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक पर सवार दोनों चोर खस्सी को पकड़कर ले जा रहे थे। इसी बीच खस्सी मालिक की नजर उसपर पड़ी तो हल्ला मचा दिया। जिससे वहां पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और दोनों चोर को खदेड़ कर पकड़ लिया। बताया जाता है कि पकड़े गए दोनों चोर बोकारो जिले के सिबनडीह के रहने वाले हैं। सुतरी गांव में खुंटे से बंधे खस्सी की चोरी कर बोरी में डाल रहे थे। सूचना पर पहुंचे मुखिया सतीश मुर्मू ने घटना की सूचना गोला पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अपने साथ थाना लाकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## भाजपा ने गुरुद्वारे में मनाया बाबा वीर बाल दिवस

# लगाई गई साहिबजादों की चित्र प्रदर्शनी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादो बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह को 26 दिसंबर 1704 को इस्लाम धर्म कबूल ना करने पर सरहिंद के नवाब ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया था एवं दादी गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया था। उन्हीं के याद में, साहिबजादो के शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के कार्यकर्ताओं द्वारा गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा में बोते 26 दिसंबर को मनाया गया। यह निर्णय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस एवं शहीदी सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था ।यह राष्ट्र के लिए एक नई शुरूआत है ।यह शहीदी सप्ताह और वीर बाल दिवस भावों से भरा जरूर है लेकिन यह अनंत प्रेरणा का स्त्रोत भी है। सिख गुरुओं के महान योगदान और सिख परंपरा के बलिदान को स्मरण कराता है। कार्यक्रम में अमृतसर से आए प्रचारक भाई बलदेव सिंह एवं भाई हरप्रीत सिंह द्वारा चारों बाबा वीर बालकों की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालकर आम जनों को बताने की कोशिश की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव, केपी ओझा, गुरुद्वारा प्रबंध कमिटी के अध्यक्ष सरदार अवतार सिंह, सचिन देवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष प्रितपाल सिंह कलरा, उपाध्यक्ष दीपक पसरिया, कोषाध्यक्ष कवलजीत सिंह, महंतविजया नंददास, हरीश श्रीवास्तव, भैया अभिमन्यु प्रसाद, टुनु गोप, विनोद भगत, जय नारायण प्रसाद, प्रोफेसर मुकुल जी, उदय प्रताप सिंह, डॉक्टर एपी सिंह, डॉ राजकुमार चौबे, शत्रुघ्न पांडे, पीके सिंहा, अनिल सिंहा, हिमांशु सिंहा, कृष्ण सिंहा, सैयद तनवीर अहमद ,डॉक्टर महावीर प्रसाद, सुमन सिंहा, विवेक बैरियर, गुणवंत सिंह ,मनिंदर सिंह ,कुलवंत सिंह, अशोक पसरिचा, तनवीर सिंह, गुरु शरण सिंह, एवं सर्वजीत सिंह उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

## डीलर संघ ने केंद्र पर दमनकारी नीति अपनाने का लगाया आरोप

# अपनी मांगों को लेकर एक जनवरी से हड़ताल पर रहेंगे पीडीएस दुकानदार



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
जन वितरण प्रणाली दुकान के प्रखंड अध्यक्ष जागेश्वर यादव तथा सचिव नंदलाल तिवारी के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर 1 जनवरी से प्रखंड के सभी राशन डीलर के हड़ताल पर जाने की बात कही है। वही प्रखंड अध्यक्ष जागेश्वर यादव ने बताया कि अपने विभिन्न मांगों को लेकर बरकट्ठा समेत पूरे देश के डीलर 1 जनवरी से हड़ताल पर रहेंगे और 27 दिसंबर को हम लोग बीडीओ और खाद आपूर्ति पदाधिकारी को अपना मांग पत्र सौंपें है ।वहीं प्रखंड सचिव नंदलाल तिवारी ने कहा कि कमीशन बढ़ाने के लिए राज्य के 25 हजार पीडीएस दुकानदार 1 जनवरी से हड़ताल पर रहेंगे। वर्तमान में कमीशन ?1 है जिसे पीडीएस दुकानदार ?3 करने की मांग कर रहे हैं ।बताया कि हमारी मुख्य मांगों में समय पर नेट सर्वर नहीं चलना, 2022 के पीएमजीकेएवाई के वितरित कर दिए गए अनाजों के कमिश्नर का भुगतान नहीं, सरकार द्वारा झूठे आश्वासन ,लापरवाह व्यवस्था और मनमानेपन के शिकार हजारों विक्रेता जाए तो कहां जाएं, घटिया ई भार मापक यंत्र देकर विक्रेताओं से रिपेयरिंग के नाम पर नाजायज वसूली कब तक बर्दाश्त होगा, एनएफएसए में अग्रिम भुगतान का नियमन होने के बावजूद कमीशन प्राप्त करने में कमीशन खोरी को कब तक बर्दाश्त किया जाएगा।

## सदर विधायक ने कुसुम्भा में ग्रामीणों और एनटीपीसी अधिकारियों संग की बैठक



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित ग्राम कुसुम्भा में बीते कुछ दिनों से इस क्षेत्र के लोग एनटीपीसी द्वारा बनादाग साइडिंग में अंडरब्रिज निर्माण के योजना को लेकर आंदोलनरत रहें हैं। इस क्षेत्र के ग्रामीणों का मांग है की अंडरब्रिज ना होकर यहां ओभरब्रिज बनाया जाना चाहिए। इसी मामले को लेकर बुधवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल कुसुम्भा पहुंचे जहां उनके उपस्थिति में ग्रामीणों और एनटीपीसी अधिकारियों के बीच इस मामले को लेकर वार्ता हुई। विधायक मनीष जायसवाल ने एनटीपीसी के अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा की कुसुम्भा, चीची, कुबा सहित आसपास के कई गांवों के लोगों का यह मुख्य मार्ग है और अंडरब्रिज बनाए जाने से असामाजिक घटना और असामाजिक कृत्य की आशंका भविष्य में रहेगी ऐसे में ग्रामीणों की यह जायज मांग है की यह ओभरब्रिज बनाया जाय और जब तक ग्रामीणों की सहमति नहीं मिलेगी तबतक एनटीपीसी यहां अपने प्रस्तावित अंडरब्रिज के कार्य को शुरू ना करें अन्यथा ग्रामीणों के साथ हम भी उनके आंदोलन में शरीक होंगे और आपके कार्य का विरोध जताएंगे । मौके पर स्थानीय कई गांवों के प्रमुख जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण और एनटीपीसी के अधिकारी मौजूद रहें।

## शहरी आजीविका मिशन,40 प्रशिक्षणार्थियों को मिला नियुक्ति पत्र



**हजारीबाग।** दीनदयाल अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत हजारीबाग नगर निगम के मेधावी फाउंडेशन कौशल प्रशिक्षण प्रदाता के प्रशिक्षणार्थियों को नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल एवं सहायक नगर आयुक्त के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। प्रशिक्षणार्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों के माध्यम से रोजगार मेला का आयोजन कर किया गया है जिसमें उन्हें वेब कनेक्ट ,मेधावी फाउंडेशन ,इंस्टा कार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, नींबुस बीपीओ इग्नाइट ट्रेडर्स , केक पॉइंट एंड मार्ट समेत विभिन्न कंपनियों के माध्यम से उनका चयन किया गया है। विदित हो कि दीनदयाल अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत हजारीबाग नगर निगम स्थित मेधावी फाउंडेशन के द्वारा सीसीटीवी, डाटा एंट्री ऑपरेटर इन्वेंटरी क्लर्क, और ब्राइडल फैशन एंड फोटोग्राफी आर्टिस्ट के विभिन्न जॉब रोल में प्रशिक्षण कराया गया है चयनित विद्यार्थियों को बुधवार को नगर निगम स्थित सूचना भवन सभागार में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गयो नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सहायक नगर आयुक्त नगर विपिन कुमार, अनिल कुमार पांडेय, मिशन प्रबंधक मधु कुमारी,सामुदायिक संगठनकर्ता बिक्रम कुमार, नैयर वसीम तथा सेंटर मैनेजर उपस्थित थे।

## सुविधाओं की कमी के बावजूद उमड़ते हैं सैलानी

# दिसंबर माह आते ही गुलजार होने लगते हैं जवाहर घाट, नेहरू पार्क, जरहिया डैम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
देश का सबसे महत्वपूर्ण चौक बरही से चंद दूरी पर स्थित यहां के कई पर्यटक स्थल सैलानियों को बर्बस अपनी और खींचने को मजबूत करती है। जहां सुविधाविहीन होने के बाबजूद दिसंबर से जनवरी माह के बीच सैलानियों के आने का सिलसिला बढ़ जाता है। जवाहर घाटः बरही चौक से महज दो किमी की दूरी पर स्थित जवाहर घाट की बात ही कुछ और है। प्राकृतिक की गोद में बसा एक रमणीय स्थल जहां एनएच व रेलवे लाईन के संगम के बीच तिलैया डैम के शीतल और अविरल धारा नयनाभिराम दर्शन के लिए दर्शकों को आमंत्रित करती है। जहां कई क्षेत्रीय सीरियल की भी शूटिंग किए जा चुके है। पिकनिक के कई आकर्षक स्पॉट के साथ नौका विहार और ताजी मछलियां की तो बात ही कुछ और है।

**नेहरू ऊर्फ चेचरो पार्क :** जीटी रोड से महज चार किमी दूर पंचमाधव ऊर्फ बसरिया पंचायत स्थित पडीरमा के रास्ते पर पहाड़ की तराई में बसा नेहरू पार्क बरही क्षेत्र के लिए पिकनिक स्पॉट का श्रेष्ठ व शांतिपूर्ण जगह माना जाता है। जो तिलैया डैम के निर्माण के समय देश के पहले प्रधानमंत्री पडीत जवाहरलाल नेहरू की याद में बनाया गया था। जहां पहले कभी विदेशियों का आना लगा रहता था। प्राकृतिक की गोद में बसा यह रमणीय स्थल व डैम की तलछटी में बना नेहरू स्मारक आज भी आकर्षण का केंद्र है। जहां अभी भी टूटी फूटी नाव और पार्क के अवशेष देखने को मिलते है।

जराहिया डैमः इसी पंचायत का जरहिया डैम भी इस क्षेत्र के लिए पिकनिक स्पॉट में से एक माना जाता है। एक बड़ा जलाशय जहां से पटवन के लिए सिंचाई विभाग ने एक लंबी नहर योजना बना रखी है। जिससे सैकड़ों कृषक लाभान्वित होते है।

# कपूर्री विचार मंच ने जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाने का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। पतरातू**
कपूर्री विचार मंच पतरातू की ओर से जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त निर्णय मंगलवार पीटीपीएस स्थित आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय में कपूर्री विचार मंच पतरातू की ओर से आयोजित बैठक में ली गई। बैठक की अध्यक्षता नागेश्वर ठाकुर और संचालन संजय ठाकुर ने की। जबकि बैठक में मुख्य रूप से आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़का गांव विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रोशनलाल चौधरी, केंद्रीय महासचिव विजय साहू, केंद्रीय सचिव राजू कुमार उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 जनवरी को कपूर्री विचार मंच की ओर से कपूर्री ठाकुर की भव्य प्रतिमा स्थल पर उनकी 100 वीं जयन्ती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं बैठक में रोशनलाल चौधरी ने आश्वासन दिया कि कपूर्री ठाकुर की पुनः भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। साथ ही कपूर्री चौक का सुंदरीकरण कराया जाएगा। वहीं मंच की ओर से जयन्ती समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के लिए रोशनलाल चौधरी को आमंत्रण पत्र सौंपा गया। बैठक में नागेश्वर ठाकुर, संजय ठाकुर, वासुदेव ठाकुर, डॉक्टर मुकेश ठाकुर, डॉक्टर ईश्वरदेव ठाकुर, बसंत ठाकुर, नारायण ठाकुर, सोनू ठाकुर, रामचन्द्र ठाकुर, किशन ठाकुर, रामकिशोर ठाकुर, संजय कुमार, कन्हैया ठाकुर, रामचन्द्र कुमार, राजू ठाकुर, अजीत ठाकुर, रामन ठाकुर आदि शामिल थे।

## डिवाइन स्कूल ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्थित प्लस 2 तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल मे प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी गरीब व निसहायों के बीच कम्बल का वितरण किया।वहीं विद्यालय निदेशक आई पी भारती,प्रधानाचार्य स्वाती ने कम्बल वितरण कर उन सबका आशिर्वाद लिया । उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा से गरीबों के सेवा हेतु प्रयासरत है । कम्बल लेने के उपरांत सभी वृद्ध व गरीब लोग खुश नजर आये साथ ही निर्देशक महोदय ने अभिभावकों व शिक्षको से भी अपील किया कि वे लोग आपने क्षेत्र में कम से कम एक गरीब व्यक्ति को मदद अवश्य करे । कहा कि समाज के बुद्धिजीवियों को इस कार्य के लिए आगे आने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमलेश कुमार, कामेश्वर प्रसाद ,अर्जुन प्रसाद,संगीता कुमारी,अनिल कुमार,बिमल किसोर,राणा तेजस्वी,पूनम कुमारी व विद्यालय प्रबन्धन समिति का योगदान सराहनीय रहा।

# टीबी मुक्त रामगढ़ संबंधित किताब का उपायुक्त ने किया विमोचन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत टी बी फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी प्रोग्राम एवं जिला टीबी फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ० स्वराज ने टीबी मुक्त भारत के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा देश को 2025 तक टी०बी० मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें सभी की जन भागीदारी सुनिश्चित हो इस हेतु टीबी रोग व इसके उपचार के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में प्राप्त निर्देश के आलोक में टीबी फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी कार्यक्रम चलाया जाना है जिसके तहत कारखानों में कार्यरत कर्मियों को टीबी रोग व इसके उपचार के प्रति जागरूक किया जाना है। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने बैठक में उपस्थित विभिन्न कारखानों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को टीबी फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी प्रोग्राम का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने की बात कही।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज, हजारीबाग के तत्वावधान में संचालित ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज के द्वारा वार्षिक खेल-कूद सह सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, खेल प्रशिक्षक सह समाजसेवी तापस चक्रवर्ती, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ भोला प्रसाद, जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक विनय कुमार, प्राचार्य शंभू कुमार, परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी उमेश ठाकुर, नीलिमा कुजूर, रत्नेश कुमार, कटकमसांडी +2 उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिखा खाखा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगिण विकास होना है, महाविद्यालय सभी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुउद्देशीय परियोजनाओं को समय-समय पर संचालित करती रहती है। इस बार भी महाविद्यालय ने 6 दिन का कार्यक्रम रखकर खेलकूद प्रतियोगिता के साथ-साथ रंगोली, मेंहदी, फोटोग्राफी, समूह नृत्य, कवि सम्मेलन, भाषण प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता सभी विधाओं में विद्यार्थियों ने चढ-बढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बालक दौड़ 400 मीटर में प्रथम स्थान में छोटेलाल कुमार,द्वितीय स्थान दिलीप सोरेन,तृतीय स्थान दिनेश कुमार भोक्ता। बालक दौड़ 1500 मीटर में प्रथम स्थान में विक्रम कुमार,द्वितीय स्थान विशाल कुमार, तृतीय स्थान दिलीप कुमार, बालिका दौड़ 100 मीटर में प्रथम श्रेणी में अंजली कुमारी, द्वितीय स्थान गुड़िया कुमारी, तृतीय नीतू कुमारी, बालिका दौड़ 400 मीटर में प्रथम स्थान में अंजली कुमारी, द्वितीय स्थान सपना कुमारी,तृतीय स्थान नीतू कुमारी, बालिका दौड़ 1500 मीटर में प्रथम स्थान में अंजली कुमारी, द्वितीय स्थान नंदनी कुमारी, तृतीय स्थान ज्योति कुमारी, क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता इचाक कॉलेज और उप विजेता हजारीबाग कॉलेज रहा।

## सॉफ्टेक के विद्यार्थियों ने वनभोज का उठाया लुत्फ, निदेशक पुत्र का मनाया गया 9वां जन्मदिन



**बरही।** 26वें वार्षिकोत्सव के समाप्ति के पश्चात सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन की ओर से वनभोज का आयोजन किया गया. इसके तहत केंद्र प्रबंधन अपने केंद्र के दर्जनों विद्यार्थियों के साथ बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर पंचायत स्थित चुनाखान पहुंचा. जहां विद्यार्थियों ने शाकाहारी व्यंजनों का लुत्फ उठाया. इसके साथ ही चुनाखान के नैसर्गिक और रमणीय स्थल पर बहते झरने का भरपूर आनंद उठाया. पिकनिक स्थल पर ही केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा के 9 वर्षीय पुत्र शिवेश दीप का जन्म दिन भी मनाया गया. जिसका उपस्थित लोगो ने भरपूर आनंद उठाया. स्थानीय लोगो ने बताया कि प्रकृति की गोद में बसा यह गुमनाम स्थल पिकनिक के लिए अत्यंत ही मनोहारी है. जिसे बहुत कम लोग ही जानते है और काफी कम संख्या ने वनभोज के लिए आते है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह और जनवरी का पहला सप्ताह पिकनिक के लिए गुलजार रहते है। यह स्थल जीटी रोड गोरहर से करीब सात किमी दूर पहाड़ी स्थल पर अवस्थित है। केंद्र निदेशक ने बताया कि यह एक रमणीय स्थल है. जिसे विकास कर स्थानीय पर्यटन स्थल को विकास करने की आवश्यकता है. वनभोज कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी, लैब सहायक रोहित कुमार दास, भोला कुमार, पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो, केंद्र के विद्यार्थी सोनाली, मुस्कान, साइना, साहिना, नूपुर, सोनी, मनीषा, रूपा, प्रीति, नेहा, पंकज, अमृता, साहबाज, सैफ, अमृत, धोनी, पंकज, दिलीप भुईयां, दिलीप पासवान, केंद्र निदेशक की पत्नी ज्योति वर्मा, उनकी पुत्री दीप ज्योति, पुत्र शिवेश उर्फ.शुभ, भतीजा सोनू, आयुष, मोनू, भांजा राहुल, भांजी ज्योति सिन्हा, अग्रज चंद्रदीप कुमार सिन्हा आदि शामिल थे।

## प्रदर्शन बड़ा अखाड़ा ठाकुर बाड़ी परिसर में मना शहीदी बाबा दिवस

# विधायक सहित कई गणमान्य लोग हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
मालवीय मार्ग स्थित ऐतिहासिक बड़ा अखाड़ा, ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में महंत विजयानंद दास की अगुवाई में माता गुजरी जी के चार वीर सहबजादों की शहीदी को समर्पित शहीदी बाबा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य के मधुबनी जिले से यहां पहुंचे पहलवानों द्वारा भारतीय कुश्ती कल का अद्भुत और विलक्षण प्रदर्शन किया गया। उपस्थित लोगों के बीच हनुमान चालीसा का वितरण किया गया और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। मौके पर अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, सरदार अवतार सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा नेता सह बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता,भाजपा नेता केपी ओझा, भैया बांके बिहारी, कांग्रेस नेत्री कोमल कुमारी, ब्रजेश तिवारी, शिवदत्त पांडेय, शत्रुघन पांडेय, मुनींद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत किया एवं सभी ने बाल शहीदी दिवस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। मौके पर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने बाल शहीदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की यह दिवस हमें याद दिलाता है कि धर्म, निष्ठा और शौर्य की पराकाष्टा के समय आयु मायने नहीं रखती। विधायक मनीष जायसवाल ने कुश्ती कला से बेहद प्रभावित होकर बिहार के मधुबनी से पहुंचे कलाकारों को अपनी ओर से सम्मानित किया और उनका एवं उनके कला का मान बढ़ाया। इस कार्यक्रम के अवसर पर झारखंड, बिहार एवं उत्तर प्रदेश के पहलवानों के साथ झारखंड कुश्ती संघ की स्थापना का प्रस्ताव भी लाया गया । कार्यक्रम में मंच संचालन महंत विजयानंद दास एवं धन्यवाद ज्ञापन ब्रजेश तिवारी द्वारा किया गया। सभा की अध्यक्षता मुनींद्र शर्मा और विषय प्रवेश शत्रुघन पांडेय द्वारा किया गया। मौके पर समाज के कई गणमान्य लोग और सनातन और सिख समाज के लोग मौजूद रहें ।

## अयोध्या में जुटेंगे प्रभु राम के भक्त, बंट रहा अक्षत से आमंत्रण

# दीपोत्सव के साथ करें श्री राम का स्वागत : डॉ आलोक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्रतिमा की स्थापना 22 जनवरी को होनी है। इस भव्य कार्यक्रम में पूरे देश से राम भक्तों को आमंत्रित किया जा रहा है। प्रभु श्री राम के स्वागत के लिए लोगों को अक्षत के साथ आमंत्रण बांटा जा रहा है। रामगढ़ में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी एवं कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बुधवार को रामगढ़ कॉलेज स्थित पंचवटी सोसायटी के अध्यक्ष अनिल गोयल को अयोध्या से भेजी गई पूजित अक्षत एवं पत्रक के साथ श्री राम जी की चित्र भेंट कर आमंत्रित किया गया। मौके पर डॉ आलोक रतन चौधरी ने कहा 500 वर्षों के बाद विराज रहे रामलाल। यह पल हम सभी के लिए हर्षोल्लास का पल होगा। 22 जनवरी को हर घर, मोहल्ले, मंदिरों को सजाना एवं पूजन उत्सव मनाना है। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव के साथ श्री राम का स्वागत करना है। इसके लिए हर घर दीपोत्सव मना कर श्री राम सहित सपरिवार का स्वागत में जुट जाएं।

## एक नजर

### शादी की झांसा देकर यौन शोषण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिमडेगा।** सिमडेगा महिला थाना की पुलिस ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया ,आरोपी की पहचान तुमडेगी गिरजा टोली गांव निवासी रजत केरकेट्टा के रूप में हुई। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि युवती को शादी की झांसा देकर लंबे समय से यौन शोषण कर रहा था और बाद में शादी से मुकर गया जिसके बाद युवती के द्वारा महिला थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की, जिसके आलोक में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में सिमडेगा जेल भेज दिया।

### सड़क हादसे में अलग-अलग स्थान में दो लोगों की हुई मौत

सिमडेगा। सिमडेगा में रफ्तार का कर रुकने का नाम नहीं ले रहा है ।अलग-अलग स्थान में बुधवार को सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पहला मामला ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के जामपानी के पास की है जहां पर सड़क हादसे में 35 वर्षीय किशोर मांझी नामक व्यक्ति गिरकर घायल हो गया ,जिसकी इलाज के क्रम में मौत हो गई। बताया गया कि वह अपने घर से तीन लोगों के साथ बाइक से धूमाटांड की ओर जा रहा था ,इसी दौरान तीनों बाइक से गिरे ,जिसमें सहदेव माझी, किशोर माझी एक अन्य साथी शामिल था ।किशोर को गहरी चोट लगे जिसकी इलाज सदर अस्पताल में चल रही थी, जहां पर उसकी मौत हो गई ।वहीं दूसरा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोचेडेगा के पास की है ।जहां पर मोटरसाइकिल दुर्घटना में 31 वर्षीय कैरबेड़ा गांव निवासी हेरमन टोप्पो नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सिमडेगा लाया जहां पर इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों व्यक्ति के शव अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

### कुरडेग दरीडीह के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवती सहित तीन घायल

कुरडेग। थाना क्षेत्र के दरीडीह गांव के निकट बुधवार शाम सड़क दुर्घटना में एक युवती सहित तीन लोग घायल हो गये ।जानकारी के अनुसार डूमरडीह नवाटोली निवासी जेबियर कुल्लू अपनी शादी का कार्ड बांटने अपने भाई पुनसियन कुल्लू के साथ बाघलाता टोंगरी टोली गये थे ।कार्ड देने के बाद अपनी एक रिस्तेदार युवती करिश्मा डुंगडुंग को लेकर घर बाइक से वापस लौट रहे थे ।इसी क्रम में दरीडीह गांव के निकट जेबियर अपनी बाइक से नियंत्रण खो दिया और सड़क पर गिर गये। जेवियर को गंभीर चोट लगी है ।सीएचसी में प्राथमिक ईलाज के बाद सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया। जबकि युवती एवं पुनसियन को हल्की चोट लगी जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरडेग में चल रही है।

# शिशु मंदिर सरखुटोली में कल्याण आश्रम स्थापना दिवस सह विद्यालय वार्षिकोत्सव भव्यता के साथ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड**

रामरेखा धाम विद्या मंदिर उच्च विद्यालय सरखुटोली में बुधवार को कल्याण आश्रम स्थापना दिवस सह विद्यालय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश गोयल समाजसेवी सिमडेगा एवं विशिष्ट अतिथि सुभाष चंद्र दुबे प्रांतीय शिक्षा प्रमुख वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड मौजूद रहे । सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित ,माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बच्चों के द्वारा सुंदर मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया ।स्वागत भाषण विद्यालय के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद जी के द्वारा एवं विद्यालय का इतिहास संरक्षक लक्ष्मीकांत प्रसाद के द्वारा विस्तार पूर्वक किया गया ।प्रांतीय शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे ने अपने उद्बोधन में बालासाहेब देशपांडे की जीवनी तथा कल्याण आश्रम की भूमिका पर विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि आज कल्याण आश्रम संपूर्ण देश में विभिन्न आयामों के माध्यम से समाज को जोड़ते हुए आगे बढ़ रहा है। वनवासी क्षेत्र में समाज को मत्तांतरित होने से बचाया है। उन्होंने कहा कि दान देना भारत की परंपरा है आज इस ग्रामीण क्षेत्र में इस विद्यालय को जिन्होंने दान स्वरूप भूमि प्रदान किया है उन्हें हृदय से नमन किया। अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण संस्कार युक्त उत्तम कोटि का ज्ञान प्राप्त कराना होगा। इसके लिए अपने शिशु को शिशु मंदिरों में शिक्षा प्राप्त करायें ।मुख्य अतिथि रमेश गोयल ने अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने शिशु को अपने विचारधारा के अनुकूल एवं संस्कारवान बनाने हेतु शिशु मंदिरों में दाखिला अवश्य करायें। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों के द्वारा पिरामिड ,योग प्रदर्शन, नृत्य, रूप सज्जा,विज्ञान प्रदर्शनी, गणित प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला ,मूर्ति कला,बैलून रेस, बिस्किट रेस तथा अन्य खेलकूद कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम में विद्यालय सचिव रामाकांत प्रसाद सह-सचिव गोविंद चंद्र दास, कोषाध्यक्ष सागर राय कोटवार ,उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह एवं नंदकिशोर मांझी शाहिद काफी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की



कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम व भंडारण, अनुज्ञप्ति क्षेत्र पर प्रदूषण नियंत्रण के लिए जांच को विस्तृत चर्चा किया गया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को पत्थर व बालू खनन का अवैध रूप से खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी आपस में अलग-अलग टीम गठित कर वाहन चेकिंग अभियान चलायेंगे। उन्होंने कहा कि बिना चालान के खनिज परिवहन, अवधि समाप्त परिवहन चालान, गलत चालान, बिना लाईसेंस और ओवरलोड वाहनों की जांच करते हुए नियमित रूप से कार्रवाई करें।

### मोदी की गारंटी से देश बनेगा आत्मनिर्भर : विमला प्रधान



सिमडेगा ।विकसित भारत संकल्प यात्रा के निमित्त देश के विभिन्न राज्यों के कृषक महिला समूह की दीदियां मत्स्य मित्र सहित अनेक लोगों से प्रधानमंत्री ने वर्चुअल संवाद किया। जिसे भाजपा कार्यकर्ताओं ने टीवी से लाइव देखा।केरसई कार्यक्रम प्रभारी पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कार्यक्रम के पश्चात कहा कि प्रधानमंत्री जी का विजन है कि देश को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाना है। आज प्रधानमंत्री ने देश के कृषक मत्स्य मित्र महिला समूह की दीदियां सहित अनेक लोगों से वर्चुअल संवाद कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों से क्या उनके जीवन में बदलाव आया है यह जाना।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सभी देशवासी देश को आगे बढ़ाने के लिए परिश्रम कर रहे हैं। आज मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है। लोगों को विश्वास जगा रही है विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के दौरान 1.25 लाख लोगों का मेडिकल चेकअप हो चुका है।आधार कार्ड की तरह लोगों का आभा कार्ड बनेगा जिसमें लोगो की मेडिकल हिस्ट्री रहेगी। आगे मोदी ने कहा कि 10 करोड़ महिला महिला समूह से जुड़कर इसका लाभ उठा रही हैं।

## सुंदरपुर में पूजित अक्षत आमंत्रण कलश की हुई महाआरती



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सुन्दरपुर स्थित शिव मंदिर में बुधवार को पूजित अक्षत आमंत्रण कलश का पुरे विधि विधान से पूजन कर महाआरती की गई ।सैकड़ों महिला और पुरुष जय श्रीराम के जयघोष और बाजे गाजे के साथ अक्षत कलश का स्वागत कर मंदिर लाया गया। तदपश्चात कलश का पूजन, आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर लोगों के साथ बैठक कर विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव ने आनेवाले कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा बड़े भाग्य से ये दिन हमलोगों के हिस्से में आया है हम इस घड़ी का लाभ उठाकर अपने आप को धन्य करें। इस रामकाज के लिए टोली बनाकर, अक्षत आमंत्रण लेकर घर घर पहुचे और लोगों को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या जी का आमंत्रण दें और प्राण प्रतिष्ठा उत्सव धूमधाम से मनाएं। हम एकजुट होकर सामूहिक रूप से इस उत्सव को मनाये और उन्होंने कहा भगवान श्रीराम के जीवनी से संकल्प ले हम हमारे कर्म एवं भाव सच्चा रखेगें हमारा गाँव बस्ती एक परिवार हो हमारा धर्म एक हैं सनातन आगे भी उसी तरह एकजुट होकर समाज को सशक्त रखें ।इन विगत वर्षों में लाखों बलिदान और कितने ही रूकावटों के बाद आज हम और हमारी पीढ़ी कितनी भाग्यशाली है की अपने प्रभु को उनके मंदिर में विराजते हुए अपनी आँखों से देखेंगे।

# ऑटो चालक संघ ने नगर पर्षद कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

ऑटो चालकों एवं नागरिकों को सुविधा देने की मांग पर झारखंड राज्य परिवहन मजदूर यूनियन एवं सीटू से सम्बद्ध ऑटो चालक संघ, झुमरीतिलैया इकाई ने बुधवार को नगर पर्षद कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इससे पूर्व सुभाष चौक से झंडा बैनर के साथ ओवरब्रिज, झंडा चौक, स्टेशन रोड व अडी बंगला रोड होते हुए नगर पर्षद कार्यालय तक पैदल जुलूस निकाला गया। इसका नेतृत्व सीटू नेता और निर्माण कामगार यूनियन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने किया। जुलूस में मनमानी टैक्स वसूली बंद करो, ऑटो स्टैंड की व्यवस्था करो, ऑटो चालकों के साथ दुर्व्यवहार बंद करो आदि नारे लगाए जा रहे थे। प्रदर्शन के बाद ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष मो रफीक की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि नगर पर्षद सिर्फ टैक्स वसूलती है, लेकिन सुविधा के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं है। झुमरीतिलैया में कहीं भी ऑटो स्टैंड नहीं है, महिला पैसेंजर्स शौचालय के लिए तरस जाती है, लेकिन टैक्स दोनों तरफ वसूला जा रहा है। अपने अधिकार के लिए इनके पास संघर्ष के सिवाय कोई रास्ता नहीं है। सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने कहा कि बिना नागरिक सुविधा के ऑटो चालकों से राजस्व के नाम पर वसूली करना गैर कानूनी है, जिसके खिलाफ न्यायालय में मुकदमा दायर किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मांगों को लेकर नगर प्रशासक से वार्ता किया, जिसमें प्रशासन के द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही ऑटो स्टैंड का स्थल चयन किया जाएगा और मनमाने टैक्स पर रोक के लिए प्रिन्टेड रसीद उपलब्ध कराया जाएगा।

### बानो में पीडीएस डीलर संघ की हुई बैठक एक जनवरी से हड़ताल पर जाने का निर्णय



बानो। प्रखण्ड के पीडीएस डीलर संघ बानो की बैठक बुधवार को प्रखंड अध्यक्ष नाथनिएल मुंडा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते कहा गया कि केंद्र सरकार सह राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध अपनी मांगों को लेकर 1जनवरी 2024 से जनवितरण दुकान बंद रखने का निर्णय किया गया। उन्होंने बताया कि कई प्रकार की मांगे हैं जिसे बार-बार कहने के बावजूद सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा जिसको लेकर विवश होते हुए 1 जनवरी से अनिश्चितकाल हड़ताल पर रहेंगे ।इस सम्बंध प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी बानो सह बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी को एक ज्ञापन सौंपा गया।मौके पर पदलोचन सिंह ,रमेश साहू ,सुकरा मांझी सरस्वती देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## बिजली समस्या को लेकर गांव पहुंचे एनोस एक्का,ग्रामीणों की सुनी समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

प्रखंड के अघरमा पंचायत अंतर्गत सुखोंटोली गांव में बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का के समक्ष अपनी समस्या रखी। बुधवार को आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री को कहा गांव में बिजली ,पानी, सड़क सहित कई प्रकार की मूलभूत सुविधाओं की कमी है जिसे दूर करने की आवश्यकता है, गांव में जो ट्रांसफार्मर लगा है वह छोटा है ऐसे में खेती के लिए मोटर हो या फिर बच्चों के लिए पढ़ाई ,उक्त ट्रांसफार्मर से गांव में बिजली सही तरीके से बाहर नहीं हो पाती ।ऐसे में यहां पर बड़ा ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है और लगातार बार-बार बिजली नहीं रहने की वजह से परेशानी होती है ।राशन में जो मिट्टी तेल मिलता है वह पूरा महीना नहीं चलता है ।जिसकी वजह से हमें अंधेरा में रहना पड़ता है वही ग्रामीण महिला ने बताया बाजार से जब घर आते हैं तो घर अंधेरा रहता है मिट्टी तेल भी 2 लीटर मिलती है जिससे पूरा महीना नहीं चल पाता है और हम लोगों को अंधेरा में रहना पड़ता है वहीं विभिन्न गांव से आए ग्रामीणों ने बिजली की समस्या को तत्काल हल करने की गुजारिश की गई।

## अज्ञात लोगों ने पेट्रोल डालकर खलिहान में रखे धान फसल को लगाई आग जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

रेंगारिह थाना क्षेत्र के बाघचट्टा पंचायत के मुंडलटोली गांव में देर रात खलिहान में रखे गए धान की फसल में अज्ञात लोगों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आगजनी की घटना में किसान को लगभग डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। खलिहान में रखा गया धान गांव निवासी पात्रिक तिर्की का था। पात्रिक ने बताया कि क्रिसमस के मौके पर पुरा गांव रात जश्न में डूबा था। ग्रामीण एक दूसरे के घर आ जाकर क्रिसमस की आपस में खुशियां बांटने में जुटे थे ।इसी बीच रात के करीब दस बजे उनके खलिहान में आग की लपेटें दिखाई दी। आग की लपेटें देख वह अपने परिवार के साथ बाल्टी में पानी लेकर खलिहान की ओर भागा। उनके साथ साथ गांव के अन्य ग्रामीण भी पानी लेकर खलिहान की ओर दौड़े। सभी ने धू धू कर जल रहे धान की फसल को पानी डाल कर बूझाने के लिए काफी मशकत करने लगे।

### बांकी पंचायत में बागवानी और मशरूम उत्पादन का दिया प्रशिक्षण



बानो। प्रखण्ड के बांकी पंचायत में बुधवार को बागवानी और मशरूम उत्पादन के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रषिक्षण में बागवानी और मशरूम उत्पादन के लिए बताया गया।।एटीएम श्याम कुमार ने कहा आपके क्षेत्र में बागवानी के लिये प्रयाप्त जगह है ।बागवानी कर आमदनी कमा सकते हैं मशरूम की खेती के लिये भी बानो प्रखण्ड में उचित मौसम है ।मशरूम की उत्पादन कर अपने स्वरोजगार में आमदनी बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कृषि क्षेत्र में सिमडेगा जिला आगे बढ़े और इसीलिए लगातार सभी चीजों को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है ।प्रशिक्षण में उद्यान मित्र रामेश्वर साहू, एटीएम श्याम कुमार और ओबैदुल्ल इहरार, कृषि मित्र दामोदर सिंह व प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### नव वर्ष पर सैलानियों को अपनी ओर खींच रहा है पर्यटन स्थल केलाघाघ

# नव वर्ष पर हजारों की संख्या में आते हैं सैलानी पिकनिक का उठाते हैं आनंद



**विकास साहू, सिमडेगा**

नव वर्ष का आगमन के साथ ही लोगों के मन में प्रकृति के प्रति मुंह आकर्षित करता है और लोग ऐसे स्थानों का चयन करते हैं जहां की खूबसूरती मनमोहक हो ।और उस क्षेत्र का नजारा ऐसा हो जिससे कि नववर्ष का जो खुशी है वह दुगनी हो जाए ।ऐसा ही हमारा सिमडेगा जिला में पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम है ।प्रकृति की गोद में स्थित जिले के अति मनमोहक व खूबसूरत केलाघाघ डैम पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। डैम की प्राकृतिक सुंदरता देख लगता है कि मानो कुदरत ने स्वयं अपने हाथों से इस जगह को संवारा हो। हरियाली को समेटे दो ऊंचे पहाड़ों के बीच स्थित कृत्रिम डैम से गिरती कलकल धाराओं के शोर दूर-दूर तक वातावरण में अपनी उपस्थिति का एहसास दिलाता है। डैम के एक ओर जहां विस्तृत क्षेत्र में पानी का फैलाव है वहीं उनके बीच इतराते वाटर बोट पर्यटकों के मन को स्वतः अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। दूसरी ओर खेत एवं नदी की तलहटी में फैली हरियाली आगंतुकों को घंटों तक निहारने को मजबूर करती है।

### नव वर्ष के आगमन पर बानो पिकनिक स्पॉट कर रही है सैलानियों का इंतजार



**शिवनन्दन बड़ाईक**

**बानो।** प्रखण्ड के पिकनिक स्पॉट लोगो के इंतजार में है। यूं तो प्रखण्ड में काफी खूबसूरती बिखरा पड़ा जंगलों पहाड़ो के बीच बानो प्रखण्ड शुद्ध वातावरण के बीच है प्रखण्ड का मुख्य पिकनिक स्थल है कोयल नदी जो पहाड़ो को चिर कर आगे कलकल कर बह रही है ।कोयल नदी का पैरवां घाघ क्षेत्र लोगो को बरबस खिंचलाती है। पेरवां घाघ का डाडिंग दह ,चटानों के ऊपर गिरता पानी लोगो को आकर्षित करती रही हैं। ऊंचे ऊंचे पहाड़ों के बीच नदी का सोर, प्राकृतिक सौंदर्य लोगो को खूब भाता है। इसी नदी पर सोदे घाट के पास बानो मनोहर पुर पथ से सटे होने के कारण काफी संख्या में पिकनिक मनाने के लिये लोग आते हैं। यहां पर नजदीक बाजार होने के कारण लोगों का पसंदीदा पिकनिक स्पॉट है। बच्चे भी नदी तट का विस्तृत बलुवाही मैदान में खूब आनन्द लेते हैं। प्रखण्ड के हुरदा के कुछ दूरी पर स्थित रायकेरा डेम कांटा डेम ,चंदसाय डेम के पास आस पास के लोग पिकनिक के लिये पहुंचते हैं।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कुरुसकेला इंद मेला हुआ संपन्न



नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड

प्रखंड के कुरुशकेला बाजारटाड़ में बुधवार को दिन में इन्द मेला के शुभ अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह, संरक्षक अमित डुंगडुंग एवं जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा के द्वारा रिबन काटकर किया गया मंच के संचालन निकुंज बिहारी सिंह ने किया ।मंच पर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को इंद्र मेला पूजा समिति के द्वारा बैच पहनाकर एवं माला पहना कर स्वागत किया गया ।मजदूर नेता राजेश सिंह ने कहा कि झारखंड में आपने सांस्कृतिक को बचाए रखना जरूरी हैं ।श्री सिंह ने कहा कि इंद मेला क्षेत्र में खेती बारी फसल का अच्छी फसल की उपज होती है। इसी खुशी में मेला आयोजन किया जाता है। श्री सिंह ने कहा बाल बच्चो को पढ़ाई लिखाई एवं स्वास्थ्य पर ध्यान दे। नशा पान से दूर रहें , उन्होंने इंद मेला समिति को धन्यवाद दिया। विशिष्ट अतिथि मंच पर अमित डुंगडुंग ने कहा कि जब तक जिंदा रहेंगे मजदूरों के हित के लिए और समाज के काम के लिए आगे आएंगे।

### जीईएल चर्च कसिरा डोंगजोर में गिरजाघर आशीष संस्कार कार्यक्रम विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी हुए शामिल

### भाजपा आदिवासियों को धर्म के नाम पर लड़ा कर खत्म करना चाहती है : विधायक



**बोलबा।** प्रखंड के जीईएल चर्च कसिरा डोंगजोर में बुधवार को गिरजा आशीष संस्कार कार्यक्रम किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक विक्सल कोनगाडी शामिल हुए। मौके पर चर्च का आशीष संस्कार किया गया। इसके बाद दया याचना का पाठ व प्रभु यीशु के महिमा गीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन पादरी बिभव केरकेट्टा के द्वारा किया गया। मौके पर विभिन्न मंडलियों के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। विधायक नमन बिक्सल कोंगडी ने अपने संबोधन में कहा कि गिरजाघर ईश्वर का घर है, यहां लोग एकत्रित हो कर ईश्वर से अराधना करते हैं, चूंकि एकत्रित हो कर अराधना करने से अलग प्रकार की अनुभूति और संतुष्टि प्राप्त होती है, वहीं उन्होंने राजनीतिक रूप से जागरूक होने की बात कहते हुए कहा कि भाजपा आदिवासियों को धर्म के नाम पर लड़ा कर खत्म करना चाहती है, जिसके तहत रोज-रोज नई नई साजिश रचने का कार्य कर रही ही। जिसमें डिलिस्टिंग का मुद्दा को जानबूझ कर उठाया जा रहा है ताकि हमारे बीच आदिवासी समाज मे एक-दूसरे के प्रति नफरत पैदा हो जाए। चुनावी माहौल में जानबूझकर छोड़े गए दलालों से बचने की बात कही ,मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव जमीर अहमद,अल्पसंख्यक टीटाँगर प्रखंड अध्यक्ष मो वाहिद,डोंगजोर मंडली सभापति विजय बिलुंग, सचिव प्रभुदयाल कुजुर,कोषाध्यक्ष भिरलेंन केरकेट्टा, कुमुदनी कुल्लू, कुसिम डुंगडुंग, पंचायत अध्यक्ष अनिल एक्का,संगीत तिर्की सहित सैकड़ों की संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे।

## एक नजर

### धनबाद में टास्क फोर्स का शिकंजा, यूपी-बिहार जा रहा 54 ट्रक कोयला जब्त

**धनबाद।** युवा कबड्डी सीरीज विंटर एडिशन का आयोजन 12 जनवरी से 7 फरवरी तक पांडिचेरी में किया जा रहा है। धनबाद जिला कबड्डी टीम का ट्रायल 29 दिसंबर को सुबह दस बजे से गोल्फ ग्राउंड में किया जाएगा। वैसे खिलाड़ी जिनका जन्म सात फरवरी 1999 के बाद हुआ है वह ट्रायल में भाग ले सकते हैं। कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव विपिन कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। खिलाड़ियों को अपने साथ में मैट्रिक का ऑरिजनल सर्टिफिकेट और आधार कार्ड लाना है।

### बीबीएमकेयू : फॉरेन लैंग्वेज में नामांकन शुरू

**धनबाद।** बीबीएमकेयू धनबाद ने फॉरेन लैंग्वेज जर्मन व फ्रेंच का विभिन्न कोर्स में नामांकन के लिए मेधा चयन सूची जारी कर दी है। नामांकन मंगलवार से शुरू हुआ। नामांकन की अंतिम तिथि चार जनवरी है। विवि एडमिशन सेल ने आदेश जारी कर दिया है।

### पारिवारिक विवाद में मां-बेटे ने जहर खाया, हालत गंभीर

**धनबाद :** जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित बापू नगर में पारिवारिक विवाद को लेकर मां-बेटे ने जहर खा लिया। आनन-फानन परिजन दोनों को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। बेटे की स्थिति गंभीर है. हालांकि मां की हालत में थोड़ी ठीक है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पैसे को लेकर घर में कुछ दिनों से विवाद चल रहा था. आज बुधवार की सुबह मां इंदु देवी ने बेटे गोविंद कुमार को डांटा तो बेटे ने जहर खा लिया. बेटे को जहर खाता देख मां ने भी जहर का सेवन कर लिया। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गयी. फिलहाल मां-बेटे दोनों इलाजरत हैं।

### मोबाइल लूट का आरोपी गिरफ्तार, छह मोबाइल बरामद

**जमशेदपुरः** गोलमुरी पुलिस ने मोबाइल लूट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से छह मोबाइल बरामद हुआ है, जिसमें लूटा गया मोबाइल भी शामिल है. गिरफ्तार आरोपी 21 वर्षीय शिवा सोना उर्फ शिवा लोहार सीतारामडेरा के भुइयां बस्ती का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के बाद गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. इस मामले में गोलमुरी गाढ़ाबासा के मथुरा बगान निवासी सुनील कुमार साहनी ने थाना में 25 दिसंबर को एक प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। अपनी शिकायत में सुनील कुमार ने मोबाइल लूटने और चोट पहुंचाने का आरोप लगाया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए छापामारी कर 48 घंटे के भीतर कांड का उद्भेदन कर दिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी दल में गोलमुरी थाना प्रभारी राजीव रंजन, एसआई निलेश कुमार और हवालदार अरुण पासवान शामिल थे।

### भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत आज से

**धनबाद।** शहरी क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ बुधवार से नगर निगम करेगा। कला भवन में आयोजित समारोह में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ होगा। नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने बताया कि इस संकल्प यात्रा में शहरवासियों को केंद्र की योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के उन लाभार्थियों के साथ प्रधानमंत्री बातचीत करेंगे, जिन्हें सरकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त हुआ है।

---

### मामला जमशेदपुर को औद्योगिक शहर का दर्जा देने का

# झारखंड आंदोलनकारियों और मूल रैयतों ने दिया धरना



**नवीनमेल संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर को औद्योगिक शहर का दर्जा देने की घोषणा के बाद इसका विरोध शुरू हो गया है। बुधवार को इसे लेकर साकची स्थित बिरसा मुंडा चौक पर मूल रैयत और झारखंड आंदोलनकारियों ने संयुक्त रूप से एक दिवसीय धरना दिया और उपवास पर रहे। इसका नेतृत्व कर रहे हैं डेमका सोए ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी घोषित करने का निर्णय लिया गया है। इससे आदिवासियों और रैयतों के हक और अधिकार का हनन होगा। यह असंवैधानिक कार्य है। उन्होंने जमीन मालिकों को न्याय देने की मांग की है। कहा है कि जिनकी भी जमीन है उनके बिना परामर्श के न एक इंच जमीन किसी को आप आवंटित कर सकते है और न ही बांट सकते है।

इसे लेकर आने वाले जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में बैठक कर जोरदार आंदोलन करने की रणनीति बनाई जायेगी। इसके लिए आंदोलनकारी व रैयती हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जाने की तैयारी में है। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार के इस फैसले के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जायेगा और जिनकी जमीन गई है उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे।

---

# धोखाधड़ी और रंगदारी के आरोप में कारोबारी गिरफ्तार

**जमशेदपुरः** चांडिल थाना की पुलिस ने धोखाधड़ी, रंगदारी मांगने व हरिजन एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चांडिल थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि इस मामले में चांडिल थाना में आसनबनी निवासी दुमका सिंह के बयान पर 23 जुलाई को चितरमल धूत, विनोद कुमार देबुका और निशांत धूत पर मामला दर्ज कराया था। चितरमल धूत जुगसलाई पुरानी बस्ती रोड में रहते है। मामले में उनके बेटे निशांत धूत भी आरोपी है, जबकि एक आरोपी विनोद कुमार देबुका कदमा रामनगर में रहते हैं और उनका साकची मिल एंड गोडाउन एरिया में प्लाइबोर्ड की दुकान है। मिली जानकारी के अनुसार चांडिल के आसनबनी निवासी दुमका सिंह के पिता दुर्गाचरण भूमिज के नाम से खतियानी जमीन पर इन व्यापारियों द्वारा कब्जा कर गलत तरीके से जमीन रजिस्ट्री करवाकर निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। इस मामले में चांडिल थाना की पुलिस ने एक आरोपी विनोद कुमार देबुका को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनके खिलाफ पुलिस ने कोर्ट से वारंट लिया था। दुमका सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके पिता दुर्गा चरण भूमिज उर्फ दुर्गा सिंह के नाम से एक खतियानी जमीन है। उनका भाई गणेश सिंह अनपढ़ है। तीनों आरोपियों ने उसके भाई गणेश सिंह को झांसे में लेकर जमीन की रजिस्ट्री करवा ली और उसपर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। घटना 15 मार्च 2021 की है। विरोध करने पर विनोद कुमार देबुका एवं चितरमल धुत ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बाद में भाई गणेश सिंह से दो करोड़ की जमीन 21 लाख रुपये में रजिस्ट्री करा ली। एडवांस के रूप में भाइ को 50 हजार रुपये दिए। आरोपियों ने फोन कर जान से मारने की धमकी भी दी।

**जान से मारने की मिली धमकी, जेल**

---

### अनियंत्रित कार खेत में घुसा, महिला घायल

**जमशेदपुर :** गालूडीह थाना क्षेत्र के उल्दा गांव के समीप बुधवार को एनएच 18 फोरलेन से अनियंत्रित होकर कर खेत में घुस गया। इस दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना गालूडीह पुलिस को मिलने के बाद तत्काल कर में सवार दो लोगों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला भेज दिया। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ आर एन टुडू ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल 68 वर्षीय रश्मि चंद को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया जबकि 75 वर्षीय हेम चांद को मामूली चोट लगी है। घटना के संबंध में कोलकाता के सर्वर रोड़ निवासी हेम चांद ने बताया कि अपने रिश्तेदार के घर दिल्ली से वापस कोलकाता जा रहे थे। बुधवार की सुबह रांची से कोलकाता के लिए निकले अचानक फोरलेन पर गड्ढा बचाने के क्रम में कर अनियंत्रित होकर खेत में घुस गई कर हेम चांद ही चला रहे थे।

### कीचड़ और लीचड़ से बचे जनता : डॉ सलीम अंसारी



**गिरिडीहः** बिरनी प्रखंड के खेदवारा गांव में कांग्रेस पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इस जनसंपर्क अभियान का अध्यक्षता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह व संचालक डॉक्टर आसिफ अंसारी ने किया इस जनसंपर्क अभियान में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह प्रखंड अध्यक्ष निरंजन राय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह भावी प्रत्याशी डॉक्टर सलीम अंसारी युवा संगठन अध्यक्ष सलीम अंसारी बिस सूत्री सदस्य सलीम मलिक कलीम परवेज राजू अंसारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम शुरूआत आए हुए मुख्य अतिथि के तौर पर लोगों ने उसे फूल देकर स्वागत किया गया। वही जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि जो भी केंद्र सरकार भाजपा सरकार है। वह सिर्फ हिंदू मुसलमान लड़ाई करने की बात करते हैं। यह केंद्र सरकार जनता की भलाई का या तो विकास करने का नाम ही नहीं लेता सिर्फ आपस में लड़ाई कराने का काम करता है। यहां के आए हुए जनता को संकल्प लेने कि जरूरत है,ताकि आने वाले चुनाव में इस बीजेपी सरकार को उखाड़ कर फेंक देने का प्रयास करना है। वही विधानसभा में डॉक्टर सलीम अंसारी को चुना गया है आपलोग इस पर अपना आशीर्वाद जरुन बनाये रखना तकि विधानसभा में आ सके। वही डॉ सलीम अंसारी ने कहा कि लोगो दो चीजों से बचना चाहिए एक कीचड़ और दूसरा लीचड़ से तभी आगे बढ़ पाओगे। वही प्रखंड अध्यक्ष निरंजन राय ने संबोधित करते हुए कहा कि इस बगोदर विधानसभा में सिर्फ लोगों को विकलांग बना कर रखा गया है, सिर्फ चुने हुए लोगों को ही विकास करने का दिया जा रहा है।

### रंगदारी मांगने के आरोप में युवक गिरफ्तार



**गिरिडीहः** गिरिडीह पुलिस ने संवेदक से रंगदारी मांगने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक पर नगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर के रहने वाले संवेदक रामजी पांडेय से फोन पर 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप है। गिरफ्तार युवक पचंबा थाना इलाके के आजाद नगर का निवासी इमरान अंसारी बताया जा रहा है। इस संबंध में गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि 25 दिसंबर की शाम को शास्त्री नगर के रहने वाले रामजी पांडेय ने यह सूचना दी कि उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया और फोन करनेवाले ने अपना नाम छोटू खान बताते हुए उनसे 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल गोपनीय तरीके से पूरे मामले की जांच की गई और छापेमारी अभियान चलाकर फोन करने वाले मोबाइल धारक इमरान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कांड में शामिल अन्य अभियुक्त की भी पहचान कर ली गई है, जिनके विरुद्ध गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### ताइक्वांडो के एसजीएफआई नेशनल स्कूल गेम्स में तीन खिलाड़ी चयनित



**चाईबासा :** मध्य प्रदेश में आगामी 1 से 4 जनवरी तक होने वाले ताइक्वांडो के एसजीएफआई नेशनल स्कूल गेम्स में कार्मेल स्कूल चक्रधरपुर के तीन खिलाड़ी स्वाती गोप, याना सोय, सावन मुखी तथा आदर्श विद्यालय देवगांव की खुशी प्रधान झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे. खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर पर रांची में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता के दौरान किया गया है. जिसमें इन सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार शील तथा जिला खेल पदाधिकारी रुपा रानी तिर्की ने खिलाड़ियों से बात की. कहा आप इतनी आगे जीत कर आये हैं इसके लिए बहुत बहुत बधाई एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी आपको बेहतर प्रदर्शन करना है और पदक प्राप्त कर लौटना है. साथ ही खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और विजय होकर लौटने की कामना की. मौके पर पश्चिमी सिंहभूम जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव अनुराग शर्मा, कोच संतानू महतो उपस्थित थे।

---

# धनबाद के 500 गांवों में जलापूर्ति की समस्या का होगा निदान

**नवीनमेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के 500 गांवों में जलापूर्ति का रास्ता साफ हो गया है। जलापूर्ति योजनाओं का काम जनवरी-2024 से शुरू होगा, जो 27 माह में पूरा किया जाएगा। गोविंदपुर, एग्यारकुंड, कलिया सोल और निरसा प्रखंड के गांव लाभान्वित होंगे। लाखों लोगों को पर्याप्त पानी मिलेगा। गोविंदपुर और निरसा नॉर्थ साउथ मेगा जलापूर्ति योजना का टेंडर फाइनल हो गया है। दो एजेंसियों को काम मिला है। श्रीराम ईपीसी और सियान इंजीनियरिंग को जल्द वर्क ऑर्डर मिलेगा। इसके बाद योजना पर काम शुरू होगा। 655 करोड़ की लागत से पूरी होगी योजनाः गोविंदपुर, निरसा नॉर्थ-साउथ मेगा जलापूर्ति योजना की राशि बढ़ाकर 655 करोड़ रुपए कर दी गई है। श्रीराम ईपीसी को नॉर्थ के 431 करोड़ और साउथ जोन के 224 करोड़ का टेंडर सियान इंजीनियरिंग को दिया गया है। 27 माह में काम पूरा करना है। बता दें कि पूर्व में इजरायल की कंपनी टहल को काम मिला था। उसे अक्तूबर-2017-2020 तक काम पूरा करना था। दोनों योजनाओं को मिलाकर 750 करोड़ रुपए का टेंडर निकाला गया था, लेकिन कार्य करने की गति काफी धीमी थी। विभाग ने काम में तेजी लाने के लिए कई बार नोटिस दिया, बावजूद काम में तेजी नहीं आई। इसके बाद अधिकारियों ने एजेंसी को टर्मिनेट कर दिया। धरातल पर करीब 50 प्रतिशत काम हुआ था और काम के अनुरूप ही भुगतान हुआ था। एजेंसी टर्मिनेट होने के बाद एक साल तक काम बंद था। पंचेत और मैथन डैम में एक-एक इंटेक वेल और 29 जलमीनार बनाए जाएंगे। नॉर्थ में 62 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और 17 जलमीनार और साउथ में 38.25 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट और 12 जलमीनार बनाए जाएंगे, जहां डैम से रॉ वाटर फिल्टर होगा।

---

### विस्थापितों को मुआवजा और नौकरी दे सरकार, नहीं तो तालाबंदी

# चांडिल डैम के 116 गांव के विस्थापितों ने सुवर्णरेखा भवन पर बोला धावा




**नवीनमेल संवाददाता**

**सरायकेलाः** आदित्यपुर के सुवर्णरेखा भवन पर बुधवार को विस्थापित अधिकार मंच के बैनर तले चांडिल डैम के 116 गांव के विस्थापितों ने धावा बोला. विस्थापितों का नेतृत्व कर रहे राकेश महतो ने कहा कि 116 गाँव के विस्थापित परिवारों को मध्यप्रदेश की तरह विस्थापितों को मुआवजा और नौकरी दे सरकार, नहीं तो हमलोग कार्यालय में तालाबंदी करेंगे. इनका कहना था कि अब तक विस्थापितों को केवल आश्वासन देकर सरकार ठगने का काम करती रही है। विस्थापितों को पुनर्वास के नाम पर 12 डिसमिल जमीन और नौकरी के बदले 6.45 लाख रुपये का जो पैकेज दिया जा रहा है वह हम विस्थापितों को मंजूर नहीं है। हमें 2024 के नवीनतम दर पर मुआवजा दे और प्रत्येक विस्थापित परिवार को नौकरी मिले, नौकरी नहीं देने की स्थिति में मध्यप्रदेश सरकार की तरह 60 लाख रुपये का मुआवजा पैकेज मिले। विस्थापितों ने आज इन मांगों के समर्थन में मुख्य गेट को जाम रखा। कार्यालय कर्मी उपद्रवियों की आशंका को देखते हुए मुख्य द्वार को बंद रखा। हालांकि कार्यालय में न तो अपर निदर्शक दिनेश रंजन मौजूद रहे और न ही प्रशासक सह परियोजना के सचिव प्रशांत कुमार ही मौजूद रहे। जिसके वजह से विस्थापितों के साथ किसी प्रकार की वार्ता महीन हो सकी। विस्थापित शाम करीब 4 बजे तक कार्यालय गेट को जाम रखे रहे। अप्रैल 2023 से ही फंड के अभाव में विस्थापित का सारा कार्य ठप है।

---

# पूर्वी बलगो आंगनबाड़ी केंद्र में हो रही मनमनी



**नवीनमेल संवाददाता**

**गिरिडीहः** बिरनी प्रखंड के पूर्वी बलगो मैं इन दोनों आंगनबाड़ी केंद्र संचालित कर रही सेविका और सहायिका ने अपने मनमानी ढंग से संचालित कर रही है। इससे साफ पता चलता है कि विभाग की मनमानी या कार्रवाई नहीं होने के कारण सहायिका संचालक कर रही है।। ऐसे ही एक मामला गिरिडीह जिला के बिरनी प्रखंड के पूर्वी बलगो आंगनबाड़ी केंद्र का है। जो बुधवार दिनांक को आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला जब वहां देखा गया तो कमरे में ताला लगा हुआ था। जब सेविका अनिता देवी और सहायिका चम्पा देवी को भनक लगी तो कि यहां पर पत्रकार आए हुए हैं।। तो वह दौड़ी चली आई वह अपने आंगनबाड़ी केंद्र खोला हालांकि इस आंगनवाड़ी केंद्र में एक भी बच्चा नहीं था और 11:00 बजे आंगनबाड़ी केंद्र खोला गया जब सहायता को आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने का कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ऐसा ही रहता है, तो यह सवाल उठता है कि कि अगर 9:00 संचालित आंगनबाड़ी होनी थी तो 11:00 बजे किसके इशारे से संचालित किया जा रहा है। बिरनी में इस तरह की मामला लगातार आ रही है, लेकिन विभाग कार्रवाई करने की नाम ही नहीं ले रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मामला एक दिन का नहीं है, इस आंगनवाड़ी केंद्र के सेविका और सहायिका हर दिन इसी तरह करती है कई बार जनप्रतिनिधियों ने इसको अपने रवैया से बाहर जाने का कहा गया लेकिन यह किसी की ना सुने और वह अपने मनमानी ढंग से संचालित

### मृतक पिंटू के पिता शत्रुघ्न ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**जमशेदपुर :** घाटशिला थाना क्षेत्र के मनोहर कॉलोनी के समीप बुधवार की सुबह दो हाईवे की टक्कर में तीन लोगों की हुई मौत को लेकर मृतक पिंटू कर्मकार के पिता शत्रुध्न कर्मकार मनोहर कॉलोनी धरमबहाल निवासी ने प्राथमिक की दर्ज कराई है। इस संबंध में घाटशिला थाना प्रभारी विमल किंडो ने बताया कि वाहन संख्या जेएच 05डी 7678 तथा जेएच 05बी 9096 के मालिक के विरुद्ध तेजी एवं लापरवाही से वाहन चलाकर धक्का मारकर जख्मी करना एवं इलाज के क्रम में मृत्यु होने के आरोप में लिखित आवेदन दिया है। इसके आधार पर घाटशिला थाना कांड संख्या 95/2023 तिथि 27.12. 23 धारा 279, 304 ए, 337, 338 427 भादवि के तहत कांड दर्ज किया गया। अनुसंधान का भार पुलिस अवर निरीक्षक विवेक कुमार को सौंपा गया है।

# सिटी एसपी ने किया बिष्टुपुर थाने का निरीक्षण, दिए निर्देश



**नवीनमेल संवाददाता**

**जमशेदपुरः** बुधवार को सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बिष्टुपुर थाना का निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में उन्होंने थाना अभिलेखों की गहनता से जांच की. इसके साथ ही लंबित कांडों, वारंट, इश्तेहार, कुर्की आदि के त्वरित निष्पादन करने के आदेश दिए. उन्होंने वारंटियों, फिरारियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान चलाने, बैंक व एटीएम पर विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ क्षेत्र में अड्डाबाजी, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सघन गश्ती करने का निर्देश दिया। नए साल को में पर्यटन स्थल और पिकनिक स्पॉट की निगरानी करने आदि के संबंध में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.इससे पूर्व सिटी एसपी को थाना परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सिटी एसपी लगातार विभिन्न थानों का निरीक्षण कर पुलिस पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे है।

---

### पूर्व वार्ड सदस्य की हत्या के 12 घंटे बाद पहुंची पुलिस

**बोकारोः** बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित डंडरा गांव में पूर्व वार्ड सदस्य सुखराम मांझी की नक्सलियों द्वारा हत्या करने के बाद से इलाके में दहशत व्याप्त है। पुलिस भी एहतियातन 12 घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची। मंगलवार की शाम सात बजे घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली जंगल की ओर चले गए। रात होने के कारण पुलिस बुधवार की सुबह मौके पर पहुंची। जांच-पड़ताल के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। बेरमो अनुमंडल पुलिस नक्सलियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान में जुट गई है। मृतक सुखराम मांझी की पत्नी सरस्वती देवी और उसके माता-पिता इस घटना के बाद से सदमे में हैं। पत्नी पति के शव से लिपटकर रोती रही। माता-पिता भी बेसुध थे। वहां सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष की भीड़ जुट गई, लेकिन सभी की जुबान पर ताला लगा था। कोई कुछ बोल नहीं रहा था। मौके पर बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, चतरोचट्टी थाना प्रभारी नीरज कुमार, आईईएल थाना प्रभारी देवानंद कुमार, सीआरपीएफ के सेकंड कमांडेंट दलजीत सिंह भाटी समेत पुलिस के कई पदाधिकारी व सीआरपीएफ जवान मौजूद थे। एसडीपीओ ने कहा कि नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है। उन्हें चिह्नित कर पुलिस कार्रवाई करेगी।

### मानगो में बंद घर से दस लाख के आभूषण की चोरी

**जमशेदपुरः** मानगो थाना अंतर्गत पोस्ट ऑफिस रोड आदर्श नगर निवासी जितेंद्र पांडे के घर से चोरों ने लगभग दस लाख रुपए के सोने के आभूषणों की चोरी कर ली। जितेंद्र पांडे ने बताया कि दो दिन पूर्व वे अपने भाई के घर बमार्माइंस ईस्टप्लांट बस्ती गए हुए थे। बुधवार की शाम जब वे अपने घर लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा बंद था, जबकि बालकोनी का दरवाजा खुला हुआ था। चोर कहां से प्रवेश किये खुद उन्हें यह समझ में नहीं आया. लेकिन जब कमरे में गए तो अलमीरा और उसका लॉकर खुला हुआ पाया। उसमें रखे लगभग दस लाख रुपए के आभूषण डब्बे सहित गायब थे। सभी जेवरात चोरी हुआ देख जितेंद्र पांडे की पत्नी मौके पर ही बेहोश हो गई। पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि मुख्य दरवाजे का ताला बंद रहने के बावजूद चोर अंदर कैसे प्रवेश कर गए समझ से परे हैं। इधर, जानकारी मिलने पर भाजपा नेता विकास सिंह पीड़ित के घर पहुंचे और पुलिस को घटना से अवगत कराया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की।

---

# गिरिडीह पुलिस ने लूटे गए सामान के साथ चार अपराधियों को किया गिरफ्तार



**नवीनमेल संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले चार शातिर अपराधियों को लूटे गए सामान के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अपराधियों में नितेश कुमार सिंह, समसुद्दीन अंसारी, सुजीत कुमार सिंह और मो. सबा शामिल है। बताया जाता है कि अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के कोरियाटांड़ में बीते 16 नवंबर को मो. ताहिर अंसारी नामक युवक के साथ अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था।

इस बाबत गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता कर बताया कि बीते 16 नवंबर को मो. ताहिर अंसारी नामक युवक अहिल्यापुर थाना क्षेत्र से अपने घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बंगाली मोड़ के पास पहुंचा, तो दो बाइक सवार अपराधियों ने उसकी बाइक को रोक कर उससे 75 हजार रुपये के साथ अन्य दस्तावेज आदि लूट लिया था। जिसके बाद ताहिर अंसारी ने अहिल्यापुर थाना में आवेदन देकर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी श्री शर्मा के निर्देश पर तुरंत ही एक छापेमारी दल का गठन किया गया था, जिसमें पुलिस निरीक्षक गांडेय मो. कमाल खान, अहिल्यापुर थाना प्रभारी अमरजीत कुमार सिंह, ताराटांड़ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार महतो और ताराटांड़ और अहिल्यापुर के पुलिस जवानों को शामिल किया गया था।गठित टीम के द्वारा छापेमारी कर चारों अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से पुलिस ने लूट की घटना में प्रयुक्त हुई अपाची मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, दो यूनियन बैंक का डेबिट कार्ड, दो प्रीपेड कार्ड, एक बैंक ऑफ इंडिया का डेबिट कार्ड और प्रीपेड कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड भी बरामद किया है।

---

# कतरास में कोयला लदे छह ट्रक जब्त

**नवीनमेल संवाददाता**

**कतरास।** कोयला के अवैध खनन व कारोबार पर अंकुश लगाने की जिला प्रशासन की कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी रही। खनन टास्क फोर्स की टीम मंगलवार को कतरास व आसपास के इलाकों में पहुंची। टीम में कोयले लदे ट्रकों की जांच शुरू की तो छह ट्रक जब्त किए गए। सभी ट्रकों पर कोयला लदा था। जिला खनन पदाधिकारी बिनोद कुमार प्रमाणिक व पुटकी सीओ ने मिलकर कार्रवाई की। एसडीओ उदय रजक ने बताया कि डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर कार्रवाई की गई। प्रत्येक ट्रक में 25-25 टन कोयला लदा था। कुल जब्त कोयले की बात करें तो यह डेढ़ सौ टन के करीब है। जब्त ट्रकों को कतरास थाना के हवाले कर दिया गया है। थाने में एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। सभी ट्रक श्यामडीह मोड़ के पेट्रोल पंप के निकट खड़ी थी। छापेमारी के क्रम में ट्रक के चालक व खलासी भाग निकले। मालूम हो कि रविवार की देर रात से लेकर सोमवार की सुबह तक जीटी रोड पर छापेमारी की गई थी। इसमें 54 ट्रकों को जब्त किया गया था। खनन टास्क फोर्स की कार्रवाई के बाद कोयला के अवैध कारोबारियों में हड़कंप है। एसडीओ ने बताया कि जब्त किए गए सभी छह ट्रकों को कतरास पुलिस के हवाले कर दिया गया है। मामले में एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। जब्त ट्रक संख्या जेएच 10 एवाई 7159, जेएच 10 बीएस 9703, जेएच 10 सीपी 9970, जेएच 10 एएस 9703, जेएच 10 सीटी 8725 एवं ट्रक संख्या जेएच 10 बीके 3426 के मालिकों का पता लगाया जा रहा है। मालिक हो कि डीसी वरुण रंजन ने कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण तथा परिवहन के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का आदेश दिया गया है। जिला खनन टास्क फोर्स जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापामारी कर रही है।

जिंदगी हमें सिखाती है कि अगर शान्ति चाहिए तो, दूसरों की शिकायत करने से अच्छा है, खुद को बदलें : अज्ञात

# झारखंड में पर्यटन की अपार संभावना

सदियों से झारखंड आकर्षण का केंद्र रहा है वैदिक काल में शांति के लिए तो बाद के कालखंड में कभी बेशकीमती लकड़ियों के लिए तो कभी हीरे के लिए तो कभी इसके खान खनिज के आकर्षण से बंधे लोग आते रहे पर आधुनिक काल में जब भीषण गर्मी या सीमित जगह या अपार्टमेंट संस्कृति में रचे बसे लोग जब पहली बार झारखंड आते हैं तो मंत्रमुग्ध हो जाते हैं । अधिकांश तो यहां की सादगी,प्राकृतिक सौंदर्य और सुहावने मौसम से इतने प्रभावित होते हैं कि यहां बस जाना पसंद करते हैं । यही हाल यहां आनेवाले पर्यटकों का झरनों के शहर के नाम से प्रसिद्ध रांची समुद्र तल से लगभग 700 मीटर की ऊँचाई पर स्थित हैं। रांची शहर को अविभाजित बिहार राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनने का गौरव हासिल था। रांची के प्रमुख आकर्षण में टैगोर हिल, हुंडरु फॉल,दशम फॉल, रांची हिल स्टेशन, कांके डैम, भारी अभियंत्रण निगम हटिया, जनजातीय अनुसंधान संस्थान का संग्रहालय शामिल हैं।

**रांची शहर को अविभाजित बिहार राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनने का गौरव हासिल था। रांची के प्रमुख आकर्षण में टैगोर हिल, हुंडरु फॉल,दशम फॉल, रांची हिल स्टेशन, कांके डैम, भारी अभियंत्रण निगम हटिया, जनजातीय अनुसंधान संस्थान का संग्रहालय शामिल हैं। झारखंड राज्य के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में शामिल देवघर एक प्रमुख धार्मिक स्थान हैं जो कि भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक के लिए जाना जाता हैं। देवघर का मंदिर भगवान बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हैं।**

झारखंड राज्य के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में शामिल देवघर एक प्रमुख धार्मिक स्थान हैं जो कि भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक के लिए जाना जाता हैं। देवघर का मंदिर भगवान बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हैं। देवघर के प्रमुख आकर्षण में शामिल बैद्यनाथ धाम, नंदन पहाड़, सत्संग आश्रम आदि हैं। झारखंड में घूमने वाली जगहों में शामिल हैं जमशेदपुर झारखंड का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। जमशेदपुर सिटी में दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी इस्पात निर्माण कंपनी स्थित है। जमशेदपुर के प्रमुख आकर्षण में जुबली पार्क, दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी और टाटा स्टील जूलोजिकल पार्क आदि हैं।झारखंड राज्य का मशहूर पर्यटन स्थल हजारीबाग झारखण्ड राज्य की राजधानी रांची से लगभग 95 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। हजारीबाग पर्यटन स्थल घने जंगलों, रॉक संरचनाओं, सुन्दर सुन्दर झीलों और प्राकृतिक आकर्षण का खूबसूरत दृश्य प्रस्तुत करता हैं। हजारीबाग के प्रमुख आकर्षण में कैनेरी हिल, राजरप्पा मंदिर और वाइल्ड लाइफ सेंचुरी आदि शामिल हैं। झारखंड में छुट्टी मनाने वाली जगहों में शामिल बोकारो स्टील सिटी एक खूबसूरत प्राकृतिक स्थान हैं । झारखंड में पर्यटन उद्योग के पनपने और भारी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इसकी अनूठी झारखंडी संस्कृति भी है । छौ नृत्य की दोनों शैलियां मानभूम और सरायकेला अब विश्व स्तर पर चर्चित हैं। दोनों के कलाकार विदेशों तक में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। इसी प्रकार यहां के जतरा मेला और जनजातीय पर्व त्योहार राजस्थान की संस्कृति की तरह और हिमाचल के कुलू महोत्सव की तरह हजारीबाग का रामनवमी मेला और रांची की दुर्गा पूजा भीड़ खींच सकती है जिससे रोजगार के अवसर तो पैदा होंगे ही बहुत हद तक पलायन और माओवाद रुक सकता है । हिमाचल की तरह राजस्व वृद्धि का बड़ा स्रोत भी पर्यटन बन सकता है । आवश्यकता इस बात की है सरकार के प्रयासों को आमजन का भी सहयोग मिले खास तौर पर टूर ट्रेवल से जुड़े लोगों का जो उचित दर पर गाड़ी उपलब्ध कराकर एक संदेश दें कि यह बजट के अंदर शांत मनोरम पर्यटन स्थल है ।

# यह तो 'गठबंधन' ही सनातन विरोधी है!

**इन दिनों**


मृत्युंजय दीक्षित



**देश** में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी कमर कस ली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन इस बार और बेहतर प्रदर्शन करने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। विपक्ष भी आईएनडीआईए बनाकर हुंकार भर रहा है। वर्ष 2023 में हुए कुल नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश , कर्नाटक व तेलंगाना में विजय प्राप्त हुई है। मगर इस गठबंधन में कई पेंच इतनी बुरी तरह से उलझ गये हैं कि सुलझना कठिन होता जा रहा है। भाजपा राम मंदिर, सनातन संस्कृति के उत्थान और विकसित भारत संकल्प यात्रा के बल पर लगातार आगे बढ़ती जा रही है। मगर विपक्ष का गठबंधन अभी तक चार बैठकों के बावजूद संयोजक का नाम तक तय नहीं कर पाया है। 19 दिसंबर को बैठक में कांग्रेस ने गठबंधन में शामिल दलों से सीट साझा करने पर चर्चा करने के लिए एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। जब दो राज्यों हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में कांग्रेस को सफलता मिली तब कुछ विश्लेषकों को ऐसा लगने लगा कि प्रधानमंत्री मोदी का जादू उतरने लगा है और कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष के मन में आशा का एक नया संचार हुआ है किंतु राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम का रिजल्ट आते ही इन विश्लेषकों को सांप सूंघ गया। मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक विजय ने विपक्ष की बोलती बंद कर दी। अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां चल रही हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने इसके लिए सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे, वामपंथी नेता सीताराम येचुरी सहित कई विपक्षी नेताओं को निमंत्रण भेजा। अभी यह पक्का नहीं है कि सनातन विरोधी इस गठबंधन के नेता अयोध्या जाते हैं या नहीं। माना तो यही जा रहा है कि इनमें से कई नहीं जाएंगे। सबसे ज्यादा फजीहत इस गठबंधन की साथी समाजवादी पार्टी की होनी है। कौन नहीं जानता रामभक्त कारसेवकों पर मुलायम सिंह यादव ने ही गोली चलवाई थी। मुस्लिम-यादव गठजोड़ से सत्ता पाने वाले उनके पुत्र और सपा नेता अखिलेश यादव समारोह में चले जाते हैं तो उनके एम-वाई समीकरण को गहरा आघात लगना तय है। राम मंदिर निर्माण के समर्पण अभियान पर सपा नेताओं ने संघ व भाजपा को चंदाजीवी कहकर अपमानित किया है। आम आदमी पार्टी ने दो कदम आगे जाकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के चंपत राय पर जमीन घोटाले के फर्जी आरोप लगा दिये। वास्तविकता यह है कि आज इस पार्टी के कई बड़े नेता मनीष सिसोदिया, संजय सिंह व सुरेंद जैन सलाखों के पीछे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित शराब घोटाले के मुख्य किरदार बताये जा रहे हैं। ईडी का सामना तक नहीं कर पा रहे। आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल सभी दल व नेता हिंदू सनातन संस्कृति, भारतीय सभ्यता व संस्कृति, भाषा, रहन सहन व खानपान के घोर विरोधी हैं। सभी नेता मुस्लिम तुष्टिकरण, ईसाइयत और पश्चिमी सभ्यता के आकंठ डूबे हुए हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में पराजय के बाद विरोधी दलों के नेता संतुलन ही खो बैठे हैं। द्रमुक नेता तो सनातन धर्म का उन्मूलन करने का प्रण तक ले चुके हैं। गठबंधन के बड़े सरमायेदार मोहब्बत की दुकान खोलने वाले राहुल गांधी खामोश हैं। आज राममला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जाना कांग्रेस के लिए सांप- छछूंदर की गति जैसा हो गया है। जाएं तो मुश्किल और न जाए तो भी मुश्किल। कांग्रेस के नेतृत्व में बने गठबंधन के सभी नेता हिंदू धर्म का जमकर मखौल उड़ा चुके हैं।

**भाजपा राम मंदिर, सनातन संस्कृति के उत्थान और विकसित भारत संकल्प यात्रा के बल पर लगातार आगे बढ़ती जा रही है। मगर विपक्ष का गठबंधन अभी तक चार बैठकों के बावजूद संयोजक का नाम तक तय नहीं कर पाया है। 19 दिसंबर को बैठक में कांग्रेस ने गठबंधन में शामिल दलों से सीट साझा करने पर चर्चा करने के लिए एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। जब दो राज्यों हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में कांग्रेस को सफलता मिली तब कुछ विश्लेषकों को ऐसा लगने लगा कि प्रधानमंत्री मोदी का जादू उतरने लगा है और कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष के मन में आशा का एक नया संचार हुआ है किंतु राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम का रिजल्ट आते ही इन विश्लेषकों को सांप सूंघ गया। मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक विजय ने विपक्ष की बोलती बंद कर दी। अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां चल रही हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने इसके लिए सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे, वामपंथी नेता सीताराम येचुरी सहित कई विपक्षी नेताओं को निमंत्रण भेजा। अभी यह पक्का नहीं है कि सनातन विरोधी इस गठबंधन के नेता अयोध्या जाते हैं या नहीं। माना तो यही जा रहा है कि इनमें से कई नहीं जाएंगे। सबसे ज्यादा फजीहत इस गठबंधन की साथी समाजवादी पार्टी की होनी है। कौन नहीं जानता रामभक्त कारसेवकों पर मुलायम सिंह यादव ने ही गोली चलवाई थी।**

## आप की बात

### दिनों दिन निखर रहे हैं दोनों संस्करण

कुछ दिनों से नियमित अखबार का पीडीएफ पढ़ रहा हूं। राष्ट्रीय नवीन मेल के लिए शुभकामनाएं। झोला छाप डाक्टरों पर लिखा आलेख आंखे खोलती है। नर्सिंग होम और प्राइवेट अस्पतालों के भारी भरकम बिलों पर लिखना अपेक्षित है। झारखंड के भ्रष्टाचार का इतिहास, प्रमाणिक सामग्रियों का संग्रह साबित हुआ। राष्ट्रीय नवीन मेल की गुणवत्ता बढ़ रही है। एक दिन पृष्ठ संख्या 9 पर वयस्क की गलत हिज्जे व्यस्क दांतो तले कंकड़ के समान लगा। ईश्वर प्रतिदिन बेबाक लिखने का विचार और शक्ति प्रदान करें! प्रतिनिधि पाठकों को जो चाहिए, आपने आज निर्भीकता से लिखा है। बुद्धिजीवी वर्ग के पाठकों का नब्ज टटोल लिया है। अनुसंधान आधारित सूचनाएं जिज्ञासा को तृप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल के उगने वाले सूर्य का क्षितिज दिखने लगा है। अटल जी को पत्रकार के नाते भी याद करना सुखद लगा। 26 दिसंबर का आलेख - 'गति क्षमता से कम, सतरंगी मोर के समान पैरों , योजना से आच्छादित' जैसे शब्द प्रयोगों को मैंने अपने खास शब्द संग्रह में शामिल किया। मानव तस्करी पर शोध आधारित आलेख मर्म को छूता है। शोध आधारित कानून संबंधी अद्यतन जानकारी प्रतियोगी परीक्षा के उम्मीदवारों के लिए एक मूल्यवान सामग्री है। 'कौन बनेगा करोड़पति' की तैयारी करने वाले भी लाभान्वित होंगे। पूर्व की तरह कैमूर रोहतास शाहाबाद में भी अखबार घर घर पहुंचे।

**- देवेश कुमार घोष,पूर्व प्राचार्य, डीएवी स्कूल, सासाराम**

**राजनीति**

# घाटी में सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता व संवेदनशीलता


ललित गर्ग

**पुंछ** और राजौरी के सीमावर्ती इलाके में एक बार फिर आतंकी हमला हुआ है, यह संविधान के अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद किया गया पहला बड़ा आतंकवादी हमला है। यह हमला जहां आतंकियों की हताशा को दर्शा रहा, वही ऐसी संभावनाएं भी पूरजोर उजागर कर रहा है आतंकी तत्व ऐसी और वारदात को अंजाम देने की कोशिश करेंगे। घाटी में शांति एवं विकास को बाधित करने की आतंकवादियों की कुचेष्ठाओं को निष्फल करने के लिये सुरक्षाकर्मियों को अपनी तैयारी को अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं संवेदनशील करना होगा। विशेषतः सुरक्षाकर्मियों को मनोबल एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ घाटी के लोगों के लिये संवेदनशील होना होगा ताकि घाटी में आतंक एवं अशांति फैलाने के मनसूबे सफल न हो सके। हालांकि आंकड़ों के लिहाज से देखा जाय तो इसमें संदेह नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन यह भी सच है कि ऐसे कई हमले पिछले कुछ अर्से में हुए हैं। अब कश्मीर भारत की इज्जत एवं प्रतिष्ठा का प्रश्न है, नाक है। पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती इलाके आतंकी गढ़ बने हुए हैं, इन क्षेत्रों के घने जंगलों के कारण आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में सुविधा रहती है। यही कारण है कि इन्हीं क्षेत्रों में बार-बार आतंकवादी घटनाएं हो रही है। इसी इलाके में इस साल अप्रैल में सेना के वाहनों पर हुए ऐसे ही हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। इसके अगले महीने मई में यहीं एक आतंक विरोधी अभियान के दौरान सेना पर हमला हुआ, जिसमें पांच जवानों की जान गई। यही नहीं, अक्टूबर महीने में फिर यहीं आतंकी हमला हुआ, जिसमें नौ जवान शहीद हुए। अब विगत गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में पाक घुसपैठियों ने घुसकर भारतीय सीमाओं की रक्षा कर रहे चार सुरक्षा सैनिकों की हत्या कर डाली, जो असहनीय है। इसकी गंभीरता को देखते हुए पूछताछ के लिए उठाये गये आठ लोगों में से तीन लोगों का मृत पाया जाना अधिक गंभीर था।

**घाटी में शांति एवं विकास को बाधित करने की आतंकवादियों की कुचेष्ठाओं को निष्फल करने के लिये सुरक्षाकर्मियों को अपनी तैयारी को अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं संवेदनशील करना होगा।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक आईएनएस इंफाल


किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तर पर हर क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रोद्योगिकी विकास, चीन सहित भिन्न देशों पर घटती निर्भरता और हर क्षण बढ़ते निर्यात को पूरी दुनियां की हसरत भरी नजरों से देखकर विश्वास हो चुकी है कि भारत को अब आत्मनिर्भर बनने से कोई शक्ति रोक नहीं सकती और भारत अपने विजन 2047 पूर्ण विकसित राष्ट्र को उसके डेडलाइन के पहले ही अपने लक्ष को प्राप्त करने प्राप्त कर विश्व गुरु बनने में सफल हो जायेगा, जिसका इशारा आज गोवा से भारतीय नवसेना में शामिल विध्वंसक आईएनएस इंफाल बेड़े से मिल गया है। वैसे भी भारत हिंद महासागर क्षेत्र में नेट सुरक्षा प्रदाता की भूमिका निभाता रहा है, अब मित्र देशों के साथ मिलकर समुद्री मार्ग को सुरक्षित रख सकेंगे ताकि हमारा वैश्विक व्यापार सुरक्षित और तेजी से बढ़ सके और अर्थव्यवस्था बुलंदियां छुए और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए भारत विकसित राष्ट्र बनकर विश्व गुरु बनने की अभिलाषा पूर्ण करें। इसी और अभी बढ़ते, संपूर्ण आतंक, लाल सागर में बढ़ते हूती विद्रोहियों का आतंक, चीन की समुद्री दादागिरी, व्यापारिक जहाज के प्लूटो, साइन बाबा पर हमलों के आरोपियों को अब जल्द कटघरे में लाना आसान हो जायेगा क्योंकि आईएनएस इंफाल जलमेव यस्य, बलमेव तस्य यानी जो समुद्र को नियंत्रित करता है वह सर्वशक्तिमान होता है, जिसे हम सशक्त बनायेंगे। इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, समुद्री व्यापार सर्वोच्च ऊंचाइयों के शिखर तक पहुंचाने व समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने में आईएनएस इंफाल मील का पत्थर साबित होगा। साथियों बात अगर हम आईएनएस इंफाल की करें तो यह एक प्रोजेक्ट 15 बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, को (26 दिसंबर, 2023) नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में आयोजित एक आकर्षक समारोह में रक्षा मंत्री की उपस्थिति में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

**पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, समुद्री व्यापार सर्वोच्च ऊंचाइयों के शिखर तक पहुंचाने व समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने में आईएनएस इंफाल मील का पत्थर साबित होगा।**



**बोधि वृक्ष**

# कथा गौ माता 'कामधेनु' की

ऐरावत हाथी के समान ही कामधेनु गाय की उत्पत्ति भी समुद्र मंथन से हुई। पौराणिक कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के समय देवों और असुरों को 14 रत्न, अप्सरायें, अमृत और विष की प्राप्ति हुई। क्षीरसागर से प्राप्त 14 रत्नों में एक रत्न कामधेनु गाय भी थी। इसी तथ्य से हम जान सकते हैं कि कामधेनु गाय का भारतीय संस्कृति में कितना महत्व है। पुराणों के अनुसार कामधेनु गाय में समस्त देवताओं का वास है। इसे नंदा, सुनंदा, सुराधी के नामों से भी जाना जाता है। कामधेनु को सभी गायों की मूल माता माना गया है और इसके हर अंग में चमत्कारी शक्तियां हैं। कहते हैं कामधेनु गाय जिस भी व्यक्ति को प्राप्त हो जाय वो दुनिया की सभी सम्पदाओं का मालिक बन जाता है। कामधेनु गाय ऐसी माता है जो संपूर्ण सृष्टी का पालन पोषण करती है और सबका पेट भरने के लिए आहार देती है। कामधेनु गाय के बारे में कई और पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। इनके अनुसार चाहे देवता हो या दानव कामधेनु गाय को हर कोई पाना चाहता था क्यों कि कामधेनु जिस किसी के पास होती थी वो सबसे शक्तिशाली बन जाता था। कहते हैं कामधेनु गाय सबसे पहले ऋषि वशिष्ठ के पास थी उनसे इसको पाने के लिए कई लोगों ने युद्ध किया। एक बार विश्वामित्र भी इसको पाने के लिए वशिष्ठ के आश्रम में पहुंच गये किन्तु उन्हें भी वहां से हारकर वापस आना पड़ा। एक और कथा के अनुसार कामधेनु गाय ऋषि जमदग्नि के पास थी। ऋषि जमदग्नि परशुराम के पिता थे। ऋषि जमदग्नि को भगवान इंद्र ने कुछ समय के लिए कामधेनु गाय दी थी। एक समय राजा सहस्त्रार्जुन जम्दागिन के आश्रम आये। आश्रम में ऋषि द्वारा राजा सहस्त्रार्जुन का अच्छे से स्वागत-सत्कार किया गया

(क्रमशः)

**टेक वर्ल्ड**

# अब ये डिवाइस दिलायेगी मच्छरों से राहत

दरअसल, यूएसबी टाईप -सी पोर्ट आपने कनेक्टिंग डिवाइस, फोन चार्जर और कई दूसरी जगहों पर इसका इस्तेमाल किया होगा। लेकिन अब आप इसका इस्तेमाल मच्छरों से खुद को बचाने में भी कर सकते हैं। हाल ही में एक वउ टाईप -सी डॉन्गल लॉन्च हुआ है जिसके पास ऐसी पावर है। दरअसल, जर्मन कंपनी Kamedi ने यूएसबी टाईप -सी डॉन्गल Heat-IT लॉन्च किया है। कंपनी का दावा है कि ये मच्छर, मक्खी या फिर ततैया के काटने पर काम करता है। इनके काटने की वजह से होने वाली खुजली को ये डिवाइस ठीक कर सकता है। छोटा सा ये गैजेट आसानी से आपने फोन के यूएसबी टाईप -सी पोर्ट में फिट हो सकता है। इसमें एक मेटल सर्फेस लगा होता है, जो गर्मी जनरेट करता है। इसे यूज करना भी बहुत आसान है।



आपको इसे सिर्फ अपने फोन में कनेक्ट करना होगा और डर या Android ऐप का इस्तेमाल करना होगा। एस ऐप के जरिए आप हीट ट्रीटमेंट को कस्टमाइज कर सकते हैं। अगर आप इसकी सेंसिटिविटी को लेकर परेशान हैं, तो ऐप में आपको इस प्रॉब्लम का भी हल मिल जाएगा। ये ऐप चाइल्ड फ्रेंडली या सेंसिटिव स्किन मोड के साथ आता है, जो स्किन के हिसाब से टेम्परेचर को सेट करता है। गर्मी के कारण मच्छर या ततैया के काटने वाली जगह तेजी से हील होती है। Kamedi अपने प्रोडक्ट की इस क्षमता का दावा एक स्टडी के आधार पर कर रही है। कंपनी ने स्वीडिश जर्नल Acta Dermato-Venerelogica में छपी रिपोर्ट का हवाला दिया है। इस स्टडी को Heat-It के साथ मिलकर किया गया है।

(समाप्त)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### मुजफ्फरपुर में मीट कारोबारी की बीच सड़क पर गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर :** बिहार में अपराधियों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा वारदात मुजफ्फरपुर की है, जहां एक मीट कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बाइक सवार दो अपराधियों ने मिठनपुरा के मीट कारोबारी मो. अफोरज को रामबाग रोड पर उस समय गोली मार दी जब वह अपनी दुकान खोलने जा रहा था। अफरोज की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दी है। को रामबाग रोड में बुधवार की सुबह गोली मार दी। जानकारी के मुताबिक अफरोज मुजफ्फरपुर के नगर थाना इलाके के महाराजी पोखर मोहल्ले का रहने वाला था। उसकी गौशाला-पीएंडटी चौक के पास मीट की दुकान है। वह बुधवार सुबह को दुकान खोलने जा रहा था। तभी बाइक पर सवार होकर दो अपराधी पीछे से आए और उसे गोली मार दी। गोली मीट कारोबारी के सिर में लगी, जिससे वह बाइक से तुरंत नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### दलित महिला को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**उत्तर प्रदेश:** बाराबंकी जिले के देवा क्षेत्र में एक दलित महिला को कथित तौर पर अगवा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि पीड़िता के अनुसार सोमवार को उसका अपने पति से झगड़ा हो गया था, जिससे नाराज होकर वह ससुराल से अपने मायके जाने के लिए निकली थी। उन्होंने बताया कि रास्ते में एक सफेद रंग की एक कार में बैठे चार लोग- मुगले आजम उर्फ रियाज, अशरफ उर्फ भूरे, शब्बू और इस्लामुद्दीन, ने मायके छोड़ देने की बात कही।सूत्रों ने बताया कि महिला का आरोप है कि कार में बैठने से मना करने पर दो लड़कों ने मिलकर उसे कथित तौर पर जबरन कार के पीछे वाली सीट पर बैठा लिया और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। उन्होंने बताया कि बाद में वे उसे एक सुनसान घर में ले गए, जहां उसके साथ कथित तौर सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

### सौर ऊर्जा से रोशन होंगे यूपी के मेडिकल कॉलेज

**लखनऊः** यूपी के सरकारी मेडिकल कॉलेज सौर ऊर्जा से रोशन होंगे। इसके लिए मेडिकल कॉलेजों के प्रमुख भवनों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इस पहल से बिजली बिल के खर्च में भी कमी लाई जा सकेगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों को सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल लगने से बिजली की बचत होगी। संस्थानों को आर्थिक बचत भी होगी। संस्थानों में निर्बाध बिजली आपूर्ति भी बनी रहेगी। बिजली के अभाव में उपचार थमने की आशंका कम होगी। मेडिकल संस्थान यूपीनेडा के अफसरों से ऊर्जा क्रय अनुबंध भी कर सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कई मेडिकल संस्थानों ने इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किए हैं।

#### हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने सरकार को दिश निर्देश

# सही जांच के लिए डीजीपी और एसपी को हटाएं

**नवीनमेल संवाददाता**

हिमाचल प्रदेश अदालत ने कहा कि एसपी, कांगड़ा ने शिकायतकर्ता से 28 अक्टूबर को एक ई-मेल के माध्यम से शिकायत प्राप्त होने के बावजूद जानबूझकर 16 नवंबर तक प्राथमिकी दर्ज करने में देरी करने के बाद जांच में बहुत कम प्रगति दिखाई। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने मंगलवार को राज्य सरकार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को हटाने का निर्देश दिया। ताकि वे एक कारोबारी की जान को खतरे की शिकायत की जांच को प्रभावित न कर सकें।अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि वह इस मामले में असाधारण परिस्थितियों के कारण हस्तक्षेप कर रही है विशेष रूप से तब जब प्रतिवादी गृह सचिव ने मामले में प्रस्तुत सामग्री से आंखें मूंद लीं। पालमपुर के



व्यवसायी निशांत शर्मा ने 28 अक्टूबर को दर्ज अपनी शिकायत में उन्हें, उनके परिवार और संपत्ति को खतरे का आरोप लगाया है। शर्मा ने डीजीपी संजय कुंडू की भूमिका पर भी सवाल उठाया था, जिन्होंने कथित तौर पर उन्हें फोन करके शिमला आने के लिए कहा था। मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति ज्योत्सना रेवाल दुआ की पीठ ने कहा, उन्हें (डीजीपी और कांगड़ा के एसपी को) अन्य पदों पर स्थानांतरित करें, जहां उन्हें मामले में जांच को प्रभावित करने का कोई अवसर नहीं मिलेगा।आदेश में कहा गया है,इस मामले में अब तक हमारे पास उपलब्ध सामग्री के आलोक में, हम संतुष्ट हैं कि मामले में हस्तक्षेप करने के लिए असाधारण परिस्थितियां मौजूद हैं, खासकर तब जब प्रतिवादी गृह सचिव ने उक्त सामग्री पर आंखें मूंद लीं। अदालत ने कहा कि एसपी, कांगड़ा ने शिकायतकर्ता से 28 अक्टूबर को एक ई-मेल के माध्यम से शिकायत प्राप्त होने के बावजूद जानबूझकर 16 नवंबर तक प्राथमिकी दर्ज करने में देरी करने के बाद जांच में बहुत कम प्रगति दिखाई।

# डिनर के बाद पुलिस अफसर की संदिग्ध मौत

इंदौर : इंदौर में एक बार फिर साइलेंट अटैक से मौत का मामला सामने आया है। पुलिस में सहायक उप निरीक्षक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। ड्यूटी के बाद पुलिस अधिकारी अपने घर पहुंचे थे जहां पर खाना खाने के बाद उन्हें हिचकी आने लगी और मुंह से कुछ झाग निकला जिसके बाद उनकी मौत हो गई। परिवार द्वारा अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। सहायक उप निरीक्षक इंदौर के ग्रामीण डीआईजी कार्यालय में तैनात थे और साल 2010 में मध्य प्रदेश पुलिस में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह अकाउंटेंट के पद पर ग्रामीण डीआईजी के यहां पदस्थित थे।पुलिस द्वारा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मौत की वजह के बारे में डॉक्टर से जानकारी ली जा रही है।

### इंदौर में साइलेंट अटैक का एक और केस सामने आया

शुरूआती जांच में साइलेंट अटैक से मौत मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार, सहायक उप निरीक्षक प्रवीण भूरिया वर्ष 2010 में मध्य प्रदेश पुलिस में भर्ती हुए थे वह रोजाना की तरह मंगलवार को भी अपने ऑफिस गए थे। जहां से लौटने के बाद उन्होंने घर पर पत्नी से खाने को कहा और खाना खाने के बाद वह सोने लगे कि अचानक उन्हें हिचकी आने लगी जिसके बाद तुरंत उनकी मौत हो गई। सहायक उपनिरीक्षक की धर्मपत्नी नेहा भूरिया ने जानकारी दी की तीन बार हिचकी आने के बाद मुंह से हल्का सा झाग निकल और उन्हें तुरंत मुंबई हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन डॉक्टर ने इलाज के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों की मानें तो इस प्रकार के साइलेंट अटैक अभी वर्तमान में कई केस सामने आए हैं। कुछ दिनों पहले इंदौर के एक होटल में भी खाना खाते हुए युवक की साइलेंट अटैक से मौत हो गई थी।

## राहुल गांधी ने बजरंग पुनिया समेत अन्य पहलवानों से की मुलाकात



**दिल्लीः** खेल मंत्रालय ने नवनिर्वाचित डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया है और आईओए को खेल निकाय के मामलों के प्रबंधन के लिए एक तदर्थ समिति गठित करने के लिए कहा था। फोगाट, पूनिया और मलिक ने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। खिलाड़ियों ने बृजभूषण के खिलाफ इस साल की शुरूआत में जंतर-मंतर पर कई दिनों तक विरोध प्रदर्शन किया था। इस मामले की सुनवाई दिल्ली की एक अदालत में जारी है। मई में, राहुल गांधी ने ट्रक चालकों की समस्याओं को सुनने के लिए दिल्ली से चंडीगढ़ तक एक ट्रक में यात्रा की थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार की सुबह अचानक हरियाणा के झज्जर जिले में एक अखाड़े का दौरा किया और बजरंग पूनिया समेत पहलवानों के एक समूह से मुलाकात की। गांधी की पहलवानों से मुलाकात भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को लेकर जारी विवाद की पृष्ठभूमि में हुई है। कांग्रेस की हरियाणा इकाई के एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता के अनुसार, गांधी तड़के छारा गांव में वीरेंद्र अखाड़ा पहुंचे और बाद में उन्होंने पूनिया सहित अन्य पहलवानों से बातचीत की। राहुल गांधी कई घंटे तक अखाड़े में रूके। गांधी के जाने के बाद पूनिया ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस नेता ने अखाड़े में पहलवानों की दिनचर्या देखी और उनसे बातचीत की।

## 5 जनवरी को बिहार दौरे पर आएंगे नितिन गड़करी



**पटना :** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आगामी पांच जनवरी को बिहार दौरे पर आ सकते हैं। दरभंगा में उनका दौरा प्रस्तावित है। अपने बिहार दौरे में वे लगभग 20 हजार करोड़ की सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार केंद्रीय मंत्री आमस-दरभंगा पथ का शिलान्यास करेंगे। चार पैकेज में बनने वाली इस सड़क में पहले पैकेज आमस-शिवरामपुर का काम शुरू है। दूसरे पैकेज शिवरामपुर-रामनगर का भी काम शुरू है। रामनगर से कच्ची दरगाह पैकेज की मंजूरी नहीं मिली है। कच्ची दरगाह से बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर पुल का निर्माण हो रहा है। चौथे पैकेज में बिदुपुर से तालदशहरा के बीच सड़क का काम शुरू है। परसरमा से सहरसा-महिषि, चकिया-बैरगनिया, दरभंगा-जयनगर, जमुई, शेखपुरा व बांका बाईपास का भी वे शिलान्यास करेंगे। भागलपुर-ढाका मोड़ और चकाई सड़क का भी शिलान्यास हो सकता है। वहीं फारबिसगंज-जोगबनी, किशनगंज फ्लाईओवर, शिवहर-सीतामढ़ी-जयनगर-नरहिया, मनिया व फारबिसगंज आरओबी का उद्घाटन हो सकता है। इसके अलावा भी एनएचएआई राज्य की कुछ और सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करने की तैयारी में जुटा हुआ है।

## इंटर स्कूल में छात्रों का बवाल, एडमिट कार्ड नहीं आने पर शिक्षकों को पीटा, कमरे में किया बंद

**भागलपुर :** बिहार के भागलपुर जिले के एक इंटर स्कूल में बुधवार को स्टूडेंट्स ने जमकर बवाल काटा। मैट्रिक परीक्षा का एडमिट कार्ड नहीं मिलने से गुस्साए छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में हंगामा कर दिया। उन्होंने शिक्षकों को घेरकर उनकी पिटाई कर दी और उन्हें कमरे में भी बंद कर दिया। स्टूडेंट्स ने महिला टीचर को भी नहीं बख्शा। मामला गोराडीह के गांधी इंटर स्कूल मुरहन हाट का है। जानकारी के मुताबिक गांधी इंटर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को जमकर हंगामा किया। मैट्रिक परीक्षा का प्रवेश पत्र नहीं आने पर स्कूल के अंदर स्टूडेंट्स ने बवाल काटा। छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के शिक्षकों की पहले तो पिटाई कर दी। फिर उन्हें कमरे के अंदर बंद कर दिया। महिला शिक्षक के साथ भी बच्चों ने मारपी की। मामले की सूचना देने के बाद भी कोई अधिकारी नहीं मौके पर नहीं पहुंचा। प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं का कहना है कि स्कूल में लगभग 300 बच्चे ऐसे हैं जिनका एडमिट कार्ड नहीं आया है। पिछले साल भी 150 बच्चों का एडमिट कार्ड नहीं आया था। जबकि उन्होंने प्रवेश पत्र के लिए आवश्यक शुल्क भी जमा कराया। बच्चों ने बताया कि प्राचार्य पिछले 15 दिनों से विद्यालय नहीं आ रहे हैं। वहीं जो प्रभारी प्राचार्य हैं वह भी मौका देखकर निकल गए। इधर विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि वे लोग सिर्फ पढ़ाने से मतलब रखते हैं। अगर एडमिट कार्ड नहीं आया तो इसमें शिक्षकों का कोई दोष नहीं है। इसपर प्राचार्य ही कुछ बता सकते हैं।

## पटना साहिब गुरुद्वारा तक मेट्रो के विस्तार की व्यवहार्यता के लिए सर्वेक्षण कराएंगेः पुरी



**पटना :** पुरी वीर बाल दिवस के अवसर पर श्री तख्त हरमंदिर पटना साहिब गुरुद्वारा में आयोजित एक समारोह में भाग लेने के लिए बिहार की राजधानी पटना पहुंचे थे। पुरी के पास नरेन्द्र मोदी सरकार में आवास और शहरी मामलों का विभाग है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र प्रसिद्ध सिख तीर्थस्थल श्री तख्त हरमंदिर पटना साहिब गुरुद्वारा तक पटना मेट्रो के विस्तार के अनुरोध पर विचार करेगा। पुरी वीर बाल दिवस के अवसर पर श्री तख्त हरमंदिर पटना साहिब गुरुद्वारा में आयोजित एक समारोह में भाग लेने के लिए बिहार की राजधानी पटना पहुंचे थे। वीर बाल दिवस श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है। पटना साहिब गुरुद्वारा उस स्थान पर स्थित है जहां चार शताब्दी पहले दसवें सिख गुरु का जन्म हुआ था और इस समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता भी शामिल हुए।इस अवसर पर बोलते हुए, प्रसाद ने पुरी से पुराने शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाके में स्थित गुरुद्वारे तक पटना मेट्रो के विस्तार पर विचार करने का आग्रह किया जिस पर मंत्री ने जवाब दिया कि वह दिल्ली लौटने पर इस मामले को देखेंगे।

# नियोजित शिक्षकों को स्थायी कर्मचारी का दर्जा देने का फैसला

**एजेंसी**



**बिहार :** नीतीश कुमार सरकार ने मंगलवार को राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों में कार्यरत लगभग 3.5 लाख नियोजित शिक्षकों को स्थायी कर्मचारी का दर्जा देने का फैसला किया है। इस आशय का निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में लिया गया।मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ कैबिनेट की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि मंत्रिमंडल ने बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 को स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तुरंत बाद जिला परिषद, पंचायत समिति, ग्राम पंचायत, नगर परिषद और नगर पंचायत जैसे स्थानीय निकायों द्वारा नियुक्त किए गए। ये संविदा पर कार्यरत शिक्षक स्थायी सरकारी कर्मचारी के साथ विशिष्ट शिक्षक के रूप में जाने जाएंगे।सिद्धार्थ ने कहा कि स्थानीय निकायों द्वारा नियोजित और संबंधित स्थानीय निकाय शिक्षक नियम 2020 के तहत आने वाले संविदा शिक्षक विशिष्ट शिक्षक बनने के हकदार होंगे, बशर्ते वे योग्यता परीक्षा पास कर लें। सिद्धार्थ ने कहा कि इन विशिष्ट शिक्षकों को नया वेतनमान पाने और प्रोन्नति के लिए भविष्य में तीन मौका दिया जाएगा और उनमें से जो विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो सकेंगे उनके बारे में सरकार बाद में निर्णय लेगी।

## श्रीनगर-बारामूला मार्ग में संदिग्ध वस्तु बरामद, नष्ट की गई

**श्रीनगर-बारामूलाः** अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सुबह के वक्त नियमित गश्त के दौरान श्रीनगर-बारामूला राजमार्ग पर लवायपुरा में एक गैस सिलेंडर संदिग्ध परिस्थियों में पड़ा देखा, जिसके बाद यातायात का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। जम्मू कश्मीर में श्रीनगर-बारामूला राजमार्ग पर सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों द्वारा लगाए गए विस्फोट को वक्त रहते निष्क्रिय कर दिया औरएक बड़ी घटना होने से रोक ली। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सुबह के वक्त नियमित गश्त के दौरान श्रीनगर-बारामूला राजमार्ग पर लवायपुरा में एक गैस सिलेंडर संदिग्ध परिस्थियों में पड़ा देखा, जिसके बाद यातायात का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद बम निष्क्रिय दस्ते को घटनास्थल भेजा गया।

# तबादले के लिए बेसिक शिक्षकों ने राजधानी में डाला डेरा

**एजेंसी। लखनऊ**

बेसिक विद्यालय में शिक्षकों की कई महीनों से चल रही पदोन्नति व परस्पर तबादले की प्रक्रिया पूरी न होने पर शिक्षकों ने नाराजगी जताई है। बुधवार को शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने अलग-अलग इसके लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा व बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल से से मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री से मिले शिक्षकों ने कहा कि फरवरी से शुरू हुई पदोन्नति प्रक्रिया कम से कम इस वर्ष के अंत तक पूरी हो जाए। इससे उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। उपमुख्यमंत्री ने इस मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर जल्द इसे पूरा कराने का आश्वासन दिया। वहीं महानिदेशक ने आश्वस्त किया जल्द ही शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। उपमुख्यमंत्री व महानिदेशक से मिलने वालों में निर्भय सिंह, अमिताभ मिश्र, गणेश शंकर दीक्षित, भूपेंद्र राय, अंजनी झा, अभिषेक श्रीवास्तव, नगीना राय, राजीव गौड़, मनोज द्विवेदी आदि शामिल थे। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा परिषद सचिव को ज्ञापन देकर पदोन्नति के कारण शिक्षकों के परस्पर तबादले के लिए बनाए गए जोड़े टूटने का मुद्दा उठाया है। प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने मांग की जिले के अंदर परस्पर तबादले की प्रक्रिया जाड़े की छुट्टियों में पूरी की जाए ताकि 20752 शिक्षकों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही पदोन्नति के कारण उनका जोड़ा न टूटे इसके लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें। उन्होंने एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले की प्रक्रिया भी जनवरी के पहले सप्ताह में पूरी करने की मांग की है। प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में तैनात 1.40 लाख शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि समेत विभिन्न मांगों के समाधान के लिए शासन ने कमेटी का गठन किया है।

## यूपी पुलिस सिपाही भर्तीः बढ़ सकती है आवेदन की अंतिम तिथि



एजेंसी। लखनऊ

पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने के पहले दिन अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पूरा दिन इंतजार करते रहे। देर रात तक वेबसाइट अपडेट करने की कवायद जारी रही। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड पहले दिन हुए विलंब के एवज में अभ्यर्थियों को आवेदन करने में एक दिन की छूट दे सकता है। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने की घोषणा के बाद बुधवार को ऑनलाइन आवेदन की वेबसाइट को दोबारा अपडेट करना पड़ा। भर्ती बोर्ड के अधिकारियों की निगरानी में वेबसाइट और ऑनलाइन आवेदन संबंधी साफ्टवेयर में बदलाव किया जाता रहा। इसमें तकनीकी दिक्कतें आने की वजह से रात आठ बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का लिंक बोर्ड जारी नहीं कर सका। भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि वेबसाइट को अपडेट करने के बाद अंतिम दौर की टेस्टिंग की जा रही है। देर रात तक इसे शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। बताते चलें कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद करीब 30 लाख युवाओं द्वारा सिपाही भर्ती के लिए आवेदन करने की संभावना है। पहले भर्ती बोर्ड ने 25 लाख आवेदन आने का अनुमान लगाया था। आयु सीमा में तीन वर्ष की बढ़ोतरी से करीब पांच लाख अभ्यर्थी बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

# 25 साल की लड़की को कार से रौंदा आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी**

**जयपुर :** भले ही नई सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का वादा किया हो, मंगलवार को मालवीय नगर में गिरधर मार्ग पर एक होटल के अंदर एक विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपनी एसयूवी से 25 वर्षीय महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई और उसका दोस्त घायल हो गया। जवाहर सर्कल पुलिस स्टेशन के रलड दलबीर सिंह ने कहा कि आरोपी की पहचान हरियाणा के मूल निवासी मंगेश अरोड़ा के रूप में हुई है, जो घटना के बाद अपनी एसयूवी में भाग गया। फिलहाल आरोपी को मंगेश अरोड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि वह कपड़े का कारोबार करता है। जबकि पीड़िता की पहचान उमा सुथार के रूप में हुई है और वह मध्य प्रदेश के नीमच जिले की मूल निवासी है, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह जयपुर में इवेंट मैनेजमेंट का



काम करती थी, उसका दोस्त राज कुमार सिंह घायल हो गया और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि हत्या सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई। एफआईआर के अनुसार, राज सोमवार रात 10 बजे अपने दोस्त सुत्थर के साथ छत पर रेस्तरां के लिए चल रहे काम की जांच करने के लिए होटल गया था। राज द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार, बाद में दोनों होटल के रेस्तरां में खाना खाने गए, जहां अरोड़ा अपनी प्रेमिका के साथ एक मेज पर बैठा था और लगभग एक घंटे तक शराब पी रहा था।

पुलिस सीसीटीवी से संदिग्धों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस पीड़ित द्वारा बताए गए वाहन नंबर के आधार पर संदिग्धों का पता लगा रही है। पुलिस ने कहा कि उन्होंने एक को गिरफ्तार कर लिया है।

हर एंगल से हत्याकी जांच कर रही हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हमारी टीमें पिछली डकैतियों के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही हैं कि क्या अपराध में वही गिरोह शामिल हैं। शहर में चेन स्नैचिंग की यह पहली घटना नहीं है। अक्टूबर में शहर के मुहाना इलाके में बाइक सवार दो अपराधियों से अपना पर्स चुराने का प्रयास करने के दौरान खुद को बचाने की कोशिश में लगी 54 वर्षीय महिला की मौत हो गई।

# सबरीमला में मंडला पूजा आज, अयप्पा मंदिर में भीड़

**एजेंसी**



**केरल :** केरल के सबरीमला में स्थित भगवान अयप्पा के प्रसिद्ध मंदिर में आज बुधवार सुबह अप्रत्याशित भीड़ देखी जा रही है, क्योंकि इस पहाड़ी मंदिर में शुभ मंडला पूजा होने में कुछ ही घंटे शेष बचे हैं। मंदिर परिसर सन्निधानम में अपने सिर पर इरुन्मुदिकेट्टू की पवित्र पोटली लिये और स्वामी शरणम अयप्पा मंत्रों का जाप करते हुए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी जा सकती है।

भक्तों की भीड़ मंडला पूजा की एक झलक पाने के लिए इंतजार कर रही है, जो भगवान अयप्पा मंदिर में दो महीने तक चलने वाली वार्षिक तीर्थयात्रा के पहले चरण के समापन का प्रतीक है। भगवान अयप्पा की पवित्र थंका अंकी (सुनहरी पोशाक) के साथ एक शोभायात्रा मंगलवार शाम को यहां पहाड़ी मंदिर पहुंची थी। इससे पहले कल सबरीमाला मंदिर में गणपति होमन पूजा की गयी. सबरीमाला में आज मंडला पूजा का अनुष्ठान होना है। मंडला पूजा एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है जो कि केरल के सबरीमाला अयप्पा मंदिर में मनाया जाता है।

# राहुल गांधी बिहार के युवाओं से मिले मोदी सरकार पर फिर बोला हल्ला

**एजेंसी**

**नयी दिल्लीः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फिर एक बार सेना की अग्निपथ स्कीम को लेकर मोदी सरकार पर हल्ला बोला है। राहुल गांधी के अनुसार इस योजना ने युवाओं के सपनों को नष्ट कर दिया है। खबरों के अनुसार कल मंगलवार को राहुल गांधी ने बिहार से आये युवाओं के एक समूह से मुलाकात की. युवाओं का यह समूह बिहार के चंपारण से दिल्ली आया है।

इस क्रम में राहुल ने कहा कि वे सड़क से लेकर संसद तक युवाओं के साथ हैं. राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि युवाओं का यह समूह बिहार के चंपारण से दिल्ली आया है। चंपारण को सत्याग्रह की भूमि बताते हुए कहा कि सभी युवा चंपारण से 1000 किलोमीटर दूर पैदल दिल्ली पहुंचे हैं. दुख जताया



कि किसी भी मीडिया ने इन्हें नहीं दिखाया. इस क्रम में कहा कि सरकार की अग्निपथ योजना ने अनगिनत युवाओं के सपनों को बर्बाद कर दिया है। कहा कि सरकार ने भारतीय वायुसेना की भर्ती रद्द कर दी है. भर्ती रद्द होने से भारी संख्या में युवा परेशान हैं. कहा कि हम सड़क से लेकर संसद तक युवाओं की बेरोजगारी का मुद्दा उठाते रहेंगे.अग्निपथ भर्ती योजना के तहत युवा चार साल की अवधि के लिए सेना में शामिल हो सकते हैं। अग्निपथ भर्ती योजना के तहत युवा चार साल की अवधि के लिए सेना में शामिल हो सकते हैं. साढ़े 17 साल से 21 साल के युवा लड़के और लड़कियां इसके लिए पात्र होंगे। 10वीं से लेकर 12वीं तक के छात्र आवेदन दे सकते हैं. इसकी शुरूआत 90 दिन के भीतर हो जायेगी। इस साल 46 हजार अग्निवीरों की भर्ती की जानी है। युवाओं को छह महीने की ट्रेनिंग दी जायेगी। ट्रेनिंग का समय भी चार साल में शामिल होगा। चार साल बाद 25 फीसदी अग्निवीरों को सेना में पूर्णकालिक शामिल कर लिया जायेगा।

## महात्मा गांधी का अपमान करने के आरोप में छात्र के खिलाफ मामला दर्ज

**केरल** पुलिस ने हाल ही में महात्मा गांधी की प्रतिमा के कथित अनादर को लेकर मंगलवार को विधि के अंतिम वर्ष के एक छात्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छात्र, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) का एक स्थानीय नेता भी है। पुलिस के मुताबिक, संस्थान के केरल छात्र संघ (केएसयू) कार्यकर्ताओं द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत के आधार पर यहां भारत माता कॉलेज में विधि के अंतिम वर्ष के छात्र अदीन नजर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई- को बताया कि आरोपी छात्र के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (वैमनस्यता को बढ़ावा देना) और 426 (शरारत) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# वीर बच्चों को किया सम्मानित

**एजेंसी**



**छत्तीसगढ़ः** निश्चित ही अन्य बच्चों को भी इनके अदम्य साहस से प्रेरणा मिलेगी।अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होने वाले चार बालक–बालिकाओं में 15 वर्षीय अमर ज्योति जाहिरे ने पिकनिक के दौरान अपने दोस्त को डूबने से बचाया था। वहीं, 13 वर्षीय जान्हवी राजपूत ने हिम्मत दिखाते हुए करंट की चपेट में आए अपने पांच वर्षीय भाई की जान बचाई थी। उन्होंने बताया कि इसी तरह 15 वर्षीय छाया विश्वकर्मा ने पागल कुत्ते से अपनी बहन की जान बचाई थी तथा धमतरी जिले की 12 वर्षीय भामेश्वरी निर्मलकर ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दो बालिकाओं को तालाब में डूबने से बचाया था। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर राज्य के चार वीर बालक-बालिकाओं को उनके साहसिक और वीरता पूर्ण कार्य के लिए सम्मानित किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री साय ने कोरबा के अमर ज्योति जाहिरे, महासमुंद की छाया विश्वकर्मा, धमतरी की जान्हवी राजपूत और धमतरी की भामेश्वरी निर्मलकर को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया।

# सेंचुरियन टेस्ट : भारतीय टीम की पहली पारी 245 रनों पर सिमटी

**एजेंसी। सेंचुरियन**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत की पहली पारी 245 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से केएल राहुल ने 101 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। राहुल के अलावा विराट कोहली ने 38, श्रेयस अय्यर ने 31 और शार्दुल ठाकुर ने 24 रन बनाए। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के लिए कागिसो रबाडा ने 5 विकेट लिए। मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही और केवल 24 रन पर भारत ने कप्तान रोहित शर्मा (05), शुभमन गिल (02) और यशस्वी जायसवाल (17) के विकेट खो दिये। यहां से विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। 92 रन के कुल स्कोर पर अय्यर 31 रन बनाकर रबाडा की गेंद पर बोल्ड हुए। 107 के कुल स्कोर पर कोहली भी 38 रन बनाकर रबाडा का शिकार बने। रविचंद्रन अश्विन कुछ खास नहीं कर सके और 121 के कुल स्कोर पर 8 रन बनाकर रबाडा की गेंद पर आउट हुए। यहां से राहुल ने शार्दुल ठाकुर के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 43 रन जोड़े। 164 के कुल स्कोर पर शार्दुल रबाडा के पांचवें शिकार बने। शार्दुल ने 24 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह 1 रन बनाकर मार्को यान्सन का शिकार बने। इसके बाद राहुल ने मोहम्मद सिराज के साथ नौवें विकेट के लिए 47 रन जोड़े। सिराज 238 के कुल स्कोर पर गेराल्ड कोएट्जी का शिकार बने। सिराज ने 5 रन बनाए। राहुल ने इसके बाद कोएट्जी की गेंद पर छक्का लगाकर अपने करियर का आठवां शतक और सेंचुरियन में दूसरा शतक लगाया। इसके साथ ही वह सेंचुरियन में दो शतक लगाने वाले पहले मेहमान बल्लेबाज बने। हालांकि शतक लगाने के बाद मार्को यान्सन ने उन्हें बोल्ड कर भारतीय पारी का अंत किया। राहुल ने 137 गेंदों पर 14 चौकों और 4 छक्कों की बदौलत 101 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कागिसो रबाडा ने 5, नान्द्रे बर्गर ने 3, मार्को यान्सन और गेराल्ड कोएट्जी ने 1-1 विकेट लिया।

## के एल राहुल ने जड़ा शानदार शतक



**सेंचुरियन।** विश्वसनीय बल्लेबाज केएल राहुल की शानदार शतकीय पारी से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बुधवार को अपनी पहली पारी में 245 रन बनाये। राहुल ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए छक्का मारकर अपना शतक पूरा किया। सेंचुरियन में राहुल ने दूसरी सेंचुरी पूरी कर ली है। 2021 में राहुल ने इसी मैदान पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में ही शतक लगाया था। राहुल 137 गेंदों में 14 चौकों और चार छक्कों की मदद से 101 रन बनाकर आउट हुए। राहुल को आंद्रे बर्गर ने आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया। एक समय भारतीय टीम 121 रन पर 6 विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी और लग रहा था कि टीम 150 के पहले ही समाप्त हो जाएगी। लेकिन केएल राहुल एक छोर पर जमे रहे। उनका पहले साथ दिया शार्दुल ठाकुर ने और फिर सिराज के साथ भी एक महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। भारत ने अच्छा स्कोर खड़ा किया है इस पिच पर। राहुल ने सिराज के साथ नौंवें विकेट के लिए 47 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। सिराज के 238 के स्कोर पर आउट होने के बाद राहुल टीम के 245 के स्कोर पर आउट हो गए जिससे भारतीय पारी सिमट गयी। सिराज ने 22 गेंदों में पांच रन बनाये। सिराज को गेराल्ड कोएत्जी ने आउट किया।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए यादगार रहा वर्ष 2023

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने 2023 में कुछ यादगार प्रदर्शन किए, जिसमें उनकी सबसे प्रिय यादें जापान में महिला जूनियर एशिया कप से जुड़ी हैं। टीम ने फाइनल में कोरिया को 2-1 से हराकर भारत के इतिहास में पहली बार जूनियर एशिया कप ट्रॉफी जीती। टीम के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा फरवरी में दक्षिण अफ्रीका की थी। भारतीय टीम ने तीनों मैचों में दक्षिण अफ्रीका की अंडर-21 टीम को हराया और अपने आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका की 'ए' टीम ने उसे 4-4 से ड्रा पर रोका। इसके बाद 18 सदस्यीय दल ने काकामिघारा, गिफू प्रीफेक्चर, जापान के लिए उड़ान भरी और एक रोमांचक फाइनल मैच में कोरिया को 2-1 से हराकर महिला जूनियर एशिया कप 2023 का खिताब जीता। इस विजयी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के सभी 18 सदस्य टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का हिस्सा थे।



# 2023 में हर प्रमुख पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने नीरज चोपड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नीरज चोपड़ा ने 2023 में खेल में एक विशेष पूर्ण चक्र पूरा किया, और प्रत्येक प्रमुख पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बन गए। उन्होंने अपना और भारत का पहला विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप स्वर्ण और अपना दूसरा एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता। ट्रैक के बाहर, नीरज ने हमें दिखाया कि वह सिर्फ एक चैंपियन एथलीट ही नहीं बल्कि एक चैंपियन इंसान भी है। भारत के विरोध करने वाले पहलवानों का समर्थन करने से लेकर अपनी प्रतिस्पर्धा के बीच में हमवतन किशोर जेना के लिए खड़े होने तक, उन्होंने महानता का एक और स्तर दिखाया। ओलंपिक चैंपियन कमर की चोट से उबरकर वापस आए, भारत के पहले ट्रैक और फील्ड विश्व चैंपियन बने और अपने एशियाई खेलों के खिताब का सफलतापूर्वक बचाव भी किया।



## फाइनल जीत भगत तेंदुआ की टीम बनी चैंपियन



**हरिहरगंज (पलामू) ।** हरिहरगंज सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब हरिहरगंज के तत्वाधान में चल रहे हैं, फाइनल क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन बुधवार को समाजसेवी जानू चौधरी ने फीता काटकर किया. इस दौरान खिलाड़ियों व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं. खेल में भी खिलाड़ी अपना कैरियर बना सकते हैं. इस दौरान भगत तेंदुआ तथा सतगावां टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया. जिसमे भगत तेंदुआ की टीम फाइनल मैच का विजेता बना. जबकी सतगावां की टीम उपविजेता बनी. उक्त दोनों टीम को अतिथियों ने पुरस्कार देखकर सम्मानित किया. इस मौके पर टूर्नामेंट के आयोजक पर धोनी, निक्कू राज, प्रेम गौरव, विशाल पांडेय के अलावे अमन, पप्पू चौधरी, मंटू , सुनील, बैजनाथ, बंटी गुप्ता, भोला गुप्ता, रामानुज, कुंदन यादव सहित काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

## सीनियर वालीबॉल चैंपियनशिप झारखंड 2023 का शुभारंभ सात जनवरी से

**मेदिनीनगर।** सीनियर वालीबॉल चैंपियनशिप झारखंड 2023 सात जनवरी से डालटनगंज में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है ।स्थानीय जिला स्कूल के मैदान में आयोजित टूनामेंट की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में आयोजन समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया कि चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमें पलामू उपायुक्त शशी रंजन व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन को मुख्य संरक्षक बनाया गया है जबकि सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी आयोजन समिति के संयोजक की भूमिका में रहेंगे ।वहीं उप विकास आयुक्त रवि रंजन,नगर निगम आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन,एसडीपीओ सुरजीत कुमार सिंह,डीईओ अनील कुमार चौधरी,डीएसई मनोज कुमार,डीएसओ प्रिति किस्कू,जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा,सुरेश जैन,ज्ञानचंद पाण्डेय,सतवीर सिंह,जीवन प्रसाद सिंह,शिव प्रकाश प्रसाद, दीपक लाल,मनोज सिंह,दीपक सिंघानिया,सोनु सिंह नामधारी,अविनाश देव,डॉ संजय कुमार,युगल किशोर चंद्रवंशी,अनील कुमार सिंह,मुमताज खान को संरक्षक बनाया गया है।

# दूसरे दिन का खेल खत्म, पाकिस्तान ने पहली पारी में 194 रन पर खोए 6 विकेट

**एजेंसी। मेलबर्न**

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 6 विकेट पर 194 रन बना लिए हैं। मोहम्मद रिजवान 29 और आमेर जमाल 2 रन बनाकर खेल रहे हैं। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी भी 124 रन आगे है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 318 रन बनाए थे। पाकिस्तान को पहली पारी में अब्दुल्ला शफीक और इमाम उल हक ने सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। नाथन ल्योन ने इमाम को लाबुशेन के हाथों कैच कराकर यह साझेदारी तोड़ी। इमाम केवल 10 रन ही बना पाए। इसके बाद कप्तान शान मसूद और शफीक ने दूसरे विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी कर पाकिस्तान का स्कोर 124 रन तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर कमिंस ने शफीक को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन की राह दिखाई।



# रेलवे की छह मुक्केबाजों की निगाहें राष्ट्रीय खिताब पर

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) जीबीयू इंडोर स्टेडियम में आयोजित 7वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में छह स्वर्ण पदक जीतने की राह पर है। मंगलवार को हुए सेमीफाइनल में अनामिका (50 किग्रा), ज्योति (52 किग्रा), शिक्षा (54 किग्रा), सोनिया लाठेर (57 किग्रा), नंदिनी (75 किग्रा) और नूपुर (81+ किग्रा) ने टूनामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। 50 किग्रा वर्ग में पिछले साल की उपविजेता अनामिका प्रतियोगिता में अपना पदक बेहतर करने के लिए हरियाणा की कल्पना से भिड़ेंगी। सेमीफाइनल में, अनामिका ने दूसरे दौर में रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले से मणिपुर की मैबाम रोजमेरी चानू को हरा दिया जबकि कल्पना ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पंजाब की एकता सरोज को 5-0 से हराया। 52 किग्रा के मुकाबले में, रेफरी को मुकाबला रोकने के लिए एक बार फिर आगे आना पड़ा जब असम की भूपाली हजारिका ज्योति के मुक्कों का मुकाबला नहीं कर सकी। अब ज्योति का सामना शिखर मुकाबले में शविंदर कौर सिद्धू से होगा। अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) मुक्केबाज ने राउंड 3 में महाराष्ट्र की सिमरन वर्मा को मुकाबला छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एस्टन को 3-2 से हराया

मैनचेस्टर। रासमस के पहले प्रीमियर लीग गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को एक शानदार जीत दिलाई। यूनाइटेड ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ओल्ड ट्रैफर्ड में बॉक्सिंग डे की भीड़ के सामने एस्टन विला को 3-2 से हराया। यह मैनचेस्टर यूनाइटेड की चार लीग मैचों में पहली जीत थी जो उन्हें तालिका में छठे स्थान पर ले गई। एस्टन विला ने मैच की शुरूआत आक्रामक की। जिसका उन्हें फायदा मिला। टीम के लिए पहला गोल जॉन मैकगिन (21') ने किया। 1-0 से पहले ही आगे चल रही एस्टन की बढ़त मात्र पांच मिनट बाद दोगुनी हो गई जब लिएंडर डेंडोनकर ने 26वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल किया।

## कांटे की टक्कर में हरियाणा ने जीता खिताब दोनों ही वर्गो में झारखंड की टीम रही उपविजेता



**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा जिले में आयोजित दूसरी फास्ट फाइव नेटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम उपविजेता बनी है. बालक और बालिका दोनों ही वर्गों में मेजबान टीम को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा. वहीं हरियाणा की टीम ने दोनों वर्गों की चैंपियन बनी. बालक वर्ग में हरियाणा की टीम ने 27-26 से झारखंड को शिकस्त दी, तो वहीं बालिका वर्ग में 31-20 के स्कोर से झारखंड को हराकर हरियाणा ने जीत दर्ज की. बता दें कि पूरे टूनामेंट में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया. फाइनल में भी झारखंड की टीम ने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया. लेकिन टीम इसे जीत में नहीं बदल सकी. वहीं 13 बार की चैंपियन हरियाणा की टीम इस टूनामेंट को जीतने में भी सफल रही. इससे पहले 29 वीं सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने सेमी फाइनल मुकाबले में झारखंड को हराकर उनके प्रतियोगिता जीतने के सपने को तोड़ दिया था.

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव संपन्न

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में आयोजित त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव-2023 का समापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी डीएन लाल, जीसी सैम्बो एवं विशिष्ट अतिथि डॉ धीरज जायसवाल, उपस्थित रहे। मंच संचालन का कार्य विद्यालय की कक्षा 12वीं की बहन रिया एवं 11वीं की बहन समृद्धि सिंह ने कराया। 4100 अंडर-19 वर्ग में भैया के रिले दौड़ की प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में बिरसा सदन प्रथम, विवेकानंद सदन द्वितीय एवं केशन सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर बी के जायसवाल, अखिलेश्वर नाथ मिश्र, शक्तिनाथ लाल दास, नंदेश्वर मिश्र, इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के माननीय उपाध्यक्ष डॉ बी के जायसवाल, डॉ धनेश्वर महतो, आशीष नाथ शाहदेव, दीपा रानी कुंज, विनोद कुमार वर्मा, विनोद कुमार सिंह, अजय बैठा, लाल अशोक नाथ शाहदेव उपस्थित थे।

## व्यापार

# मनी चेंजर्स के लिए लाइसेंसिंग मानदंडों को सरल बनाएगा आरबीआई

**एजेंसी। मुंबई**

विदेशी मुद्रा से संबंधित सेवाओं की सुविधा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक नई पहल की है। मनी चेंजिंग को तर्कसंगत बनाने के उद्देश्य से आरबीआई एक नया मसौदा लेकर आया है। आरबीआई ने कहा कि मौजूदा लाइसेंसिंग ढांचे की समीक्षा का मकसद बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था की उभरती आवश्यकताओं को पूरा करना, उचित जांच और संतुलन बनाए रखते हुए आम व्यक्तियों, पर्यटकों और व्यवसायों को विदेशी मुद्रा सुविधाओं के वितरण में परिचालन दक्षता हासिल करना है। फेमा, 1999 के तहत अधिकृत व्यक्तियों (एपी) को लाइसेंस देने की रूपरेखा की समीक्षा मार्च 2006 में की गई थी। आरबीआई ने कहा, फेमा के तहत उदारीकरण, वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के एकीकरण, भुगतान प्रणालियों के डिजिटलीकरण और पिछले दो दशकों में विकसित संस्थागत संरचना को ध्यान में रखते हुए, अधिकृत करने के लिए लाइसेंसिंग ढांचे को तर्कसंगत और सरल बनाने का निर्णय लिया गया है। आरबीआई ने 31 जनवरी, 2024 तक सभी हितधारकों से मसौदा ढांचे पर प्रतिक्रिया देने को कहा है। मंगलवार देर रात जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, रिजर्व बैंक ने यूजर्स द्वारा विदेशी मुद्रा लेनदेन को आसान बनाने के मकसद से फेमा के तहत मौजूदा प्राधिकरण ढांचे की समीक्षा की है, और साथ ही एपी को नियंत्रित करने वाले नियामक निरीक्षण ढांचे को मजबूत किया है। मानदंडों में मुद्रा परिवर्तकों की एक नई श्रेणी प्रस्तावित की गई है जो श्रेणी-कऔर श्रेणी-क अधिकृत डीलरों के एजेंसी मॉडल के माध्यम से धन बदलने का व्यवसाय कर सकते हैं।




## एसबीआई ने एफडी पर ब्याज दरें बढ़ाई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने तत्काल प्रभाव से कुछ सावधि जमा (एफडी) पर ब्याज दरें 0.5 प्रतिशत तक बढ़ा दी हैं। बैंक ने सात दिन से 45 दिन के बीच मैच्योर होने वाली जमा पर ब्याज दर तीन फीसदी से बढ़ाकर 3.50 फीसदी कर दी है जबकि 46 दिन से 179 दिन की अवधि के लिए 4.50 फीसदी से बढ़ाकर 4.75 फीसदी कर दी है। बैंक ने 180 दिन से 210 दिन की अवधि पर ब्याज दर 5.25 फीसदी से बढ़ाकर 5.75 फीसदी कर दी है। 211 दिन से लेकर एक साल से कम अवधि की मैच्योरिटी वाली एफडी पर ब्याज दर 5.75 फीसदी से बढ़ाकर छह फीसदी कर दी गई है। तीन साल से पांच साल के बीच मैच्योर होने वाली जमा पर ब्याज दर 6.50 फीसदी से बढ़ाकर 6.75 फीसदी कर दी गई है। अन्य अवधियों के लिए दरों को अपरिवर्तित रखा गया है।

# अमेजन 29 जनवरी से फिल्मों टीवी शो में दिखाएगा विज्ञापन

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

अमेजन प्राइम वीडियो 29 जनवरी से फिल्मों और टीवी शो के दौरान विज्ञापन दिखाएगा। कंपनी का लक्ष्य अपने विज्ञापन व्यवसाय का विस्तार करना और मनोरंजन से राजस्व बढ़ाना है। सीमित विज्ञापनों से बचने के लिए प्राइम वीडियो कस्टमर्स के पास प्रति माह अतिरिक्त 2.99 डॉलर का भुगतान करने का विकल्प होगा। कंपनी ने कहा कि यह कदम उन्हें आकर्षक कंटेंट में निवेश जारी रखने और लंबी अवधि में उस निवेश को बढ़ाने की अनुमति देगा। कस्टमर्स को भेजे गए कंपनी ने ईमेल में लिखा, "कंपनी का लक्ष्य लीनियर टीवी और अन्य स्ट्रीमिंग टीवी प्रोवाइडर्स की तुलना में सार्थक रूप से कम विज्ञापन रखना है। आपकी ओर से किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है, और आपका प्राइम मेंबरशिप की वर्तमान कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।"अमेजन प्राइम की कीमत फिलहाल हर महीने 14.99 डॉलर या सालाना 139 डॉलर है। प्राइम वीडियो को व्यक्तिगत रूप से 8.99 डॉलर प्रति माह पर सब्सक्राइब किया जा सकता है। कंपनी ने कहा, हम अतिरिक्त 2.99 डॉलर प्रति माह पर एक नया ऐड-फ्री विकल्प भी पेश करेंगे। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, ऐड-फ्री स्ट्रीमिंग के लिए नए शुल्क से प्राइम की कीमत सिर्फ 18 डॉलर से कम हो जाएगी, और स्टैंडअलोन प्राइम वीडियो की कीमत 12 डॉलर से कम हो जाएगी। यह कदम तब आया है जब प्रतिद्वंद्वी स्ट्रीमिंग सर्विस सब्सक्रिप्शन्स रेट बढ़ा रहे हैं और विज्ञापनों को आगे बढ़ा रहे हैं।




## लावा ने 8जीबी 'स्टॉर्म 5जी को 11,999/- रुपये की शुरूआती कीमत पर किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े स्मार्टफोन ब्रांड, लावा इंटरनेशनल लिमिटेड ने आज पावरहाउस 'स्टॉर्म 5जी को बाजार में उतारने की घोषणा की जो चुनिंदा बैंक ऑफर्स के साथ 11,999/- रुपये की विशेष शुरूआती कीमत पर उपलब्ध होगा। इस डिवाइस की बिक्री 28 दिसंबर से विशेष रूप से ई-कॉमर्स पोर्टल और लावा ई-स्टोर पर शुरू होगी। इस स्मार्टफोन में मीडियाटेक डिमेन्सिटी 6080 प्रोसेसर लगाया गया है जिसका स्कोर 4,20,000 से ज्यादा है, और इसी दमदार प्रोसेसर की वजह से इसका गेमिंग परफॉर्मेंस अव्वल दर्जे का है। एस स्मार्टफोन 8जीवी फ्श्अट के साथ आता है जो उपयोगकताओं को शानदार लैग-फ्री एक्सपीरियंस प्रदान करता है, और इसे 16जीवी तक बढ़ाया जा सकता है, और इसी वजह से यह गेम को पसंद करने वाले लोगों का सबसे अच्छा साथी है। जबरदस्त क्षमता वाला 128जीवी फ्श्अट इस स्मार्टफोन में गेम्स, ऐप्स और मल्टीमीडिया कंटेंट्स के स्टोरेज के लिए पर्याप्त जगह प्रदान करता है।



# अडाणी ग्रीन ने टोटल एनर्जीज के साथ संयुक्त उद्यम बनाया

## 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने बुधवार को टोटलएनर्जीज के साथ 1,050 मेगावाट के संयुक्त उद्यम (जेवी) के पूरा होने की घोषणा की। संयुक्त उद्यम के हिस्से के रूप में टोटलएनर्जीज ने परियोजनाओं में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एजीईएल की सहायक कंपनी में 30 करोड़ डॉलर का निवेश किया। दोनों कंपनियों के बीच सितंबर 2023 में संयुक्त उद्यम के बारे में पक्का समझौता हुआ था। संयुक्त उद्यम में 1,050 मेगावाट का पोर्टफोलियो है, जिसमें भारत में सौर और पवन ऊर्जा दोनों परियोजनाओं का मिश्रण है। इसमें पहले से चालू (300 मेगावाट), निमार्णाधीन (500 मेगावाट) और विकासाधीन परिसंपत्तियों (250 मेगावाट) का मिश्रण है। इस संयुक्त उपक्रम के गठन के साथ टोटलएनर्जीज ने एजीईएल के साथ अपने रणनीतिक गठबंधन को मजबूत किया है और 2030 तक एजीईएल के 45 गीगावॉट क्षमता के लक्ष्य को सक्षम करने में सहायता की है। एजीईएल भारत का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा समाधान भागीदार है, जो स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को सक्षम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कंपनी यूटिलिटी-स्केल ग्रिड से जुड़े सौर, पवन और हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों का विकास, स्वामित्व और संचालन करती है। देश के 12 राज्यों में फैले 8.4 गीगावॉट के ऑपरेटिंग नवीकरणीय पोर्टफोलियो के साथ, एजीईएल वर्तमान में भारत में सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा डेवलपर है, जो कुल 4.1 करोड़ टन से अधिक सीओ2 उत्सर्जन की भरपाई करता है। एजीईएल भारत के डीकाबोर्नाइजेशन लक्ष्यों के अनुरूप 2030 तक 45 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने के अपने लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ऊर्जा की स्तरीय लागत (एलसीओई) को कम करने और सस्ती स्वच्छ ऊर्जा को व्यापक रूप से अपनाने की सुविधा के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करती है।




# एक्सिस ने जी लर्न के खिलाफ दिवालिया याचिका दायर की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जी लर्न ने मंगलवार को कहा कि एक्सिस बैंक लिमिटेड द्वारा कंपनी की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, मुंबई के समक्ष दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 7 के तहत एक याचिका दायर की गई है। जी लर्न ने एक फाइलिंग में कहा, इस संदर्भ में हम आपको सूचित करना चाहेंगे कि कंपनी को एनसीएलटी मुंबई से उक्त केस नंबर का नोटिस प्राप्त हुआ है। कंपनी एक्सिस बैंक लिमिटेड द्वारा दायर उक्त याचिका में दावा किए गए तथ्यों को सत्यापित करने के लिए जानकारी संकलित कर रही है। कंपनी इसे अपने पास रखेगी। एक्सचेंज ने मामले में आगे के घटनाक्रम के बारे में अपडेट किया। 5 दिसंबर को एक फाइलिंग में जी लर्न ने कहा कि इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 की धारा 7 के तहत एक याचिका एक्सिस बैंक लिमिटेड द्वारा डिजिटल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) की कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रक्रिया शुरू करने के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, मुंबई के समक्ष दायर की गई है। पिछले महीने, जी लर्न ने अपनी कंपनी के लोगो और अपने प्रसिद्ध ब्रांड किडजी को नया रूप दिया। फाइलिंग में कहा गया है, इस ब्रांड परिवर्तन का उद्देश्य अगली पीढ़ी का पोषण करना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। नई ब्रांड पहचान यह सुनिश्चित करेगी कि हम एक ताजा और अनूठी अपील बनाकर प्रतिस्पर्धा से बाहर खड़े हों। इससे हमें अपने दर्शकों के साथ फिर से जुड़ने में भी मदद मिलेगी।




## फरवरी में इंडिया एनर्जी वीक की मेजबानी करेगा गोवा

**नई दिल्ली।** डायनेमिक और वाइब्रेंट गोवा सबसे प्रतिष्ठित ऊर्जा कार्यक्रमों में से एक, भारत ऊर्जा सप्ताह / इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू), 2024 के दूसरे संस्करण की मेजबानी करने के लिए तैयार है। उक्त इवेंट का आयोजन 6 से लेकर 9 फरवरी तक पणजी के दक्षिणी भाग में स्थित आईपीएसएचईएम-ओएनजीसी ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में किया जाएगा। आईईडब्ल्यू को इस साल की शुरूआत में आयोजित किए गए पहले संस्करण में अपार सफलता मिली, जिसका उद्घाटन भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा किया गया था। आईईडब्ल्यू 2023 में, भारत के ऊर्जा क्षेत्र में सुदृढ़ता और माँग के आगामी केंद्र के रूप में इसकी क्षमता को मंत्रियों, सीईओ और ऊर्जा कंपनियों ने भी स्वीकार किया।

## एयर इंडिया का ऐलान, यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकटों को रि-शिड्यूल या कैंसिल करें

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने बुधवार को ऐलान किया कि सर्दियों के मौसम के दौरान दिल्ली हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाले यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त लागत के अपनी बुकिंग को रि-शिड्यूल या कैंसिल करने की अनुमति दी जाएगी। यह इजाजत उस स्थिति में दी जाएगी, जब फ्लाइट के कोहरे के प्रभाव से देरी से उड़ान भरने की संभावना होगी। अधिकारियों के मुताबिक, यह पिछली सर्दियों में शुरू की गई फॉगकेयर पहल का हिस्सा है। एयर इंडिया प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करेगी और उन्हें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपने टिकट को रि-शिड्यूल या कैंसिल करने के आसान विकल्प प्रदान करेगी। एयर इंडिया के मुख्य ग्राहक अनुभव अधिकारी राजेश डोगरा ने कहा, "फॉगकेयर पहल असुविधा कम करने का ईमानदार प्रयास है, जिनकी उड़ानें कोहरे से प्रभावित होने की संभावना है। यह नेटवर्क शिड्यूल अखंडता बनाए रखने में भी मदद करेगा।



## एक नजर

### सुरक्षित रहकर मनायें नववर्ष का जश्न: एसपी

**मेदिनीनगर।** नये वर्ष का जश्न सुरक्षित हो। किसी तरह की घटना-दुर्घटना नहीं हो, इसे लेकर जिले की पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। पुलिस द्वारा ड्रग एंड ड्राइविंग और एक्सीडेंट्स की रोक थाम के लिए वाहनों के साथ हेलमेट चेकिंग के लिए अलग- अलग टीमों का गठन किया गया है। सावधानी बरतते हुये अलग-अलग चेकिंग प्वाइंट्स बनाये गये हैं। उन स्थानों पर पुलिस मुस्तैदी के साथ वाहनों की जांच करेगी। इस बाबत पलामू की एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि जिले के सभी प्रवेश द्वारों व बॉर्डर इलाकों पर पुलिस द्वारा विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। जिले के सभी चिन्हित पिकनिक स्पॉर्ट्स पर पुलिस की तैनाती रहेगी। उन्होंने कहा है कि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानी हो तो वे तुरंत नजदीकी पुलिस पदाधिकारी को सूचना दें। पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहेगी। उन्होंने जिले के लोगों से वाहन चलाते वक्त सभी कागजातों को अपने साथ लेकर चलने एवं बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करने की अपील की है। कहा है कि वाहन तय गति के अनुसार ही चलायें। बाइक पर ट्रिपल लोडिंग कत्तई न चलें तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें।

### धूमधाम से मनेगा कांग्रेस का स्थापना दिवस आज

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस का स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। कांग्रेस पलामू जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक बिट्टू ने बताया कि स्थानीय कांग्रेस भवन मैदान में सुबह 11 बजे से भव्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशन में आवश्यक तैयारी की गयी है।

### मुखिया ने गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड के जोगा पंचायत मुखिया कमला देवी ने बुधवार को अपने आवास पर गरीब, असहाय व वृद्धों के बीच सरकार द्वारा दिये गये कंबल का वितरण किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल को गरीब व असहाय लोगो के बीच वितरित किया जा रहा है। कंबल मिलने के बाद लोगो को ठंड से काफी राहत मिलेगी।

### अंजुमन कमेटी का चुनाव कराने पर चर्चा

**कैरो।** प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी का सफलता पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए गठित चुनाव कमेटी की बैठक नयाटोला, कैरो स्थित मदरसा में संयोजक अलीरजा अंसारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में शीघ्र चुनाव कराने के लिए रणनीति बनाई गई। प्रखंड अंजुमन के चुनाव में लगभग 150 मतदाता 5 पदों के पदाधिकारी का चुनाव करेंगे। सदर पद के लिए हरा रंग, सेक्रेटरी पीला रंग, नायब सदर आसमानी, नायब सेक्रेटरी गुलाबी, और खजांची के लिए सफेद रंग के बैलेट पेपर में वोट डाले जाएंगे।

## झारखंड की एकमात्र एससी आरक्षित सीट पर दोनों गठबंधनों का जोर

# पलामू फतह के लिये राजनीतिक दलों में जोर आजमाइश

- आईएनडीआईए गठबंधन सीट छीनने की जुगत में तो हर हाल में कब्जा बरकरार रखना चाहती है एनडीए
- भाजपा विधान मंडल दल के नेता व कांग्रेस दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ताओं को दे चुके हैं मंत्र

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित झारखंड के एकमात्र लोकसभा क्षेत्र पलामू फतह करने के लिये इस बार दोनों गठबंधन पूरा जोर लगाये हुये हैं। वर्ष 2024 में प्रतिष्ठापरक पलामू सीट को जहां आईएनडीआईए गठबंधन हरहाल में भाजपा के कब्जे से छीनना चाह रही है। वहीं इस सीट पर हैट्रिक लगाने के लिये भाजपा नीत एनडीए पूरे शिद्दत से जुट गयी है। दो दिन के अंतराल में भाजपा का एससी चेहरा व विधान मंडल दल के नेता अमर बाउरी एवं कांग्रेस दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान पलामू का दौरा कर कार्यकर्ताओं को मंत्र दे चुके हैं। पलामू व गढ़वा जिले को मिलाकर गठित पलामू संसदीय क्षेत्र में अनुसूचित जाति की संख्या एक-चौथाई से अधिक होने के कारण 1962 से ही यह सीट एससी वर्ग के लिये आरक्षित है। दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम के तगड़े वोट बैंक के कारण कांग्रेस ने इस सीट तक सर्वाधिक समय तक राज किया है। इस पार्टी की ही कमला कुमारी को पलामू से सर्वाधिक चार बार सांसद बनने का गौरव हासिल हुआ है, किंतु मंडल-कमंडल की राजनीति के दौर में पहले राजद व उसके बाद वर्तमान में पलामू भाजपा के मजबूत किले में तब्दील हो गया है। पिछले दो बार से भाजपा के वीडी राम इस सीट से भारी अंतर से अपना परचम लहरा रहे हैं। बहरहाल इस बार 28 विपक्षी दलों ने संयुक्त गठबंधन कर भाजपा को चुनौती देने का निर्णय लिया है। दिसंबर महीने से ही दोनों ही धड़े अपनी-अपनी व्यूह रचना तेज कर दिये हैं।





### पलामू में एससी वोट निर्णायक

पलामू संसदीय क्षेत्र में एससी वोट हमेशा से निर्णायक रहे हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार लोकसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति की संख्या सर्वाधिक 25.9 प्रतिशत है। इसके अलावे संसदीय क्षेत्र में एसटी 11.9 प्रतिशत व मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 14.7 प्रतिशत है। लोकसभा क्षेत्र में 89.6 प्रतिशत वोटर ग्रामीण व 10.4 प्रतिशत वोटर शहरी क्षेत्र से आते हैं।

## 'सरसों-गेहूं बीज वितरण के नाम पर हो रही है खानापूर्ति'



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के किसानों को समय पर कृषि विभाग द्वारा सरसों और गेहूं बीज का वितरण नहीं किया गया है। किसान महंगें दर पर बीज खरीद कर गेहूं और सरसों फसल की बोआई की है। इधर कृषि विभाग कुछ किसानों को ही सरसों और गेहूं बीज देकर खानापूर्ति कर रहा है। उक्त बातें मंगलवार को जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने कहीं। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा सरसों बीज और गेहूं बीज नहीं मिलने से किसानों की जेब पर अतरिक्त भार पड़ रहा है। प्रखंड कार्यालय में सरसों और गेहूं बीज सहित कीटनाशक दवा पड़ा हुआ है फिर भी किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे किसानों में नाराजगी है। प्रसाद ने कहा कि बीटीएम और बीडीओ की लापरवाही की वजह से सरसों और गेहूं बीज का वितरण प्रखंड के किसानों के बीच समय पर नहीं हो सका, जबकि सरसों बीज और गेहूं बीज प्रखंड कार्यालय का एक माह से शोभा बढ़ा रहा है। उन्होंने अविलंब मुकुंदपुर व परती कुशवानी पंचायत के किसानों के बीच सरसों बीज और पाचाडुमर और केतार के किसानों के बीच गेहूं बीज का वितरण करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि केतार प्रखंड कार्यालय को लगभग एक माह पूर्व ही 6 क्विंटल सरसों बीज और 50 क्विंटल गेहूं बीज उपलब्ध कराया गया था, लेकिन किसानों के बीच इसका वितरण नहीं हो सका है।

### डीलर पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप, बीडीओ को आवेदन

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह पंचायत के चौरा गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने बीडीओ सह एमओ नंदजी राम को आवेदन देकर पीडीएस डीलर पर राशन कटौती करने और अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की है। बीडीओ को दिये आवेदन में उल्लेख किया है कि परसोडीह गांव के डीलर विशुनधारी बैठा द्वारा राशन वितरण करने में प्रति राशनकार्ड दो किलो राशन की कटौती किया गया है। लाभुकों द्वारा इसका विरोध करने पर लाभुकों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। लाभुकों ने डीलर पर कारवाई करने की बीडीओ से गुहार लगाई है। आवेदन देने वालों में उदय पटवा, दीपक कुमार,लखन राम, वंशी साह, मोहन राम, सतेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, शिव मेहता आदि मौजूद थे।

### जेएमएम कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएगा

**गिद्धौर।** प्रखंड के बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा व संचालन सचिव देवदीप पासवान ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष, सिमरिया विस प्रभारी मनोज चंद्रा, सेवानिवृत शिक्षक देवचरण दांगी, पर्यवेक्षक चंद्रदेव साहू उपस्थित थे। बैठक में सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में सरकारी कर्मचारी संघ गिद्धौर द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के विभिन्न परीक्षाओं में सफल तीन स्टुडेंट्स और उनके अभिभावक को सम्मानित किया गया। स्वर्गीय बिनोद दांगी के पुत्र शशि कुमार, महेंद्र राम की पुत्री सपना रानी ने जेइइ मेंस परीक्षा पास कर बीआइटी सिंदरी में प्रवेश लिया है। वहीं शक्तिकांत ने बिहार में बीपीएससी द्वारा आयोजित 6 टू 8 और 9 टू 10 की परीक्षा पास की है। कार्यक्रम में अशोक कुमार दांगी, अरविंद कुमार दांगी, युगेश्वर राम दांगी, युगेश्वर दांगी, ऋषि कपूर वर्मा, कमलेश दास, नरेश पासवान, धर्मेन्द्र कुमार, अजय कुमार दांगी, अजय कुमार, सुमन कुमार, निलेश कुमार, मनोज कुमार, पोखन राम उपस्थित थे।

## गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में जिंदगी व मौत से जूझ रहा किडनी की बीमारी से ग्रस्त एहसान

# पीड़ित युवक के परिजनों ने सांसद से लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत कबरा खुर्द गांव का 23 वर्षीय एहसान अख्तर विगत दो माह से किडनी प्रत्यारोपण के लिए गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। किडनी प्रत्यारोपण में करीब 15 लाख रुपए का खर्च आ रहा है। एहसान गरीब परिवार से आते हैं। इतना खर्च उठा पाना परिजनों के लिये संभव नहीं है। इससे परेशान परिजनों ने हैदरनगर के सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी दी। सांसद प्रतिनिधि ने मंगलवार को सांसद विष्णु दयाल राम से उनके मेदिनीनगर स्थित आवास पर ले जाकर परिजनों को मिलाया। पीड़ित के भाई फरहान अख्तर ने सांसद से अपनी फरियाद सुनाई। सांसद ने फरहान को सभी कागजात उपलब्ध कर मिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि पैसे की कमी के कारण किडनी का प्रत्यारोपण नहीं रुकेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया की उन्हें केंद्र सरकार से पूरी सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे। सांसद के आश्वासन से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। परिजनों ने कहा कि सांसद से मिलकर उन्हें प्रतीत ही नहीं हुआ कि वे बड़े नेता से मिल रहे हैं। उनके व्यवहार ने सभी का दिल जीत लिया है। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह का भी आभार व्यक्त किया है। सांसद से मिलने वालों में आफताब अहमद, फैसल नेजामी भी शामिल थे।

### सरकार से हर संभव सहायता दी जायेगी : सांसद


सांसद को व्यथा सुनाते परिजन

# अज्ञात वाहन ने टेंपो में जोरदार टक्कर मारी, युवक की हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के समीप मंगलवार की रात्रि में हुई सड़क दुर्घटना में ताली गांव निवासी संडु साह (35)नामक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार युवक संडु साह अपना टेपो लेकर रात्रि दस बजे के करीब केतार अपने भाई को लेने जा रहा था। इसी क्रम में मुकुंदपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन ने टेंपो में टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी के बाद परिजन शव को उठाकर घर ले गये। बुधवार की सुबह मुखिया मुंगा साह की पहल पर परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने पर राजी हुए। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार गांव के ही पंडा नदी किनारे किया गया। इस घटना से गांव में मातम पसर गया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक युवक के दो पुत्र और एक पुत्री हैं।

## कार्डधारियों ने की कार्रवाई की मांग, जताई नाराजगी

# अंगूठा लगाकर डीलर ने नहीं दिया खाद्यान्न, रोष



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड अंतर्गत डेवडर के पीडीएस डीलर गंगा मिलन स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष-सचिव पर कार्डधारियों ने मंगलवार को दिसंबर माह के राशन गबन का आरोप लगाते हुये कार्रवाई की मांग की है। कार्डधारियों ने बताया कि डीलर के द्वारा ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगवा लिया गया है, किंतु अभी तक राशन नहीं दिया गया है। राशन मांगने पर बोला गया कि अभी राशन नहीं मिला है बाद मे देंगे।, समूह द्वारा अभी तक दिसंबर माह का राशन भी वितरण नही किया गया है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। लाभुक नारायण यादव,मंजू देवी, मीना देवी, मानो देवी, लालती देवी, रुबी देवी, राजमानिया देवी, उर्मिला देवी, सबिता देवी, पूनम देवी,रिंकू देवी, पुनीता देवी, गीता देवी, प्रेमशिला देवी,कोशिल्या देवी, कोशीला देवी, मालती देवी, सुनीता देवी आदि ने बताया कि डीलर हमेश मनमाने ढंग से राशन वितरण करता है। कभी भी नियमित रूप से राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। अध्यक्ष मैमून बीवी ने बताया कि दो-चार दिन में सभी कार्डधारियों को राशन वितरण कर दिया जायेगा। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जांचोपरांत समुचित कार्रवाई की जायेगी।

# स्थानांतरित पंचायतों में योगदान नहीं देना रोजगार सेवकों के लिए पड़ा भारी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

स्थानांतरित पंचायत में योगदान नहीं देने वाले प्रखंड के रोजगार सेवकों को भारी पड़ गया। बीडीओ राहुल कुमार सानू ने बुधवार को उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। प्रखंड के एक रोजगार सेवक को छोड़ शेष सभी के वेतन निकासी पर उन्होंने रोक लगा दी है। साथ ही उक्त लोगों से 24 घंटा के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

उक्त अवधि के बीच स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने पर आदेश की अवहेलना के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई को लेकर जिले के उच्च अधिकारियों के पास पत्राचार भी करने की बात बीडीओ द्वारा कही गई है। वहीं

### विश्वनाथ परहिया को मिल रही है पेंशन : बीडीओ



**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र स्थित बेला झगड़ा गांव निवासी विश्वनाथ परहिया उर्फ चलवा परिया को पेंशन की राशि मिलती है। बीडीओ राहुल कुमार सानू की पड़ताल में बुधवार को इसकी पुष्टि हुई। विश्वनाथ परहिया का बैंक खाता संख्या 3670 1065035 में अब तक 22000 रुपये का भुगतान हो चुका है। 8 फरवरी 2022 को उनकी पेंशन स्वीकृत हुई है। बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वनाथ परिया को लगभग एक वर्ष से पेंशन की राशि मिलती आ रही है। उनके खाते में अब तक 22000 की राशि का भुगतान भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि मामला प्रकाश में आते ही हम सभी विश्वनाथ परहिया की पेंशन को लेकर सक्रिय हो गए थे। काफी खोजबीन करने के बाद बुधवार को विश्वनाथ परिया के खाते में पेंशन की राशि भुगतान होने का मामला पकड़ में आया।

# कठिन दौर से गुजर रहा नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2009 में स्थापित नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय इस समय अपने कठिनतम दौर से गुजर रहा है। इस विश्वविद्यालय में वर्तमान में ना तो स्थायी कुलपति हैं और ना ही प्रति कुलपति। इससे विवि में पठन-पाठन का कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। हाल में कुलपति के चार्ज में रांची स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के कुलपति डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य हैं। वे हफ्ते में एक दिन 170 किलोमीटर यात्रा कर रांची से डालटनगंज आते हैं। देर शाम तक कार्यालय का काम निपटाकर वापस लौट जाते हैं।

## पेज एक के शेष

### दिल्ली के रिमोट से ...

अब बुजुर्गों को बिना भाड़ा दिए आवागमन करने की सुविधा मिलेगी। किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्रत्येक बच्चियों को शिक्षा के लिए राशि मुहैया कराई जा रही है। जरूरतमंदों को अबुआ आवास योजना के तहत आवास दिया जा रहा है। मौके पर झारखंड के कृषि मंत्री बादल पत्र लेख ने कहा कि झारखंड सरकार किसानों के लिए लगातार बेहतर कार्य कर रही है। किसानों को ट्रैक्टर समेत अन्य कृषि उपकरण उपलब्ध करा कर उन्हें उन्नत खेती की ओर अग्रसर कर रही है। पशुपालकों को उन्नत नस्ल के पशु भी उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे यहां के पशुपालकों की आर्थिक समृद्धि हो रही है। वही श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि श्रम विभाग के द्वारा राज्य के मजदूरों के लिए कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे यहां के मजदूर सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कामगारों के लिए सरकार ने बिना किसी गारंटी के ऋण उपलब्ध कराने की भी योजना बना रखी है, जिसका लाभ भी कई लोग ले रहे हैं।

### बजट पर्यटन का ...

घूमने वाले जानवरों में तेंदुआ, हाथी, बाघ के अलावा भी कई जानवर हैं जो कि यहाँ आने वाले पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। बेतला राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्रफल 979 वर्ग किमी हैं। झारखंड राज्य की मनमोहक जगह घाटशिला पर्यटक के घूमने के लिए एक शानदार जगह हैं जोकि सिंहभूम जिले में स्थित है। घाटशिला एक धार्मिक शहर है जहां त्योहारों और धार्मिक स्थानों का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता हैं। घाटशिला में देखने की जगहों में शामिल फुलडुंगरी हिल्स, बुरुदीह झील, घुमावदार नाले, आकर्षित झरने, ऐतिहासिक मंदिर और पहाड़ी क्षेत्र आदि शामिल हैं। झारखंड का सबसे ऊंचा पर्वत और आकर्षित पर्यटन स्थल पारसनाथ पहाड़ी पर स्थित हैं। माना जाता हैं कि गिरीडीह जिले के इस पर्वत पर 24 जैन तीर्थकरों को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। शिखरजी पर्यटन स्थल समुद्र तल से लगभग 1350 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हैं। शिखरजी के दर्शन पूजन के लिए पूरी दुनिया से जैन पर्यटक बहुत अधिक संख्या में आते हैं। पूर्व में कुछ धार्मिक पर्यटकों के साथ लूटपाट या मारपीट हुई थी पर वर्तमान में यह एक शांत और सुविधाजनक स्थान है। कुछ सुविधाएं और बढ़नाई चाहिए ताकि उसको वैश्विक मान्यता मिल सके। झारखंड में पर्यटन उद्योग के पनपने और भारी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इसकी अनूठी झारखंडी संस्कृति भी है। छौ नृत्य की दोनों शैलियां मानभूम और सरायकेला अब विश्व स्तर पर चर्चित हैं। दोनों के कलाकार विदेशों तक में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। राजपरिवार द्वारा विकसित सराईकेला छौ तो झारखंड की अपनी अनूठी होने के कारण वोश्व मानचित्र पर जगह बना सकती है। इसी प्रकार यहां के जतरा मेला और जनजातीय पर्व त्योहार राजस्थान की संस्कृति की तरह और हिमाचल के कुलू महोत्सव की तरह हजारीबाग का रामनवमी मेला और रांची की दुर्गा पूजा भीड़ खींच सकती है जिससे रोजगार के अवसर तो पैदा होंगे ही।

## मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव ने किया बेतला, केचकी व नेतरहाट वन्य क्षेत्र का निरीक्षण

# पीटीआर में नयी घास भूमि करें तैयार : मुख्य वन्य संरक्षक

- पलामू टाइगर रिजर्व में इस समय 1000 हेक्टेयर घास भूमि है
- टीम बनाकर दो-दो सौ हेक्टेयर की एक अच्छी घास भूमि तैयार करने के दिये निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव कुलवंत सिंह ने पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह 200-200 हेक्टेयर की नयी घास भूमि अविलंब तैयार करें। यह घास भूमि पीटीआर के उत्तरी और दक्षिणी प्रमंडल में तैयार की जायेगी। विदित हो कि पलामू टाइगर रिजर्व में इस समय 1000 हेक्टेयर घास भूमि है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने बेतला, केचकी और नेतरहाट में निरीक्षण के दौरान उक्त निर्देश दिया। श्री सिंह ने केचकी व नेतरहाट में पर्यटकों के लिये बने कॉटेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व में घास भूमि को और विस्तार मिलनी चाहिए। उन्होंने पीटीआर के क्षेत्रीय निदेशक कुमार आशुतोष सहित दोनों उपनिदेशक कुमार आशीष व पीके जैना को हिदायत दी कि एक टीम बनाकर दो-दो सौ हेक्टेयर की एक अच्छी घास भूमि तैयार कर ली जाये। दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि प्रबंधन अब पूरी सक्रियता और तन्मयता के साथ दोनों प्रमंडलों में नया घास भूमि तैयार करने में जुट गया है। घास उगाने के लिए मौजूद घास भूमि से ही प्राप्त बीजों का प्रयोग किया जायेगा।



### बायसन सहित शाकाहारी जीवों को होगी सहुलियत

नया घास क्षेत्र तैयार हो जाने से अत्यंत शक्तिशाली पूरी तरह शाकाहारी बायसन सहित हिरन,सांभर, चीतल आदि वन्य प्राणियों को काफी सहुलियत होगी। घास के शौकीन बायसन के बारे में कहा जाता है कि वह दिन भर में 9 से 11 घंटे तक अपनी पसंद का घास खूब चाव से चरते हैं। इससे वे काफी बलिष्ठ होते हैं।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## आईएलबीएस के 9वें दीक्षांत समारोह में बोली द्रोपदी मुर्मू

# देश में अंगदान को लेकर जागरुकता फैलाने की जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पर्याप्त संख्या में ऑर्गन की अनुपलब्धता पर चिंता जताते हुए देश में अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत बताई है। राष्ट्रपति बुधवार को नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलेरीज साइंसेज (आईएलबीएस) के 9वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, पर्याप्त संख्या में अंगों की अनुपलब्धता के कारण बहुत से मरीज लीवर, किडनी या किसी अन्य प्रत्यारोपण से वंचित रह जाते हैं। दुर्भाग्य से अंगदान से जुड़ी अनैतिक कृत्य भी समय-समय पर उजागर होते रहते हैं। इन समस्याओं का समाधान करना एक जागरूक समाज की जिम्मेदारी है। हमारे देश में लोगों को अंगदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि आईएलबीएस ने विश्व स्तरीय दक्षता और अखंडता के बल पर केवल 13 वर्षों की अवधि में अपनी अलग पहचान बनाई है।

### आईएलबीएस में 1000 से अधिक लीवर का हुआ प्रत्यारोपण

उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि आईएलबीएस में 1000 से अधिक लीवर प्रत्यारोपण और लगभग 300 गुर्दे प्रत्यारोपण किए गए हैं।



उन्होंने कहा कि भारत अपेक्षाकृत कम खर्च पर विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके आईएलबीएस जैसे संस्थानों के बल पर एक अंतरराष्ट्रीय हेल्थकेयर हब के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन विज्ञान और आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के एकीकरण से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। उन्होंने आईएलबीएस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लर्निंग यूनिट की स्थापना को सामयिक पहल बताया। उन्होंने आईएलबीएस से इलाज के साथ-साथ शोध के क्षेत्र में भी काम जारी रखने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। कहा जा सकता है कि लिवर हमारे शरीर का सुरक्षा गार्ड है। हमारे देश में लिवर से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर हैं और इनसे होने वाली बीमारियों की भारी संख्या चिंता का कारण है। उम्मीद है कि आईएलबीएस लीवर रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने डॉक्टरों को अपना ख्याल रखने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज डिग्री प्राप्त करने वाले 65 छात्रों में से 37 बेटियां हैं।



## पीएम बोले -'लगता है मेरा कार्यालय अंतिम परीक्षा में पास हो गया'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने क्रिसमस डे पर 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत की थी, जिसका वीडियो पीएम ने बुधवार को शेयर किया। पीएम ने कहा, ''ऐसा लगता है, मेरा कार्यालय अंतिम परीक्षा में पास हो गया है।'' एक्स पर पोस्ट में प्रधान मंत्री ने कहा, जिज्ञासु युवा दिमागों ने 7, लोक कल्याण मार्ग की यात्रा करते हुए एक शानदार अनुभव प्राप्त किया। प्रधानमंत्री ने 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर अपने आवास पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया था, इसमें बच्चों को भी निमंत्रण दिया गया। वीडियो में मोदी अपने आवास पर बच्चों के साथ बातचीत करते भी नजर आ रहे हैं। बच्चों ने उनके आवास के साथ ही पीएम कार्यालय, उनके कैबिनेट कक्ष और कई अन्य कमरों को देखा। वीडियो में कुछ बच्चों को यह कहते हुए भी सुना जा सकता है कि वे प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं।

## एक नजर

### बेल पर जेल से रिहा शाह महमूद कुरैशी को किया गया गिरफ्तार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने बुधवार को कहा कि उसके उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को अदियाला जेल के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पार्टी ने कहा है कि कुरैशी को पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने साइफर मामले में जमानत प्रदान की थी। रिहा होते ही जेल के बाहर कुरैशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। डान अखबार के अनुसार पीटीआई ने कुरैशी को पुलिस वैन में बैठाए जाने का फुटेज अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है।

### सुरक्षाबलों ने गैस सिलेंडर में लगे आईईडी किया नष्ट

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने बुधवार को आतंकवादियों की बड़ी साजिश विफल कर दी। जवानों ने श्रीनगर के लावापोरा में श्रीनगर-बारामूला राजमार्ग पर एक गैस सिलेंडर में लगे इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाकर नष्ट कर दिया।

### तीन और इजरायली सैनिकों की मौत, मृतकों की संख्या 164 हुई

**तेल अवीव।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को उत्तरी गाजा में लड़ रहे तीन सैनिकों की मौत की घोषणा की। इसके साथ ही गाजा पट्टी में 27 अक्टूबर को शुरू हुए जमीनी ऑपरेशन के बाद इजरायली मृतकों की संख्या 164 हो गई है। मृत सैनिकों की पहचान लेफ्टिनेंट यारोन एलीएजर चिटिज (23), स्टाफ सार्जेंट इटाय बुटन (20) और स्टाफ सार्जेंट एफ्रैम याचमैन (21) के रूप में हुई है, जो नेव डैनियल से गिवती ब्रिगेड में शेक्ड बटालियन में एक सैनिक थे।

### व्हाट्सएप चैट मामले पर सुकेश चन्द्रशेखर ने दी सफाई

**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप संदेशों से जुड़ी अटकलों और आरोपों के बीच जेल-13, मंडोली में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने एक बयान जारी कर ऐसी किसी भी सामग्री के प्रसार में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। सह-अभियुक्त जैकलीन फर्नांडीज के आरोपों के बारे में चंद्रशेखर ने अपने वकील अनंत मलिक के माध्यम से जारी एक प्रेस बयान में स्पष्ट किया कि फर्नांडीज के लिए भावना या प्यार की सभी अभिव्यक्तियां लगातार कानूनी चैनलों का पालन करती हैं।

### पीएम ने रुबीना बी से कहा, आपके पास कार है, मेरे पास साइकिल भी नहीं

# दो करोड़ दीदीयों को लखपति बनाने का है सपना : प्रधानमंत्री

### 50 दिन से भी कम समय में भारत संकल्प यात्रा लाखों गांव तक पहुंच चुकी है

**एजेंसी। भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को देवास जिले के ग्राम जामगोद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े और स्वयं सहायता समूह की दीदियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने दीदियों से उनके काम, उनके जीवन में आए बदलाव और सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनकी प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान देवास की रुबीना ने बताया कि उन्होंने एक मारुति वैन कार भी खरीद ली है।



इस पर प्रधानमंत्री ने हंसते हुए कहा कि उनके पास तो साइकिल भी नहीं और स्वयं सहायता समूह की कार्यकर्ता ने अपने दम पर रोजगार के अवसर पैदा करते हुए कार ले ली। प्रधानमंत्री की बात सुनकर कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों दीदियां, अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी ठहाके लगाने लगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने सर्वाधिक आठ मिनट का समय देवास जिले की रुबीना से बात करते हुए बिताया। मात्र पांच हजार रुपये का कर्ज लेकर घर-घर कपड़े बेचने से अपने काम की शुरूआत करने वाली रुबीना ने अपनी पूरी यात्रा के बारे में प्रधानमंत्री को बताया। इस दौरान प्रधानमंत्री काफी प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी भोपाल स्थित मंत्रालय से वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

प्रधानमंत्री ने रुबीना बी से कहा कि मेरा दो करोड़ दीदीयों को लखपति बनाने का सपना है। इस पर रुबीना बी ने कहा कि मैं सभी दीदियों को लखपति बनते देखना चाहती हूं। उनका जवाब सुनकर प्रधानमंत्री ने मुस्कुराते हुए कहा कि आप नेताओं जैसे जवाब दे रही हैं। प्रधानमंत्री ने रुबीना बी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने खुद के जीवन को बदला और औरों के जीवन को भी बदल रही हैं। उन्होंने रुबीना से अपने बच्चों को पढ़ाने और आगे बढ़ाने के लिए भी कहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और देशवासियों को जोड़ने का यह अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। दूर-दूर के गांवों तक पहुंच रहा है। युवा हो, महिला हो या गांव के वरिष्ठ नागरिक हों, ये सब आज मोदी की गारंटी की गाड़ी का इंतजार करते हैं और इस गाड़ी के कार्यक्रम का इंतजाम भी करते हैं। इस महा-अभियान को सफल बनाने के लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

### देश में कोरोना जेएन-1 के मामले बढ़कर 109 तीन की हुई मौत



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए वेरियंट जे एन 1 के मामले में लगातार तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने जे एन.1 के 109 मामलों की पुष्टि की है। इनमें गुजरात से 36, कर्नाटक से 34, गोवा से 14, महाराष्ट्र से 9, केरल से 6, राजस्थान से 4, तमिलनाडु से 4 और तेलंगाना से 2 मामले शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में अब कोरोना के कुल एक्टिव मामले 4,093 हैं। इसके साथ पिछले 24 घंटों में कोरोना से तीन लोगों की मौत हुई है, जिनमें दो मौतें कर्नाटक और एक गुजरात से दर्ज की गई हैं।

# नागपुर की रैली से कांग्रेस फूंकेगी चुनावी बिगुल

### हैं तैयार हम थीम के साथ होगा आगाज, खरगे और सोनिया होंगे शामिल

**एजेंसी। नागपुर**

कांग्रेस अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र के नागपुर शहर में बृहस्पतिवार को एक विशाल रैली के जरिये अपने चुनाव अभियान की शुरूआत करेगी। कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर इस रैली हैं तैयार हम का आयोजन होगा। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को रैली स्थल पर संवाददताओं को संबोधित करते हुये कहा, देश के लोगों के लिये यह एक ऐतिहासिक क्षण है। पार्टी के नेताओं के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी इस रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली इस मायने में महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका आयोजन नागपुर में हो रहा है, जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ



(आरएसएस) का मुख्यालय और ऐतिहासिक स्थल दीक्षाभूमि स्थित है। दीक्षाभूमि में डॉ. बी आर आंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाया था। नागपुर से पार्टी विधायक नितिन राउत ने मंगलवार को बताया, हैं तैयार हम थीम के साथ यह रैली पूरे देश में एक अच्छा संदेश देगी। कांग्रेस अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए बिगुल बजाएगी। पार्टी नेताओं के अनुसार, नागपुर के दिघोरी में मेगा रैली के लिए जोरदार तैयारी चल रही है, जहां लाखों लोग और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है।

# ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी हिस्से में तूफान से तबाही

### अब तक नौ की मौत, हजारों घरों की बिजली गुल

**एजेंसी। सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया में क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान देश के पूर्वी हिस्से में आए शक्तिशाली तूफान से अब तक नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को कहा, हजारों घरों में अब भी बिजली गुल है। बिजली आपूर्ति बहाल करने में अधिक समय लग सकता है। द डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार 25 और 26 दिसंबर को विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड राज्यों में मौसम की कड़ी मार पड़ी। जमकर ओले गिरे और मूसलाधार बारिश हुई। सबसे अधिक प्रभावित कुछ इलाकों में तेज हवाओं के कारण घरों की छतें उड़ गईं और हजारों पेड़ गिर गए। क्वींसलैंड राज्य पुलिस आयुक्त कैटरीना कैरोल के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि मोरेटन बे में ग्रीन आइलैंड के पास एक नौका के पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। उसमें 11 लोग सवार थे। क्वींसलैंड में अलग-अलग घटनाओं में नौ साल की एक लड़की और एक महिला नाले में बह गईं।

### सिग्रिड काग गाजा के वरिष्ठ मानवीय समन्वयक नियुक्त

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने नीदरलैंड की उप प्रधानमंत्री सिग्रीड काग को गाजा के लिए वरिष्ठ मानवीय और पुनर्निर्माण समन्वयक नियुक्त किया है। हाल के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के अनुरूप, काग संकटग्रस्त क्षेत्र में सहायता खेप की सुविधा, समन्वय, निगरानी और सत्यापन की जिम्मेदारी संभालेंगी। वह उन देशों के माध्यम से मानवीय राहत शिपमेंट में तेजी लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र तंत्र भी स्थापित करेंगी जो संघर्ष में शामिल नहीं हैं।

## ममता के किले को भेदने के लिए बीजेपी ने कसी कमर, लेकिन चुनौतियां अपार!

**उदय चंद्र। नयी दिल्ली**

आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के मजबूत किले को भेदने के लिए सियासी बिसात बिछाने में जुट गयी है। 2024 के चुनाव में बीजेपी ने बंगाल में इस बार 35 सीट जीतने का टारगेट रखा है। बीजेपी जानती है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल पार्टी के लिए सबसे मुश्किल राज्यों में से एक है। शायद यही वजह है कि स्वयं अमित शाह ने मिशन-बंगाल की कमान थामी है।

इसी के तहत अमित शाह और जेपी नड्डा ने बंगाल का दौरा करके 2024 के लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति तैयार की है। केंद्रीय मंत्री



अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा 31 दिसंबर को राज्य के सभी सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मिशन बंगाल के तहत 35 सीटें जीतने की रुपरेखा तय करेंगे। उल्लेखनीय है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से 18 सीटों पर अपना परचम लहराया था। उससे पहले 2014 में बीजेपी को सिर्फ दो सीटों पर संतोष करना पड़ा था।

2021 विधानसभा चुनाव में बीजेपी में पहली बार बंगाल में सत्ता में आने की आस जगी थी, लेकिन पार्टी 77 सीटें जीतकर मुख्य विपक्षी दल के रुप में उभरी। हालांकि 2021 के मुकाबले राजनीतिक हालात काफी बदले हैं, जिससे ममता बनर्जी के हौसले बुलंद हैं। विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी छोड़ बीजेपी का दामन थामने वाले कई नेताओं की घर वापसी हो चुकी है। साथ ही ममता बननेर्जी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि, देश में 40 से अधिक लोकसभा सीटों वाले चार राज्य हैं और बंगाल इनमें इकलौता ऐसा राज्य है, जहां बीजेपी कभी शासन में नहीं रही।

राजनीतिक विश्लेषक उमेश चतुर्वेदी का मानना है कि बीजेपी के लिए बंगाल चुनाव इतिहास और विचारधाराके मायने से अहम है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1946 में बंगाली हिंदू होमलैंड अंदोलन चलाया था। बंगाल से आरएसएस-बीजेपी के भावनात्मक लगाव का कारण बंगाल का विभाजन भी है। ममता बनर्जी बंगाली अस्मिता से खुद को जोड़ती रही है। विपक्षी गठबंधन के साथ होने से वोटों का बिखराव की संभावना बहुत की कम दिख रही है।

**संवेदना** | सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से ली आतंकवाद विरोधी अभियानों की जानकारी

# पुंछ सेक्टर पहुंचे रक्षा मंत्री, जवानों का हौसला बढ़ाया

### सैनिकों का कर्तव्य सिर्फ युद्ध ही नहीं, बल्कि लोगों के हृदय को जीतना भी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार दोपहर आतंकवाद विरोधी अभियानों की स्थिति का जायजा लेने के लिए जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर पहुंचे और सीमा पर तैनात जवानों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में आतंकी हमले में बलिदान हुए चार जवानों एवं उनके परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने जवानों के जज्बे को सलाम करते हुए उनसे और ज्यादा सजग रहने का आह्वान किया। राजनाथ सिंह आज दोपहर सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ जम्मू



पहुंचे, जहां जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी के साथ क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान के बीच स्थिति का जायजा लेने के लिए राजौरी के लिए रवाना हो गए। सीमा पर तैनात जवानों से मिलकर उन्होंने हाल ही में आतंकी हमले में शहीद चार जवानों एवं उनके परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायल सैनिकों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। रक्षा मंत्री ने सैनिकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि यह देश आप सभी के प्रति कृतज्ञता का भाव रखता है। मातृभूमि की सेवा में आप लोगों का बलिदान अमूल्य है।

### पुंछ में मारे गए तीन नागरिकों के परिवारों से की मुलाकात

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को जम्मू पहुंचे, जहां उनका एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने का कार्यक्रम है। राजनाथ सिंह जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ पहुंचे। पुंछ जिले के बफलियाज इलाके के टोपा पीर गांव में कथित तौर पर सेना द्वारा मारे गए तीन नागरिकों के परिजनों ने रक्षा मंत्री से मुलाकात की। मृतकों के रिश्तेदारों ने तीन नागरिकों पर



अत्याचार और उसके बाद उनकी मौत में शामिल लोगों के लिए सजा की मांग की। परिवार वालों को न्याय का वादा किया गया है। अधिकारियों ने प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को 30 लाख रुपये, एक सरकारी नौकरी और सुरनकोट में 10 मरला जमीन देने का वादा किया है। सेना द्वारा तीन नागरिकों की कथित हत्या पर हंगामे के बाद, क्षेत्र के प्रभारी ब्रिगेडियर और कर्नल को पहले ही स्थानांतरित कर दिया गया है।

## फिल्म जगत

### ऑस्कर विजेता 'पैरासाइट' फेम एक्टर ली सुन-क्युन का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

**मुंबई।** वर्ष 2020 में बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्क्रीनप्ले, बेस्ट फॉरेन फिल्म और बेस्ट फिल्म कैटेगरी में चार ऑस्कर अवार्ड जीतने वाली फिल्म कोरियाई फिल्म 'पैरासाइट' में मुख्य किरदार



पार्क-डोंग इक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता ली सुन-क्युन का शव मिला है। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, ली सन-क्युन का शव दक्षिण कोरिया के सियोल में एक पार्किंग स्थल में मिला था। पिछले कुछ दिनों से ली सन-क्युन अवैध नशीली दवाओं के उपयोग के एक मामले में शामिल रहे थे, इसकी पुलिस जांच कर रही है। माना जा रहा है कि इसी केस के चलते उन्होंने अपनी जान दे दी है। अभिनेता ली सन-क्युन ने एक नाइट क्लब में गलती से ड्रग्स लेने की बात स्वीकार की। उन्होंने दावा किया कि वह इस मामले में दोषी नहीं है। बाद में 27 दिसंबर को उनका शव उनकी ही कार में मिलने से सनसनी फैल गई। उनकी पत्नी योनहाप के अनुसार क्यून ने मरने से पहले एक पत्र लिखा था और अपने पति की मौत की खबर सुनकर तुरंत पुलिस को इसका खुलासा किया। यह अभी तक साफ नहीं हुआ है कि ली सुन-क्यून ने पत्र में वास्तव में क्या लिखा है। इसके अलावा ये आत्महत्या है या कुछ और इस बारे में कोई बयान या स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ली सुन-क्युन का जन्म 1975 में हुआ था।